नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009
वर्ष : 13
अंक : 24
सोमवार, 17 से 23 जुलाई 2023
मूल्य : 5 रू प्रति
रू 250 वार्षिक

सुस्त पड़ी कालकाजी और गोविंदपुरी थाना पुलिस... 03
जीतेगा भारत, विपक्षी गठबंधन को इंडिया नाम मिला 08

# NCR समाचार

सात्विक-चिराग बने कोरिया ओपन चैंपियन 10
लंबे समय तक अभ्यास करने से बचें 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

कश्मीर की वादियों में छुट्टियां मनाने पहुंचीं सारा 12

# सामुदायिक रेडियो ने दूरदराज के क्षेत्रों में बनायी मीडिया की पहुंच : ठाकुर

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने सामुदायिक रेडियो को संसाधन एवं वित्तीय सहयोग के बिना राष्ट्रसेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए आज कहा कि इस माध्यम ने ऐसे दुर्गम एवं सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा एवं जागरूकता का प्रसार करने और समस्याओं का समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है जो मीडिया की मुख्यधारा से अछूते हैं। श्री ठाकुर ने आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर यहां भारतीय जनसंचार संस्थान में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर) के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 8वें और 9वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन भागीदारी से जन आंदोलन के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये स्टेशन आकाशवाणी के प्रयासों में सहायता प्रदान करते हैं और इन्होंने आपदाओं के दौरान अपने श्रोताओं को जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन मानव संसाधन की कमी, वित्तीय दबाव और बाहरी सहायता की कमी सहित कई चुनौतियों के बावजूद अपनी सेवा उपलब्ध कराते हैं और राष्ट्र सेवा की इस भावना के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां ये पुरस्कार इन स्टेशनों को प्रोत्साहित करते हैं, वहीं वे देश के सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा, जागरूकता पैदा करने और समस्या समाधान में सामुदायिक रेडियो के महत्व को भी समझते हैं। उन्होंने आशा जताई कि ये पुरस्कार दूसरों को भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।




## जल्द होगी 808 एफएम रेडियो स्टेशन की ई-नीलामी : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि सरकार रेडियो संचार की पहुंच को और बढ़ाने के मकसद से 284 शहरों में 808 एफएम रेडियो स्टेशन के लिए जल्द ही ई-नीलामी करेगी। ठाकुर ने यहां क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर) को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने रेडियो स्टेशन, विशेष रूप से सामुदायिक रेडियो के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रियाओं को भी आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में इस समय 26 राज्यों और पांच केंद्रशासित प्रदेशों के 113 शहरों में 388 एफएम रेडियो स्टेशन हैं। ठाकुर ने बताया कि सरकार अब रेडियो सेवाओं का और विस्तार करने के लिए जल्द ही 284 शहरों में 808 चैनल की ई-नीलामी करने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार कवरेज में सुधार करने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में रेडियो टॉवर स्थापित कर रही है। सरकार आकांक्षी और वाम उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'टियर- टू' और 'टियर- थ्री' शहरों में एफएम नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है।

उन्होंने सामुदायिक रेडियो के क्षेत्र में व्यवसाय करने में सुगमता के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया और कहा कि सरकार ने ऐसे सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना में लगने वाले समय को कम करने के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। जहां पहले लाइसेंस प्राप्त करने में अधिक समय लगता था और यह एक धीमी प्रक्रिया थी जिसमें लगभग चार वर्ष लगते थे तथा इसमें तेरह प्रक्रियाएं शामिल होती थीं, आज इसे घटाकर आठ प्रक्रियाओं तक सीमित कर दिया गया है और छह महीने के भीतर लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस समय में और कमी लाने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। आवेदन प्रक्रिया अब ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन है और सरल संचार पोर्टल से जुड़ी है। देश में रेडियो की पहुंच के विस्तार की चर्चा करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि आज देश का 80 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र और 90 प्रतिशत से अधिक आबादी रेडियो तरंगों की परिधि में आता है। सरकार इस पहुंच का और अधिक विस्तार करने के लिए काम कर रही है। ई-नीलामी के तीसरे बैच के तहत 284 शहरों में 808 चैनलों की नीलामी उस दिशा में एक बड़ा कदम है। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की बढ़ती संख्या उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ती है। केन्द्र सरकार, प्रधानमंत्री श्री मोदी के उस विजन को साकार करने के लिए काम कर रही है कि प्रत्येक जिले में एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन होना चाहिए और इसे हर ब्लॉक में हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के अनुभवों को एक साथ लाने के लिए एक मंच की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा कि सामुदायिक सेवाओं के क्षेत्र में विभिन्न प्रयोग और नवोन्मेषण इन रेडियो स्टेशनों द्वारा पूरे भारत में अलग-अलग किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि एक ऐसे नेटवर्क का निर्माण किया जा सकता है जहां ये स्टेशन अपने विचारों और अनुभवों को साझा कर सकते हैं ताकि इनमें से सर्वश्रेष्ठ को पूरे देश में दोहराया जा सके।

### पुरस्कार विजेताओं का विवरण इस प्रकार है:-

**विषयगत पुरस्कार:**
**प्रथम पुरस्कार:** रेडियो माइंड ट्री, अंबाला, हरियाणा; कार्यक्रम का नाम: होप जीने की राह
**दूसरा पुरस्कार:** रेडियो हीराखंड, संबलपुर, ओडिशा; कार्यक्रम का नाम: आधार ओ पोषण विज्ञान
**तृतीय पुरस्कार:** ग्रीन रेडियो, सबौर, बिहार; कार्यक्रम का नाम: पोषण श्रृंखला
सर्वाधिक नवोन्मेषी सामुदायिक सहभागिता पुरस्कार:
प्रथम पुरस्कार रेडियो एसडी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश; कार्यक्रम का नाम: हिजरा इन बिटवीन
द्वितीय पुरस्कार कबीर रेडियो, संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश; कार्यक्रम का नाम: सेल्फी ले ले रे
**तीसरा पुरस्कार:** रेडियो माइंड ट्री, अंबाला, हरियाणा कार्यक्रम का नाम: बुक बग्स
स्थानीय संस्कृति पुरस्कारों को बढ़ावा देना:
**प्रथम पुरस्कार:** वॉयस ऑफ एसओए, कटक, ओडिशा; कार्यक्रम का नाम: अस्मिता
**दूसरा पुरस्कार:** फ्रेंड्स एफएम, त्रिपुरा, अगरतला; कार्यक्रम का नाम: रिवाइव्ड ए डाइंग आर्ट: मास्क एंड पॉट
**तृतीय पुरस्कार:** पंतनगर जनवाणी, पंतनगर, उत्तराखंड; कार्यक्रम का नाम: दादी मां का बटुआ
टिकाऊ मॉडल पुरस्कार:
**प्रथम पुरस्कार:** रेडियो हीराखंड, संभलपुर, ओडिशा
**दूसरा पुरस्कार:** वायलागा वनोली, मदुरै, तमिलनाडु
**तृतीय पुरस्कार:** वागाड रेडियो '90 .8', बांसवाड़ा, राजस्थान

## व्यवधान पैदा करना या हंगामा मचाना लोकतंत्र नहीं है: धनखड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिरों में व्यवधान और हंगामे को राजनीतिक रणनीति के तौर पर हथियार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने यहां जामिया मिलिया इस्लामिया के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से खुद को सशक्त बनाने की अपील की।

धनखड़ ने कहा, "लोकतंत्र जनता की भलाई के लिए संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श और बहस को कहा जाता है। निश्चित रूप से व्यवधान और हंगामा लोकतंत्र नहीं हो सकता।" उन्होंने कहा, "मुझे आपको यह बताते हुए दुख और पीड़ा हो रही है कि लोकतंत्र के मंदिरों की छवि धूमिल करने के लिए व्यवधान और हंगामे को रणनीतिक साधन रूपी हथियार बनाया जा चुका है।"

उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मानव संसाधनों का सशक्तीकरण एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने छात्रों से कहा, "युवाओं को खुद को सशक्त बनाना चाहिए- राजनीतिक नशे से नहीं, बल्कि स्वस्थ वातावरण और समाज की भलाई, क्षमता निर्माण और व्यक्तित्व विकास के माध्यम से।"

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में उन्होंने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस नीति को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, "मुझे यकीन है कि वे इसका पालन करेंगे और इस महान नीति का लाभ उठाएंगे।

# सुस्त पड़ी कालकाजी और गोविंदपुरी थाना पुलिस, एक महिला को इन्साफ दिलाने में रही नाकाम

एनसीआर समाचार

दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुर डीडीए फ्लैट में रहने वाली एक महिला शामा कौर पिछले कई महीनों से दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि, वह उनके पीछे से किसी और लड़की को अपने घर में लाते हैं उनके साथ रहते हैं, इसलिए वह नहीं चाहते कि, महिला घर पर रहे। अपने पति के साथ साथ उन्होंने अपने ससुराल के सभी सदस्यों पर आरोप लगाया है कि, वे लोग उनके पति की दूसरी शादी कराना चाहते हैं, इसलिए उन्हें और उनके बच्चों को घर से बार-बार बाहर निकाल देते हैं। इस मामले में महिला ने पहले भी कई बार पुलिस में शिकायत लिखवाई है, लेकिन आज तक इस मामले में कोई भी सुनवाई नहीं हुई।

बीते शनिवार को महिला जैसे ही घर से बाहर दुकान से कुछ सामान लेन के लिए निकली, वैसे ही उनके पति ने घर पर ताला लगा दिया और बच्चों को नानी के घर जा कर छोड़ दिया। इसके बाद महिला ने फिर पुलिस कंप्लेन की, लेकिन दक्षिणी दिल्ली की गोविंदपुरी और कालकाजी थाने की पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और इस मामले में महिला की कोई भी मदद नहीं की।




पीड़ित महिला शमा कौर का आरोप है कि, पिछले 3 महीनों से उनके साथ ऐसी हरकतें की जा रही है, क्योंकि उन्होंने अपनी पति की चोरी पकड़ ली। उनके पति का नाम बंटी है जिन पर ये आरोप लगाया जा रहा है कि, उन पर कई हत्या के मामले दर्ज हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि, उनके पति पिछले 14 साल से उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर रहे थे, लेकिन जैसे ही महिला ने उनकी चोरी पकड़ी, उन्हें किसी गैर महिला के साथ पकड़ लिया, तब से उनके साथ उनके पति ने मारपीट करनी शुरू कर दी।

महिला का आरोप है कि, उन्होंने पुलिस में कई बार कंप्लेंट की है, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई भी सुनवाई नहीं हुई है ना ही उन्हें को इंसाफ मिला है।

महिला के पति महिला पर खुद्कुशी करने की धमकी देने का आरोप लगा रहे हैं और महिला का कहना है कि, सारे आरोप झूठे हैं। ये सारे आरोप इसलिए लगाए जा रहे हैं ताकि किसी भी तरह से उन्हें घर से बाहर किया जा सके।

महिला के पति ने कई बार उन्हें घर से बाहर निकाला है, लेकिन आज तक दिल्ली की गोविंदपुर और कालकाजी थाना पुलिस उन्हें उनके घर में प्रवेश नहीं दिला सकी, न ही आरोपी पति के खिलाफ कोई कार्रवाई कर पाई।

पीड़ित महिला शामा कौर ने बताया कि, मदद के लिए जब भी वह डायल 112 पर कॉल करती हैं, तो पुलिस आने से मना कर देती है। पुलिस बार-बार यही कहती है कि तो तुम्हारा रोज का ड्रामा है हम नहीं आएंगे।

# डीसीडब्ल्यू प्रमुख मालीवाल हिंसाग्रस्त मणिपुर पहुंचीं

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल रविवार को हिंसाग्रस्त मणिपुर पहुंचीं। इससे एक दिन पहले, मणिपुर सरकार ने उन्हें दौरे की अनुमति देने से कथित रूप से इनकार कर दिया था। मालीवाल ने रविवार सुबह कहा था कि वह पूर्व निर्धारित योजना के तहत पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेंगी।

मालीवाल ने ट्वीट किया, "अभी मणिपुर पहुंची हूं। मैंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से मुलाकात के लिए समय मांगा है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा अनुरोध जल्द से जल्द स्वीकार कर लेंगे।" मालीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया था कि मणिपुर सरकार ने उन्हें "यौन उत्पीड़न की शिकार हुई महिलाओं से मिलने के लिए राज्य की यात्रा करने की अनुमति देने से इनकार" कर दिया है।

मालीवाल ने रविवार को ट्वीट किया कि उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को पत्र लिखकर उनके साथ बैठक करने का अनुरोध किया है। मालीवाल ने ट्वीट किया, "मणिपुर सरकार ने कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति के कारण मुझे अपनी यात्रा स्थगित करने पर विचार करने का सुझाव दिया था। उनके सुझाव पर विचार-विमर्श करने के बाद मैंने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इंफाल जाने का फैसला किया। मणिपुर के मुख्यमंत्री से समय मांगा है। उनसे मुलाकात करूंगी और यौन उत्पीड़न का शिकार हुई महिलाओं के पास साथ चलने का अनुरोध करूंगी।"



उन्होंने रविवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र की प्रति भी साझा की, जिसमें उन्होंने बीरेन सिंह से उनकी यात्रा में मदद मुहैया कराने का आग्रह किया और यह आश्वासन दिया कि वह राज्य सरकार के लिए समस्याएं पैदा करने वाला कोई कार्य नहीं करेंगी।

मालीवाल ने पत्र में कहा, "मैं मणिपुर में मानवाधिकारों के उल्लंघन और यौन उत्पीड़न के मामलों के अत्यंत प्रासंगिक मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आपके (मुख्यमंत्री के) साथ एक अत्यावश्यक बैठक करना चाहती हूं्ं राज्य में जारी हिंसा से बचने के लिए कई मणिपुरी महिलाएं दिल्ली आई हैं। मैं आपसे उनके कल्याण से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करना चाहती हूं।" उन्होंने हिंसा प्रभावित उन राहत शिविरों का दौरा करने के लिए भी मुख्यमंत्री से सहयोग देने का आग्रह किया, जहां यौन उत्पीड़न की पीड़िताएं इस समय रह रही हैं। डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने कहा, "मैं आपसे मेरी यात्रा संबंधी व्यवस्था करने का अधिकारियों को निर्देश जारी करने का अनुरोध करती हूं।

इस देश की एक नागरिक और महिलाओं एवं लड़कियों की रक्षा करने वाली एक वैधानिक संस्था की प्रमुख के रूप में, मैं आपसे मणिपुर की बहनों को सहायता और समर्थन प्रदान करने में मदद मुहैया कराने की अपील करती हूं।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोन:
8888883968,
9811111715

# हेमा मालिनी ने सात हजार बच्चों के लिए की रसोई की शुरूआत

**बरसाना, (मथुरा), एजेंसी।** सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अक्षय पात्र प्रतिष्ठान की 67वीं रसोई का रविवार को यहां उद्घाटन किया जिसके माध्यम से क्षेत्र के 96 विद्यालयों में 7500 से ज्यादा बच्चों को दिन का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मथुरा से लोकसभा सांसद ने बरसाना के आजनोख में इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अक्षय पात्र भारत में 67 से ज्यादा रसोई का संचालन कर रहा है। उन्होंने अक्षय पात्र को महाभारत काल की द्रोपदी की कथा से जोड़ते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने जिस तरह द्रोपदी के अक्षय पात्र में सबके लिए भोजन उपलब्ध कराया था उसी अवधारणा पर श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीला भूमि में इस अक्षय पात्र से हजारों बच्चों को हर दिन भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छा भोजन और पौष्टिक भोजन बच्चों को उपलब्ध हो, अक्षय पात्र यह सुनिश्चित करता है और इसी सोच के साथ अक्षय पात्र मथुरा जिले 2100 स्कूलों में भोजन उपलब्ध करा रहा है।



## पुनर्विकसित प्रगति मैदान का लोकार्पण 26 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में व्यापार मेलों एवं अन्य बड़े आयोजनों के लोकप्रिय स्थल प्रगति मैदान के पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (आईईसीसी) का लोकार्पण 26 जुलाई को किया जाएगा जहां सितंबर में विश्व के 20 आर्थिक रूप से शक्तिशाली देशों के समूह जी-20 का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाना है।

राजधानी के बीचोंबीच लगभग 123 एकड़ के परिसर क्षेत्र में फैले प्रगति मैदान परिसर की देश के सबसे बड़े एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) गंतव्य के रूप में पहचान है। संभवतः प्रधानमंत्री श्री मोदी इस परिसर का उद्घाटन करेंगे। आयोजनों के लिए उपलब्ध कवर किए गए स्थान के संदर्भ में, पुनर्विकसित और आधुनिक आईईसीसी कॉम्प्लेक्स दुनिया के शीर्ष 10 प्रदर्शनी और कन्वेंशन कॉम्प्लेक्स में शामिल है, जो जर्मनी में हनोवर प्रदर्शनी केंद्र, शंघाई में राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर (एनईसीसी) जैसे विशाल परिसरों की टक्कर का है।

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**



# छत्तीसगढ़ : कांग्रेस सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से गिरा

एनसीआर समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन राज्य के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव लगभग 13 घंटे की बहस के बाद अस्वीकार कर दिया गया। विपक्ष ने सरकार पर युवाओं और संविदा कर्मचारियों को धोखा देने समेत 109 आरोप लगाए थे।

भाजपा ने बुधवार को सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे चर्चा शुरू हुई थी। बहस देर रात लगभग एक बजे तक चली। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 71 और भाजपा के 13 विधायक हैं।

सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर तीखी बहस हुई। विपक्षी सदस्यों ने राज्य सरकार पर घोटालों में शामिल होने और अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं कर युवाओं तथा किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कानून-व्यवस्था की 'बिगड़ती' स्थिति को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा।

बहस के जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, "जब हमारी सरकार बनी, तब हमने 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की बात की और इसे साकार करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं।"



उन्होंने कहा, "विपक्ष द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव में शामिल मुद्दों में कोई तथ्य नहीं है। प्रजातंत्र में विपक्ष का अधिकार होता है कि वह अविश्वास करे। सत्ता पक्ष के पास भी मौका होता है कि अपनी बात रखे। इन्होंने 109 आरोप लगाए, पर उनके समर्थन में कोई तथ्य नहीं दिए। अतीत में जब अविश्वास प्रस्ताव आता था, तब नक्सली समस्या पर पहले बात होती थी। इस बार सदस्यों ने इस पर चर्चा नहीं की। यह हमारी उपलब्धि है।"

बघेल ने कहा, "पहले बस्तर में सड़कें काट दी जाती थीं, आज ऐसा नहीं होता। पिछली सरकार ने जो स्कूल बंद करा दिए थे, उन्हें हमने शुरू किया। पहले उस क्षेत्र में राशन पहुंचाना भी टेढ़ी खीर थी, पर अब यह कितना आसान हो गया है। बस्तर में ऐसे कई बदलाव आए हैं।"

उन्होंने कहा, "जब हमारी सरकार बनी, तब हमने 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की बात की। उन महापुरुषों को, कलाकारों और राजनीतिक दलों के लोगों को नमन करता हूं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान दिया। परिवर्तन केवल सत्ता के लिए नहीं होना चाहिए। यह लोगों के जीवन में होना चाहिए। इसलिए परिवर्तन की मशाल लेकर हमारे नेता परिवर्तन यात्रा पर निकले थे। आज हमने किसानों की जिंदगी बदली है। बस्तर, सरगुजा में परिवर्तन हुआ है। महिलाओं के जीवन मे बदलाव आया है।"

मुख्यमंत्री ने राज्य में पांच वर्ष में आए बदलावों के बारे में कहा, "आज राज्य में 33 जिले हो गए हैं। प्रति व्यक्ति भी आय बढ़ गई है। धान खरीदी 56 लाख से 110 लाख मीट्रिक टन हो गई है। धान का रकबा भी बढ़ गया है। सरकार ने राजीव गांधी न्याय योजना, भूमिहीन ग्रामीण श्रमिक योजना, गोधन न्याय योजना शुरू की है। सरकार ने किसानों का 9,500 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया है।"

बघेल ने राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे को लेकर केंद्र की आलोचना की। उन्होंने कहा, "प्रवर्तन निदेशालय को भारी शक्तियां दी गई हैं, जो देश के हित में नहीं है। मैं जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) से जुड़े मामलों की जांच के लिए ईडी को अधिकार देने के कदम का कड़ा विरोध करता हूं।"

मुख्यमंत्री जब भाषण दे रहे थे, तब विपक्ष के सदस्यों ने उनसे छत्तीसगढ़ में अवैध रेत खनन पर जवाब मांगा और आरोप लगाया कि राज्य में किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ है।

मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू की दी और दावा किया कि सरकार विपक्ष के आरोपों का जवाब देने में नाकाम रही है। बाद में विपक्ष के सदस्य सदन से बाहर चले गए।

बघेल का भाषण समाप्त होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अविश्वास प्रस्ताव पर ध्वनि मत लिया। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव को अस्वीकार किए जाने की जानकारी दी।

इससे पहले, विधानसभा में विपक्ष के नेता नारायण चंदेल ने बहस में हिस्सा लेते हुए राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर निशाना साधा।

चंदेल ने आरोप लगाया, "छत्तीसगढ़ में अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। यहां राजनीति का अपराधीकरण हो गया है। सत्ता पक्ष के नेता किसानों, सरकारी अफसरों और यहां तक कि पुलिस अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं और उनके साथ बदसलूकी कर रहे हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गई है। सरकार ने अपना भरोसा खो दिया है। उन्होंने कहा, "नक्सलवाद के कारण बस्तर के लोग खौफ में हैं। अब नक्सली कहते हैं कि हमारी सरकार चल रही है। भाजपा कार्यकताओं की हत्या हो रही है। उन्हें धमकी दी जा रही है कि वे पार्टी छोड़ दें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य का हर तबका परेशान है और सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

शुक्रवार दोपहर बहस की शुरूआत करते हुए भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया गया है, क्योंकि यह सरकार 'बहरी' और 'गूंगी' हो गई है तथा लोकतंत्र की 'हत्या' कर रही है।

## रायगढ़ में भूस्खलन स्थल पर खोज अभियान तीसरे दिन जारी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के भूस्खलन प्रभावित इरशालवाड़ी गांव में खोज और बचाव अभियान शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस घटना में कम से 22 लोगों की मौत हुई है जबकि 86 लोग अभी भी लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर खालापुर तहसील में एक पहाड़ी पर स्थित आदिवासी गांव में बुधवार रात भूस्खलन हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में बृहस्पतिवार शाम तक मृतकों की संख्या 16 थी जो शुक्रवार को छह और शव मिलने के बाद बढ़कर 22 हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में नौ पुरुष, नौ महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा में एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य सरकारी एजेंसियों ने शनिवार सुबह तीसरे दिन खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू किया।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के कारण शुक्रवार शाम को करीब छह बजे खोज अभियान स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा,ह्व आज सुबह एनडीआरएफ के चार दल और अन्य एजेंसियों ने खोज अभियान फिर से शुरू किया। गांव के 48 में से कम से कम 17 मकान पूरी तरह से या आंशिक रूप से मलबे में दब गए।

रायगढ़ जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार, गांव के 229 निवासियों में से 22 की मृत्यु हो गई है, दस घायल हुए हैं, 111 को सुरक्षित हैं और 86 व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि, उनमें से कुछ लोग एक शादी में शामिल होने के लिए गांव से बाहर गए थे, जबकि कुछ घटना के समय धान की रोपाई के काम से बाहर थे।

## पाकिस्तान रक्षामंत्री का दावा, साइफर मामले में इमरान खान पर लग सकता है देशद्रोह का आरोप

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को कहा कि 'साइफर गेट' के कारण पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर देशद्रोह का आरोप लगाया जा सकता है और बाद में उन्हें सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य ठहराया जा सकता है.

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि साइफर गेट से पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान पर देशद्रोह का मुकदमा चल सकता है और उन्हें अयोग्य ठहराया जा सकता है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राजनयिक साइफर का इस्तेमाल किया और निहित स्वार्थ के लिए वगीर्कृत दस्तावेज का उपयोग करने के लिए उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जा सकता है.

आसिफ ने उच्च राजद्रोह से संबंधित कानून का जिक्र करते हुए कहा, पीटीआई प्रमुख पर अनुच्छेद 6 लगाया जा सकता है, जिसके तहत किसी आरोपी को मौत और आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के पूर्व प्रमुख सचिव आजम खान के इकबालिया बयान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के सहयोगी ने उनके



विरोधियों के आरोपों को सही ठहराया है.

विशेष रूप से, इमरान के शीर्ष सहयोगी ने इकबालिया बयान में खुलासा किया था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पिछले साल वॉशिंगटन में पाकिस्तान के दूत द्वारा भेजे गए राजनयिक साइफर का इस्तेमाल सत्ता प्रतिष्ठान और विपक्ष के खिलाफ कहानी गढ़ने के लिए किया था. जियो न्यूज ने इस बारे में जानकारी दी.

इससे पहले गुरुवार को कानून मंत्री आजम खान ने कहा था कि पीटीआई प्रमुख को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राजनयिक साइफर का उपयोग करने के लिए 14 साल तक की सजा हो सकती है.

जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि आजम, जो पिछले महीने से लापता है, ने मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी 164 के तहत अपना बयान दर्ज कराया है.

यह मामला इमरान खान द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है, जिन्हें पिछले साल अप्रैल में संसदीय वोट के जरिए अपदस्थ कर दिया गया था. 27 मार्च, 2022 को, खान ने आरोप लगाया कि वाशिंगटन ने उन्हें पद से हटाने की योजना बनाई और अपने दावों का समर्थन करने के लिए एक सार्वजनिक रैली में साइफर लहराया. जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने बार-बार ऐसे आरोपों का खंडन किया है और उन्हें स्पष्ट रूप से गलत बताया है.

अपने कबूलनामे में, आजम ने दावा किया कि जब उन्होंने इमरान के साथ साइफर साझा किया, तो पूर्व प्रधानमंत्री काफी उत्साहित थे और उन्होंने इसे अमेरिकी भूल करार दिया.

आसिफ ने उस इकबालिया बयान का जिक्र करते हुए कहा, इससे बड़ा कोई विश्वासघात नहीं हो सकता है, जिसमें कथित तौर पर सत्तारूढ़ गठबंधन के दावों की पुष्टि की गई थी कि पीटीआई प्रमुख ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए वगीर्कृत दस्तावेज का उपयोग करके देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला.

भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर यातायात निलंबित

## अमरनाथ यात्रियों का जत्था रामबन में रोका गया

**बनिहाल/जम्मू, एजेंसी।** जम्मू स्थित आधार शिविर से 3,000 से अधिक अमरनाथ यात्रियों का एक जत्था शनिवार सुबह कश्मीर के लिए रवाना हुआ, लेकिन भारी बारिश और भूस्खलन के कारण अधिकारियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करते हुए उसे रामबन में रोक दिया।

अधिकारियों ने बताया कि 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेहर और दलवास इलाकों में बारिश के कारण भूस्खलन होने की सूचना मिली है। यह कश्मीर को हर मौसम में देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है।

अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार तड़के 3,472 तीर्थयात्रियों का 20वां जत्था 132 वाहनों के जरिये जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना हुआ, लेकिन राजमार्ग बंद होने के कारण उसे चंद्रकोट में रोक दिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, इनमें से 2,515 तीर्थयात्रियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम मार्ग से अमरनाथ गुफा की यात्रा करने के लिए पंजीकरण कराया है, जबकि 957 तीर्थयात्री गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से अमरनाथ गुफा पहुंचेंगे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए एक जुलाई को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से तीन लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बफानी के दर्शन कर चुके हैं।

यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात जल्द बहाल करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में सड़क से मलबा हटाने का अभियान जारी है।

वहीं, मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की सूचना मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, कठुआ जिले जैसे कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश के पूर्वानुमान के साथ पूरे दिन पानी बरसने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद रविवार को छिटपुट स्थानों पर रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होगी।

## अमेरिकी अलास्का एयरलाइंस के विमान में खराबी आने के कारण दो बार उतरा

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी लॉस एंजिल्स से सिएटल जाने वाली अलास्का एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक उड़ान को गुरुवार दोपहर तकनीकी खराबी आने के कारण उडान को उत्तरी कैलिफोर्निया में डायवर्ट किया और सैक्रामेंटो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को उतारा गया। एयरलाइन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एंकरेज डेली न्यूज ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि उड़ान एएस1219 ने सैक्रामेंटो से सिएटल के लिए उड़ान भरी, लेकिन फिर से तकनीकी खराबी होने के बाद विमान को एक बार फिर से सैक्रामेंटो उतरा गया। अधिकारियों ने बताया कि बोइंग 737-990 विमान को लॉस एंजिल्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सिएटल-टैकोमा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक जाना था। यह विमान 2003 से अलास्का एयरलाइंस की सेवा में है।

अलास्का एयरलाइंस ने एक बयान में कहा, चालक दल को तकनीकी खराबी का संकेतक मिलते ही और एसएमएफ (सैक्रामेंटो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे) की ओर डाइवर्ट (मोड़ने) के लिए मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। विमान के उतरने के बाद उसमें आयी खराबी को ठीक किया गया।

## जी20 समिट में आए विदेशी मेहमानों ने देखा समृद्ध शहर इंदौर, जाना इतिहास

एनसीआर समाचार

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित तीन दिवसीय श्रम एवं रोजगार से जुड़ी जी-20 समिट के सफल आयोजन के बाद विदेशी मेहमानों को शनिवार को इस ऐतिहासिक शहर का भ्रमण कराया गया।

हेरिटेज वॉक के माध्यम से जी-20 डेलिगेट्स ने राजबाड़ा, कृष्णपुरा छतरी को काफी देर तक निहारा और इसके इतिहास को जाना। इस दौरान उन्होंने कलाकारों के साथ फोटो शूट कराए और सेल्फी भी ली। हेरिटेज वॉक के चलते पुलिस ने सुबह राजबाड़ा क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया था। इंदौर में 19 जुलाई से शुरू हुई जी-20 समिट का शुक्रवार देर शाम समापन हुआ। इसके बाद अतिथियों को रात में शहर के प्रसिद्ध फूड मार्केट 56 दुकान में डिनर कराया गया, जहां मेहमानों ने पावभाजी, पनीर टिक्का, बर्गर, गुलाब जामुन, रसमलाई खाई और इन डिशेज की



जमकर तारीफ की। इसके साथ ही यहां की कुल्फी और शिकंजी का भी आनंद लिया। उन्होंने यहां एक फाइव स्टार होटल का अफगानिस्तान चिकन टिक्का, मटन गलोटी कबाब, अजवाइन फिश टिक्का, ऑलिव स्टफ्ड बेबी नॉन, उल्टा तवा पराठा, बेबी लच्छा पराठा, दाल मखानी का भी लुत्फ लिया।

शनिवार सुबह जी-20 डेलिगेड्ट बोलिया सरकार छत्री से राजवाड़ा तक हेरिटेज वॉक में शामिल हुए। सुबह सात बजे से शुरू हुई इस हेरिटेज वॉक में विदेशी मेहमानों ने शहर के समृद्ध इतिहास की जानकारी हासिल की। इसमें सबसे पहले बोलिया सरकार की छत्री पर ले जाया गया। इसके बाद विदेशी मेहमानों ने राजवाड़ा भी देखा। इस दौरान शहर के इतिहासकार जफर अंसारी, प्रकाश इंदुरकर और शवार्नी ने उन्हें इंदौर के इतिहास और देवी अहिल्याबाई होलकर के बारे में जानकारी दी। इतिहासकारों ने उन्हें बताया किस तरह इंदौर में व्यापार की शुरूआत हुई और यहां पर श्रमिकों के हित के लिए होलकर शासकों ने कार्य किए। विदेशी मेहमानों के लिए राजवाड़ा में नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। राजवाड़ा परिसर में इतिहासकार जफर अंसारी ने अपने संदर्भ में रखे होलकरकालीन बैच, सिक्के और अन्य ऐतिहासिक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया था। इसके अलावा होलकर वंशजों की जानकारी संबंधित दस्तावेज भी प्रदर्शित किए थे। इस आयोजन में विदेश से आए करीब 25 डेलिगेट्स शामिल हुए। राजवाड़ा के गेट पर इनका सामूहिक फोटो भी लिया गया। राजवाड़ा पर विदेशी मेहमानों के लिए विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। मेहमानों के सामने बालिकाओं ने कथक नृत्य में मधुराष्टकम् की प्रस्तुति दी। संगीतकार स्मिता बाजपेई ने सितार, चिन्मय विंचूरकर ने सरोद और मृणाल नागर ने तबले पर शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी।

### अर्जेंटीना के मंत्री को पसंद आया इंदौर का पोहा-जलेबी

अर्जेंटीना की मंत्री रेक्यूल सेसीलीया किसमेर डी अलमास को सुबह नाश्ते में इंदौर का पोहा और जलेबी काफी पसंद आई। नाश्ते में मेहमानों को पोहा-जलेबी के अलावा समोसा, कचोरी, डोनट्स, स्ट्रॉबेरी तरबूज का जूस, दही, ड्राई फ्रूट्स, कुकीज परोसे गए। इतिहासकार प्रकाश इंदुरकर ने मेहमानों को बताया कि किस तरह होलकरकाल में महाराज के आगमन पर दरबान उनकी अगवानी कर सभा को सूचित करते थे। जी-20 के आयोजन को सफल बनाने पर श्रम व रोजगार मंत्रालय के सचिव और अर्जेंटीना की मंत्री ने जिला प्रशासन वह नगर निगम के अधिकारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात जी-20 में आए मेहमानों की इंदौर शहर से विदाई शुरू हुई।

## एक नजर

### कोविंद दो दिवसीय दौरे पर महाराष्ट्र पहुंचे

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद शनिवार सुबह दो दिवसीय दौरे के लिए महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के चिकलथाना हवाई अड्डे पर पहुंचे। संभागीय आयुक्त मधुकरराजे अरदाद और कलेक्टर आस्तिक कुमार पांडे ने श्री कोविंद का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ हवाई अड्डा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पूर्व राष्ट्रपति कोविड आज शाम बीएएमयू के सभागार में कुलपति डॉ. प्रमोद येओले की अध्यक्षता में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय (बीएएमयू) के प्रवेश द्वार का उद्घाटन करेंगे और पद्म पुरस्कार से सम्मानित लोगों को सम्मानित भी करेंगे।

पद्म भूषण डॉ. अशोक कुकड़े एवं पद्मश्री डॉ. यूएम पठान, डॉ. प्रभाकर मांडे, दादासाहेब इदाते, रमेश पतंगे, गिरीश प्रमुने, शब्बीर सैयद, एन.डी. महानोर और कृषक श्रीरंग देउबा लाड को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, दिवंगत पद्मश्री फातिमा जकारिया और पद्मश्री डॉ. गंगाधर पेंटावने को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा और उनके परिवार इस सम्मान को स्वीकार करेंगे।

### महाराष्ट्र में गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल से गिरा व्यक्ति, ट्रक ने कुचला

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक 23 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार गड्ढे के कारण गिर पड़ा जिसे पीछे से आ रहे एक ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा हाजीमलंग रोड पर बृहस्पतिवार को देर रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ जिसमें ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उल्हासनगर प्रभाग के हिल लाइन पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, मृतक सूरज गावेरी गड्ढे से बचने की कोशिश कर रहा था जिसमें संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर गिर गया। इस दौरान पीछे से तेजी से आ रहा निर्माण सामग्री का मिश्रण करने वाला ट्रक उसके ऊपर से गुजर गया। उन्होंने कहा कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### अमरनाथ यात्रा: जम्मू आधार शिवर से 3,472 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से 'बम बम भोले' का जयकारा करते हुए 3,472 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 3,472 तीर्थयात्री 132 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि 2515 तीर्थयात्रियों के समूह में 2042 पुरुष, 395 महिलाएं, 12 बच्चे, 63 साधु और तीन साध्वियां शामिल है जो 93 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुए। इसी तरह बालटाल के लिए 957 श्रद्धालु रवाना हुए जिनमें 689 पुरुष और 268 महिलाएं शामिल है। सभी श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 39 वाहनों के काफिले में रवाना हुए।

गौरतलब है बाबा बर्फानी के पवित्र गुफा के दर्शन के लिए वार्षिक यात्रा एक जुलाई को शुरू हुई और यह 31 अगस्त को समाप्त होगी।

### मणिपुर सरकार की मीडिया से अमानवीय वीडियो को हटाने की अपील

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर सरकार के गृह आयुक्त टी रणजीत सिंह ने मीडिया से अपील की है कि दो महिलाओं को अपमानजनक हालत में घुमाने वाला वीडियो अपने प्लेटफार्म से हटा ले। इसे कहीं भी साझा नहीं करे। उन्होंने ऐसी ही अपील आम लोगों से भी की है। गृह आयुक्त टी रणजीत सिंह ने बयान में कहा है कि सरकार उपद्रवियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दो महिलाओं को अजीब स्थिति में परेड कराने, महिलाओं का यौन उत्पीड़न और हिंसा करते हुए वीडियो पोस्ट करने की निंदा करती है। इस वीडियो के वायरल होने से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की आशंका है। सरकार इसे असंवैधानिक और मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामले मानती है। गृह आयुक्त ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

### जापान के इबाराकी में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**टोक्यो।** जापान के टोक्यो के उत्तर-पूर्व इबाराकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गयी। मौसम एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 10:52 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र इबाराकी के पास 36.5 डिग्री उत्तर अक्षांश और 140.8 डिग्री पूर्व देशांतर पर सतह से 50 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

### नासा का मार्स हेलीकॉप्टर मंगल ग्रह पर नई उड़ान भरेगा

**लॉस एंजिल्स।** नासा के मार्स हेलीकॉप्टर की शनिवार को मंगल ग्रह (रेड प्लानेट) पर एक नई उड़ान भरने की उम्मीद है। एजेंसी ने यह जानकारी दी है। नासा एजेंसी के अनुसार हेलीकॉप्टर को अपनी नई उड़ान में 10 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने और 203 मीटर की यात्रा करने के लिए लगभग 137 सेकंड लेने की उम्मीद है। जो मंगल ग्रह पर यह 53वीं उड़ान है। इनजेन्युटी मार्स हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सविरंस रोवर से जुड़ा हुआ था। यह हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए टेक्नोलॉजी प्रदर्शन पर जा रहा है। नासा के अनुसार हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और सतह से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी 90 सेकंड में उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया था।

### अहमदनगर जिले में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** अहमदनगर जिले के खरे करजुले गांव में पुलिस ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया है, जिसमें 12 बम, 25 किलो गोला-बारूद और 25 पिस्तौल की गोलियां शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने दिनकर शेलके को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम को खरे करजुले गांव के एक व्यक्ति के घर में भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार रखे जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर शुक्रवार की रात में पुलिस ने छापा मारा और संबंधित घर से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने तत्काल आरोपित दिनकर शेलके को गिरफ्तार किया और उस पर विस्फोटक सामग्री और हथियार रखने का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि अहमदनगर में खेरे करजुले गांव के पास ही भारतीय सेना का एक टैंक प्रशिक्षण केंद्र है। यहां टैंक प्रशिक्षण के दौरान टैंक से दागे गए बिना फटे बमों को जवान फिर से एकत्र कर लेते हैं।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में दिल्ली कांग्रेस का जंतर मंतर पर मौन सत्याग्रह

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा के विरोध में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) द्वारा आज रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर मौन सत्याग्रह का आयोजन किया जा रहा है। मोदी सरकार पर तानाशाही रवैया और लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए दिल्ली कांग्रेस पार्टी के प्रभारी दीपक बाबरिया और अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के नेताओं का जंतर-मंतर पर मौन सत्याग्रह जारी है।

इस मौके पर अनिल चौधरी ने बताया कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा की देश विरोधी कूटनीति और पूंजीपतियों को पोषित करने की नीति, तानाशाही शासन की प्रवृति, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर संपूर्ण नियंत्रण के कारण देश बर्बाद हो चुका है। कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर दिल्ली के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की केन्द्र सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह में काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे हैं। यह विरोध दर्शाता है कि देश अब तानाशाह के खिलाफ लामबंद हो चुका है।

अनिल चौधरी ने कहा कि हालांकि मणिपुर पिछले ढाई महीने से जल रहा है और अशांति में है, लेकिन मोदी सरकार उत्तर पूर्वी राज्य की गंभीर स्थिति के प्रति तभी जागी जब राहुल गांधी ने मणिपुर का दौरा किया, शांति की सलाह देने के लिए मैतेई और कुकी विस्थापित लोगों से मुलाकात की, और राज्य के राज्यपाल से भी मुलाकात की और उनसे राज्य में शांति और व्यवस्था लाने का अनुरोध किया क्योंकि आम लोगों का जीवन बर्बाद हो गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री और प्रधान मंत्री मोदी दोनों अशांत राज्य में शांति लाने के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं, इस वजह से मणिपुर जैसे संवेदनशील राज्य में जो कुछ हो रहा है उसके खिलाफ जानता विरोध और आक्रोश।

दीपक बाबरिया ने कहा कि दंगों में दो महिलाओं को नग्न कर-के दरिंदगी हुई उससे पूरे देश में रोष है। पिछले ढाई महीनों से अधिक समय से मणिपुर जल रहा है और भाजपा की मणिपुर सरकार हिंसा और दंगों पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी जब गरीबों की आवाज और इन पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाते है तो उसको दबाने का प्रयास किया जाना अनैतिक है।

इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव तारिक अनवर, पूर्व अध्यक्ष अजय माकन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, उत्तराखंड प्रभारी देवेंद्र यादव, मेघालय-अरुणाचल प्रदेश के प्रभारी मनीष चतरथ, पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, पूर्व मंत्री डॉ. किरण वालीया, पूर्व सांसद रमेश कुमार, मीडिया कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित पूर्व विधायकों, निगम पार्षदों, पूर्व निगम पार्षदों, जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, जिला को ऑर्डिनेटर व अग्रिम संगठनों, सेल एवं विभागों ने हजारों की संख्या में हिस्सा लिया।

# यमुना फिर खतरे के निशान के पार, बाढ़ की आशंका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी का जलस्तर रविवार को एक बार फिर खतरे के निशान के पार चला गया।

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया है।

अधिकारियों ने कहा कि नदी के जलस्तर में वृद्धि से राष्ट्रीय राजधानी के बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में राहत एवं पुनर्वास के काम पर असर पड़ सकता है।

राजस्व मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा था कि हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ के खतरे के मद्देनजर दिल्ली सरकार हाई अलर्ट पर है। उन्होंने आशंका जताई थी कि अगर जलस्तर 206.7 मीटर तक पहुंचता है, तो यमुना खादर के कुछ हिस्से जलमग्न हो सकते हैं।

यमुना का जलस्तर पिछले कुछ दिनों से 205.33 मीटर के खतरे के निशान के आसपास है। 13 जुलाई को यह रिकॉर्ड 208.66 मीटर पर पहुंच गया था।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों के अनुसार, यमुना का जलस्तर शनिवार रात 10 बजे 205.02 मीटर से बढ़कर रविवार सुबह नौ बजे 205.96 मीटर पर पहुंच गया और इसके शाम चार बजे तक 206.7 मीटर तक पहुंचने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 25 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक, यमुनानगर स्थित हथिनीकुंड बैराज में जल प्रवाह की दर शनिवार सुबह नौ बजे एक लाख के आंकड़े के पार चली गई और सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच दो लाख से 2.5 लाख क्यूसेक के बीच रही। इसके बाद से जल प्रवाह की दर 1.5 लाख क्यूसेक से दो लाख क्यूसेक के बीच है।'साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपुल' के सहायक समन्वयक भीम सिंह रावत ने कहा, "इस मात्रा में पानी होने से राष्ट्रीय राजधानी में मध्यम दर्जे की बाढ़ का जोखिम पैदा होता है, जो जुलाई के दूसरे सप्ताह में आई बाढ़ से अब भी उबर रही है।

# किसानों के धरने में जयंत चौधरी आएंगे

एनसीआर समाचार



**ग्रेटर नोएडा।** अखिल भारतीय किसान सभा का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना 67वें दिन जारी रहा। धरने में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को संसद में उठाएगी। वहीं, राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी भी धरने में आएंगे। किसानों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

रविवार को धरने की अध्यक्षता ब्रह्म सिंह नेताजी और संचालन अजयपाल भाटी ने किया। धरने को सपा नेता फकीरचंद नागर, कांग्रेस नेता अजय चौधरी, रालोद के जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी, जय जवान जय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील फौजी ने संबोधित किया। कांग्रेस नेता अजय चौधरी ने कहा कि किसानों की आवाज उनकी पार्टी संसद में उठाएगी। किसान सभा के प्रवक्ता डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि पुलिस पल्ला गांव के किसानों को धरने में आने से रोकने की कोशिश की। पुलिस को संविधान का सम्मान करना चाहिए। पूर्व में भी जिस अधिकारी ने धरनारत किसानों की गिरफ्तारी और लाठीचार्ज किया था, उसे यहां से जाना पड़ा। किसान सभा के जिला सचिव मनोज प्रधान ने कहा कि क्षेत्र के किसान एक हैं। मुद्दों को लेकर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। राम सिंह नागर ने कहा कि एकता की मुहिम चलाई जा रही है। सुनील फौजी को संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए संयोजक बनाया गया है। बुधवार में सभी संगठनों की बैठक होगी। इसमें आंदोलन को बड़ा रूप देने की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर निरंकार प्रधान, हरेंद्र खारी, मनवीर भाटी, भीम सिंह नागर, जोगिंदरी, तिलक देवी, अमित नागर, आकाश नागर, ज्ञानचंद बसोया, पवन, सतपाल खारी, मनोज भाटी आदि मौजूद रहे।

# आवारा पशुओं के आतंक की जिम्मेदार नगर निगम : श्याम सुन्दर अग्रवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में आवारा पशु ने स्कूटी से जा रही महिला और उनके बेटे पर हमला कर उन्हें बुरी तरीके से घायल कर दिया। आस-पास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो गाय ने उन्हें भी घायल कर दिया। पूर्वी दिल्ली नगर निगम के पूर्व मेयर श्याम सुंदर अग्रवाल ने पीड़ित परिवार से उनके निवास गोपाल पार्क पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने इस घटना के लिए दिल्ली नगर निगम को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने बताया कि कृष्णा नगर के गोपाल पार्क में रहने वाली सोनिया कपूर अपने बेटे मोहित के साथ शुक्रवार शाम किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान गीता कॉलोनी रामलीला ग्राउंड के पास एक आवारा पशु ने मां बेटे पर हमला कर दिया,पशु ने टक्कर मार कर पहले मां बेटे को गिरा दिया, उसके बाद उन्हें कुचलने की कोशिश की, इस हमले से मां बेटा बुरी तरीके से जख्मी हो गए,आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो गाय ने उन पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया. किसी तरीके से लोगों ने अपनी जान बचाई और गाय को मौके से भगाया।

श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जो दिल्ली नगर निगम की नाकामी की पोल खोलने के लिए काफी है। श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि यह पहली ऐसी घटना नहीं है। आए दिन आवारा पशुओं का लोग शिकार हो रहे हैं, जिस पर रोक लगाने में निगम नाकामयाब साबित हो रही है, श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि आवारा पशुओं के आतंक के साथ ही आवारा कुत्तों का भी आतंक बढ़ता जा रहा है, कुत्ते काटने से लोग काफी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं लोगों को हॉस्पिटल में रेबीज के इंजेक्शन लगवाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मेयर ने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए दो नई गाड़िया खरीदी गई थी, जो अभी भी निगम में है, लेकिन इच्छाशक्ति की कमी के वजह से उसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आवारा पशुओं का आतंक बढ़ रहा है।

# पांच गांवों के घरों में भरा हिंडन का पानी

नोएडा। यमुना के बाद अब हिंडन नदी में जबरदस्त उफान आया है। जलस्तर खतरे के लाल निशान के काफी करीब है। रविवार को हिंडन के किनारे बसे बहलोलपुर, छिजारसी, चोटपुर, युसूफपुर व हैबतपुर के डूब क्षेत्र में बसी कॉलोनी और घरों तक में पानी भर गया। इससे करीब 120 लोग प्रभावित हुए, जिसमें से 41 को प्रशासन ने राहत शिविरों में विस्थापित किया है। हिंडन का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे किनारे पर बसे 14 गांवों में बाढ़ का खतरा है।

जिला प्रशासन के मुताबिक हिंडन नदी बहलोलपुर, छिजारसी, गढ़ी कलंजरी, चोटपुर, सलेमपुर, कुलेसरा, हैबतपुर समेत कई गांवों से होते हुए सफीपुर, चूहड़पुर से निकलकर मोमनाथल गांव में जाकर यमुना में मिल रही है। अधिकारियों के अनुसार हिंडन नदी के किनारे 14 गांव बसे हैं। पानी का स्तर बढ़ने से यहां के डूब क्षेत्र में बनी कॉलोनी में रह रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ सकता है।

रविवार को हिंडन में 18635 क्यूसेक पानी बह रहा था। डाउनस्ट्रीम जलस्तर 200.65 मीटर होने के कारण नदी ने मिट्टी का कटान शुरू कर दिया और पानी मैड के ऊपर से बहकर कॉलोनियों और घरों में भर गया। हिंडन में खतरे का लाल निशान 205.80 मीटर पर है। बहलोलपुर और छिजारसी में अबतक सबसे अधिक पानी भरा होने का अनुमान है। यहां डूब क्षेत्र में बने घरों में रहने वाले 41 पीड़ितों को शिविरों में विस्थापित कराया गया है। उधर, चोटपुर और हैबतपुर गांव से भी लोगों ने घर छोड़कर जाना शुरू कर दिया है। रविवार को काफी लोग ट्रैक्टर समेत अन्य वाहनों में सामान लादकर सुरक्षित स्थान पर जाते दिखाई दिए।

प्रभावित क्षेत्रों में पांच बाढ़ चौकियां स्थापित

हिंडन के प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों की मदद के लिए प्रशासन ने पांच बाढ़ चौकियां स्थापित की गई है। साथ ही चार गांवों में एक एक राहत शिविर बनाया गया है। चोटपुर में नंदा पब्लिक स्कूल, बहलोलपुर में साक्षी पब्लिक स्कूल, युसूफपुर में देव विद्या पीठ स्कूल और हैबतपुर में कन्हैया पब्लिक स्कूल में शिविर बना है। फंसे हुए लोगों को इन्हीं शिविरों में लाया जा रहा है। यहां उनकी देखरेख के लिए मेडिकल टीमें मौजूद है, साथ ही खानपान की व्यवस्था भी प्रशासन की ओर से की जा रही है।

# यमुना का बहाव क्षेत्र छोटा कर हुआ निर्माण

## कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान भी कमेटी ने अतिक्रमण को लेकर जताई थी आपत्ति

एनसीआर समाचार



नई दिल्ली। यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। एक महीने के अंदर दूसरी बार है कि जब बाढ़ जैसी स्थिति खड़ी हो गई है, लेकिन इस बाढ़ के पीछे वर्षों का अतिक्रमण जिम्मेदार है। बीते करीब 40-50 वर्षों के दौरान यमुना के बहाव क्षेत्र को छोटा करके निर्माण किया गया है। सरकार की तरफ से पर्यावरण के लिए काम करने वाली समितियों ने आपत्ति भी लगाई, लेकिन सब को नजरअंदाज कर दिया गया। ऐसे में साल दर साल यमुना के बहाव क्षेत्र को छोटा करने का सिलसिला चलता रहा। यही कारण है कि कॉमनवेल्थ गेम्स के समय यमुना के बहाव क्षेत्र को छोटा करके पुल बनाए गए। उससे पहले दिल्ली और नोएडा को जोड़ने के लिए बने डीएनडी पर भी यमुना का बहाव छोटा कर दिया गया।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के निर्माण के समय अक्षरधाम पर दो नए पुल बनाए जाने की योजना बनी। बताया जा रहा है कि उस वक्त विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को लेकर विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि यमुना के ऊपर पुलों की लंबाई बढ़ाई जाए, जिससे यमुना का बहाव क्षेत्र प्रभावित न हो, लेकिन उस वक्त इंजीनियरों ने कहा कि पहले से बने पुलों के बराबर ही नए पुलों की निर्माण किया जा रहा है। अब अगर इन पुलों की लंबाई को बढ़ाया भी जाती है तो कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि आगे खेल गांव के लिए बनाया गया पुस्ता आ जाता है, जिसके ऊपर चार लेन की सड़क भी बनी हुई है। ऐसे में नए पुलों को पुराने पुलों के बराबर ही बनाए जाने पर सहमति बनी। उस वक्त पर्यावरण एवं फॉरेस्ट क्लीयरेंस देने वाली कमेटी ने भी सुझाव दिया था कि पुलों की लंबाई बढ़नी चाहिए, लेकिन पुराने पुलों की लंबाई कम होने के कारण नए पुलों को पुराने पुलों के बराबर ही बनाए जाने पर सहमति बनी।

### मेट्रो एवं रैपिड के पुल लंबे और ऊंचे

दिल्ली में यमुना के ऊपर मेट्रो के भी पुल बनाए गए हैं, जिनकी लंबाई काफी है। पूरे बहाव क्षेत्र के बीच में पिलर बनाए गए हैं और उसके बाद इन पुलों को बनाया गया है। अब डीएनडी के पास ही रैपिड ट्रेन के लिए पुल बनाया जा रहा है, जिसकी लंबाई काफी ज्यादा है। उधर, इंद्रप्रस्थ से यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के बीच भी मेट्रो के पुल की लंबाई काफी है, जिससे यमुना का बहाव क्षेत्र प्रभावित नहीं होता है।

### डीएनडी का पुल भी यमुना के बहाव क्षेत्र से छोटा

दिल्ली से नोएडा को जोड़ने वाले डीएनडी का यमुना का पुल भी छोटा है। उसे यमुना के बहाव क्षेत्र को छोटा करके बनाया गया है, जिसके वजह से यहां पर भी यमुना का बहाव प्रभावित होता है। इसके बाद सरिता विहार के रास्ते नोएडा को जोड़ने वाले पुल की लंबाई भी यमुना के बहाव क्षेत्र के मुकाबले कम है। इसी तरह से सिग्नेचर ब्रिज को बनाने के लिए भी दोनों तरफ से यमुना के बहाव क्षेत्र को मिट्टी, कंक्रीट और अन्य निर्माण सामग्री से पाटा गया और उसके बाद पुल बनाया गया।

### खेलगांव बनाने पर सहमत नहीं थी समिति

वर्ष 2010 में दिल्ली के अंदर कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया गया, जिसके लिए अक्षरधाम में खेलगांव बसाया गया। वर्ष 2007 में खेलगांव बनाने का काम शुरू हुआ था। प्रोजेक्ट की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर्यावरण संबंधी मंजूरी के लिए फाइल समिति के पास भेजी गई तो उस वक्त कमेटी ने आपत्ति लगाई। कमेटी ने कहा कि यह यमुना का क्षेत्र है, जिससे नदी में पानी का बहाव प्रभावित होगा। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर एके गोसाई कहते हैं कि कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान मैं स्वयं पर्यावरण क्लीयरेंस संबंधी समिति में था। उस वक्त मेरी तरफ से और एक अन्य सदस्य केटी रविंद्रन की ओर से आपत्ति जताई गई। कहा गया कि अगर यमुना के क्षेत्र में निर्माण होगा तो उसका भविष्य में नुकसान होगा, क्योंकि हम लोग जहां पर प्रोजेक्ट बनाने जा रहे हैं वो यमुना का बहाव क्षेत्र है। बराबर में पुल भी बनाए जा रहे हैं, जिनसे यमुना का बहाव क्षेत्र प्रभावित होगा, लेकिन उस वक्त आपत्ति के बाद भी हाई पावर कमेटी में मामला गया, जिसके बाद निर्माण हो गया। अकेले खेलगांव ही नहीं, जितने भी नए पुल बन रहे हैं, उनमें करीब 60 फीसदी पुल यमुना नदी पर बहाव क्षेत्र को छोटा करके बनाए गए हैं।

## एक नजर

### उन्नत भारत द्वारा दिव्य शक्ति सम्मान का आयोजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उन्नत भारत सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में दिव्य शक्ति सम्मान का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में ओएनजीसी, गेल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में दिव्यांगों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री श्री विश्वेश्वर टुडु, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री रविन्द्र किशोर सिन्हा, भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री श्याम जाजू, भाजपा अजा. मोर्चा राष्ट्रीय महासचिव श्री संजय निर्मल एवं अधिवक्ता संदीप दुबे, एफडीआर चैयरमेन कपिल अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजक उन्नत भारत के अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है जिसके तहत देश भर से चुने हुए दिव्यांगजन जो अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करते आ रहे हैं उनको सम्मानित किया जाता है। आयोजन में नीतीश पांडेय, अक्षय सिंह, गिरीश एवं आस्था शराफ का सहयोग सराहनीय रहा।

### विदेशी से 5 हजार की रिश्वत लेने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार चला रहे एक विदेशी नागरिक से चालान के नाम पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने 5 हजार रुपये ले लिए। यह घटना कार में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो वायरल होने पर ट्वीट के माध्यम से इसकी शिकायत की गई। इसके बाद पुलिस ने हवलदार महेश चंद को निलंबित कर दिया।

यह मामला कुछ दिन पहले तुगलक रोड सर्किल का है। वायरल वीडियो में एक कोरियन नागरिक को ट्रैफिक पुलिसकर्मी रोकता है। भारत घूमने आया यह शख्स गाड़ी रोककर चालक सीट पर बैठा दिख रहा है। उसकी गाड़ी में कैमरा लगा है, जिसमें रिकार्डिंग चल रही है। हवलदार महेश चंद उसे बताता है कि वह गलत कैरिज-वे में गाड़ी चला रहे थे। इस पर युवक माफी मांगता है, लेकिन हवलदार उसे बताता है कि इसके लिए 5 हजार रुपये का जुर्माना देना होगा। हवलदार पांच हजार रुपये लेते वीडियो में रिकॉर्ड हो जाता है।

बीते 20 जुलाई को प्रिया नामक ट्वीटर हैंडल से यह वीडियो ट्रैफिक पुलिस को ट्वीट किया गया। इसमें उसने बताया कि किस तरह विदेशी नागरिक से 5 हजार रुपये चालान के नाम पर लिए गए। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने हवलदार महेश चंद को निलंबित कर दिया। इसकी जानकारी ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट कर दी है।

### चलती कार में आग लगी, चालक ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-63 ए के पास एफएनजी रोड पर रविवार सुबह चलती कार में आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पाया। गढ़मुक्तेश्वर निवासी मोहम्मद ताहिर सर्विस के लिए कार को सेक्टर-63 स्थित शोरूम पर लाए थे। सर्विस चेकिंग के लिए जब वह गाड़ी को ट्रायल के लिए ले जा रहे थे, तभी तकनीकी कमी से कार में आग लग गई। इसमें किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया और क्रेन के माध्यम से उसे सड़क के किनारे करवा दिया गया। घटना का 18 सेकंड का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें अग्निशमनकर्मी आग को फायर ब्रिगेड की मदद से बुझा रहे हैं। कार से निकलने वाला धुआं दूर से दिखाई पड़ रहा है। घटनास्थल पर भीड़ जमा है। इस दौरान सेक्टर-63 थाने की टीम भी वीडियो में दिख रही है। जिस साइड में कार में आग लगी है,उसके दूसरी तरफ यातायात सामान्य है। इस दौरान एक तरफ अल्प समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ। पुलिसकर्मियों के पहुंचने के बाद स्थिति सामान्य हुई। गनीमत रही कि जिस समय कार में आग लगी उसकी गति ज्यादा नहीं थी और चालक बाहर निकलने में सफल रहा।

### अवैध यूनीपोल जब्त, पांच लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेनो वेस्ट में लगे एक अवैध यूनिपोल को रविवार को जब्त किया गया। यूनिपोल लगाने वाले पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। ग्रेनो प्राधिकरण ने ग्रेनो वेस्ट के गौड़ चौक के पास लगे एक यूनीपोल को जब्त कर लिया। अब्दुल कादिर नाम के व्यक्ति ने यह यूनीपोल लगाया था। उस पर महागुन कंपनी का प्रचार किया जा रहा था। प्राधिकरण ने इस पर पांच लाख का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेस विभाग के प्रभारी और ओएसडी संतोष कुमार ने कहा कि अवैध यूनीपोल और होर्डिंग्स लगाने वालों की खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वहीं, इससे पहले सेक्टर अल्फा टू के निवासियों की शिकायत पर सेक्टर की मार्केट और सड़कों पर लगे अवैध ठेले-पटरी को हटाया। ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है।

### आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के लिए 30 को मतदान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** एचआईजी अपार्टमेंट्स ओनर्स एसोसिएशन ओमिक्रोन-एक के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी रणजीत प्रधान ने बताया कि सोसाइटी के दस पदों पर चुनाव होना है। इसमें तीन पैनल सामने आए हैं। 10 पदों के लिए 28 लोगों ने नामांकन किया है। 30 जुलाई को मतदान होगा। मौके पर देवेंद्र टाइगर, दीपक भाटी, देवराज नागर, आलोक नागर और सुशील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ठगों ने क्रेडिट कार्ड से 18 हजार निकाले

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में सलारपुर के मनोज कुंवर ने बताया कि 13 अप्रैल को उनके आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 18 हजार रुपये निकल गए। मनोज ने न तो कोई खरीदारी की और न कि किसी को कार्ड और बैंक संबंधी जानकारी दी। साइबर जालसाजों ने कई बार में खाते से रुपये निकाले हैं। अज्ञात जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रेमराज भाटी अध्यक्ष और अनिल भाटी प्रबंधक बने

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज साकीपुर प्रबंधक समिति के चुनाव में प्रेमराज सिंह भाटी को अध्यक्ष और एडवोकेट अनिल भाटी को निर्विरोध प्रबंधक चुना गया। चुनाव अधिकारी रणवीर सिंह भाटी ने बताया कि चुनाव निर्विरोध हुआ। चुनाव सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण तरीके से पूरा किया गया। मौके पर राज सिंह प्रधान, आलोक नागर, कपिल प्रधान, बॉबी भाटी आदि मौजूद रहे।

# यूपी की 80 सीटों के लिए बीजेपी ने बनाया रोडमैप, हर चुनौती से निपटने का तैयार

लखनऊ (एजेंसी)




अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में जिम्मेदारियां व चुनौतियां और बढ़ेंगी। ऐसे में प्रत्येक कार्यक्रम व अभियान की पूर्व तैयारी एवं कार्यक्रम को कैसे जमीं पर उतारा जाए उसका रोडमैप बनाने के साथ हर चुनौती से निपटने का तंत्र तैयार किया जाए। उन्होंने महानगर व जिला अध्यक्षों में बदलाव पर भी प्रदेश अध्यक्ष के साथ चर्चा की।

इसके अलावा महा जनसंपर्क अभियान में आम लोगों के घर तक पहुंचने के लिए इस संपर्क अभियान को और मजबूती से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। संतोष शनिवार को दो दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर शनिवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रदेश पदाधिकारी तथा क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ बैठक में महा-जनसंपर्क अभियान की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महा-जनसंपर्क अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के नौ वर्षों की योजनाएं तथा सरकार के साहसिक निर्णय जन-जन तक पहुंचे हैं। यही 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की लक्ष्य प्राप्ति का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई ने डेढ़ माह से अधिक समय तक अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने में सामूहिकता में काम किया है। इसी तरह सहभागिता, समन्वय, सहयोग को कार्य का आधार बनाकर आगे भी काम करना है। उन्होंने कहा कि महा-जनसंपर्क अभियान की सफलता के लिए पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के साथ ही प्रदेश के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके तहत घर-घर संपर्क

**अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में जिम्मेदारियां व चुनौतियां और बढ़ेंगी।**

अभियान, लोकसभा रैलियां, व्यापारी सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलन, संपर्क से समर्थन सहित सभी कार्यक्रमों व अभियानों में उत्तर भाजपा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसके साथ ही लोकसभा प्रवास योजना के तहत पिछले चुनाव में हारने वाली 14 लोकसभा सीटों में चलाए गए कार्यक्रमों व अभियान की समीक्षा की। उन्होंने इन सीटों में और मेहनत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सोशल मीडिया की प्रदेश तथा क्षेत्रीय टीम के साथ बैठक में मार्गदर्शन दिया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने संगठनात्मक अभियान, कार्यक्रम, निकाय चुनाव तथा सहकारिता चुनाव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महा-जनसंपर्क अभियान के माध्यम से भाजपा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रही है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि पार्टी के निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों की कार्यशाला हरियाणा में की जाएगी। साथ ही पार्टी के निर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्यों की कार्यशाला अगस्त माह में क्षेत्रवार आयोजित होगी। पार्टी के क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम के महापौर, पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद तथा नगर पंचायतों के अध्यक्ष व पार्षदों के प्रशिक्षण के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए चर्चा हुई।

## दो थानों की पुलिस तलाशती रही नकली दवाओं के सरगना विजय को, उसने वकीलों संग कोर्ट में किया समर्पण

आगरा (एजेंसी)



नकली और नशीली दवाओं के सरगना विजय गोयल को पुलिस-एसओजी, सर्विलांस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) टीमें दूसरे राज्यों में खोजती रहीं। वह आगरा में छिपकर समर्पण का मौका तलाश रहा था। पुलिस को चकमा देकर शुक्रवार को गुपचुप तरीके से न्यायालय पहुंचा और समर्पण कर दिया। उसने प्रयागराज से अधिवक्ता बुलाए थे। सरगना को जेल भेज दिया गया। पुलिस उसे रिमांड पर लेगी। पुलिस और एएनटीएफ ने बिचपुरी और सिकंदरा में आठ जुलाई को नकली दवाओं की फैक्ट्रियों पर छापा मारा था। इन फैक्ट्रियों और वहां बरामद माल एवं मशीनों का मूल्य करीब पांच करोड़ रुपये था। बिचपुरी की फैक्ट्री में प्रतिदिन ढाई लाख नशे की गोलियां बनाकर बाजार में खपाई जा रही थीं। सिकंदरा की फैक्ट्री में कोडिन युक्त सीरप बनाए जा रहे थे। दोनों फैक्ट्रियां विजय गोयल चला रहा था। पुलिस ने सिकंदरा और जगदीशपुरा थाने में अभियोग दर्ज किए गए थे। पुलिस ने सरगना विजय गोयल की पत्नी रेखा, साझीदार नरेंद्र शर्मा, सिकंदरा में फैक्ट्री के लिए किराए पर जगह देने वाले अजीत पाराशर के अलावा रोहित कुशवाह, दीवान सिंह, मुकेश कुमार और सनी को जेल भेजा था। विजय गोयल की तलाश में कई टीमें लगी थीं। इधर, उसके लोग पुलिस की पल-पल की गतिविधि की जानकारी उसे दे रहे थे। विजय गोयल शुक्रवार की दोपहर अपने अधिवक्ताओं के साथ दीवानी परिसर पहुंचा। समर्पण करके जेल चला गया। पुलिस को शनिवार को उसके समर्पण का पता चला। सीओ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स इरफान नासिर खान ने बताया कि आरोपित को पुलिस रिमांड पर लेगी। पूछताछ के दौरान उनकी टीम भी मौजूद रहेगी। सरगना विजय गोयल की सोमवार को समर्पण करने की तैयारी थी। पुलिस ने गैंगस्टर आलोक यादव और उसके साथियों की घेराबंदी को दीवानी में डेरा डाला हुआ था। प्रवेश द्वारों पर पुलिस की सघन चेकिंग देख विजय गोयल घबरा गया था। सूत्रों के अनुसार सरगना को लगा कि उसके पुलिस को उसके समर्पण की भनक लग गई है। इससे वह घबरा गया, समर्पण करने इरादा बदल दिया। वह अवसर तलाश रहा था। नकली दवाओं की फैक्ट्रियों पर छापे के बाद विजय गोयल ने अपने मोबाइल बंद कर लिए थे। सूत्रों के अनुसार वह शहर में ही एक परिचित कारोबारी के यहां छिपा रहा। एक सप्ताह शांत बैठा रहा। किसी से भी संपर्क नहीं किया। उसे लगा कि पुलिस का ध्यान उस पर से हट गया है तो वह सक्रिय हुआ। सगे संबंधियों से बातचीत के लिए किसी एक नंबर का प्रयोग नहीं किया था। किसी को शक न हो, इसके लिए वह अलग-अलग नंबर से वाट्सएप काल करके बात करता था।

## 'ससुराल में भूत है', विवाहिता ने कहा, तो पुलिस बोली सुलह करो हम भगा देंगे, काउसंलिंग में आया मामला

आगरा (एजेंसी)

परिवार परामर्श केंद्र में अजब-गजब मामला पहुंचा। विवाहिता ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायत की। काउंसलिंग के दौरान विवाहिता किसी कीमत पर ससुराल जाने को तैयार नहीं थी। वह सहमी हुई थी। काउंसलर इसकी तह तक गए तो विवाहिता बोली ससुराल नहीं जाउंगी, वहां भूत है।

पुलिस ने कहा कि तुम पति से सुलह करो, हम भूत को भगा देंगे। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता ने परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थना पत्र दिया। उसका निकाह नवंबर 2018 में हुआ था। उसने पति, सास, ननद और जेठ पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्ष को काउंसलिंग के लिए बुलाया। बातचीत में पता चला कि परास्नातक है। वह किसी भी तरह से ससुराल जाने को राजी नहीं थी। इससे काउंसलर भी परेशान हो गए। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी इतुल चौधरी ने बताया कि काउंसलर ने करीब एक घंटे विवाहिता से बातचीत की। विवाहिता ने बताया कि उसे ससुराल में डर लगता है। वहां पर भूत है। उच्च शिक्षित विवाहिता द्वारा भूत की बात करने पर काउंसलर हैरान थे। उन्होंने मनोचिकित्सक से बात की। उनसे पूछा कि विवाहिता की काउंसलिंग किस तरह से की जाए। मनोचिकित्सक की सलाह के बाद पुलिस ने विवाहिता को भरोसा दिलाया कि वह भूत को भगा देगी। इसके अलावा कोई अन्य समस्या भी हो तो बताएं। विवाहिता ने कहा कि बाकी कोई समस्या नहीं है। विवाहिता को आश्वासन देने के बाद पुलिस अब विचार कर रही है कि भूत को कैसे भगाना है। विवाहिता से बातचीत के दौरान पुलिस को कई अन्य बातें पता चलीं। वह अपने शौहर से अधिक शिक्षित है।

## अमरोहा में तोड़ते समय माधव सिनेमा हॉल का छज्जा दीवार समेत गिरा, नौ मजदूर दबे, दो की मौत

अमरोहा (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। नगर के आजाद रोड स्थित माधव सिनेमा हॉल की पुरानी बिल्डिंग की दीवार को तोड़ते समय छज्जे समेत दीवार गिर गई। मलबे के नीचे दबकर नौ मजदूर घायल हो गए। हादसे में दो की मौत हो गई। दोनों मजदूरों को अचेत अवस्था में मलबे से निकाला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। डीएम, एसपी समय तो आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल जेसीबी के द्वारा मलबे को हटाने का काम किया जा रहा है। अमरोहा नगर के रहने वाले कमलेश चंद अग्रवाल का आजाद रोड पर माधव सिनेमा हॉल है। पिछले तीन महीने से सिनेमा हॉल की पुरानी बिल्डिंग तोड़कर नया निर्माण कराया जा रहा था। सिनेमा हॉल को तोड़ने और नए निर्माण करने के लिए जहीर नाम के ठेकेदार को काम सौंपा गया था। रविवार की सुबह करीब नौ मजदूर सिनेमा हॉल की पुरानी दीवार तोड़ने का कार्य कर रहे थे। करीब 12 फिट ऊंची दीवार में छह फिट का छज्जा भी था। तोड़ते समय अचानक दीवार छज्जे समेत भरभरा कर गिर पड़ी। इस दौरान छज्जे और दीवार के मलबे के नीचे सभी मजदूर दब गए। करीब सात मजदूरों ने जैसे-तैसे मलबे से निकलकर अपनी जान बचाई। जबकि दो मजदूर याशीन और रफीक निवासी काली पगड़ी नीचे दबे रहे। हादसे जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया और जेसीबी से मलबे को हटाने का कार्य शुरू कर दिया।बमुश्किल दोनों मजदूरों को अचेत अवस्था में बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## बिना मीटर दुकानों-ढाबों में बिजली जली तो भुगतेंगे जेई और एसडीओ, निगम वेतन से वसूलेगा नुकसान

लखनऊ (एजेंसी)



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम दुकानों-ढाबों में बिना मीटर बिजली जलने समेत छह तरह की गड़बड़ियों पर संबंधित जेई (अवर अभियंता) एवं एसडीओ (उपखंड अधिकारी) के वेतन से पावर कॉर्पोरेशन को होने वाले नुकसान की भरपाई करेगा। कुल नुकसान के एवज में दो तिहाई वसूली जेई एवं एक तिहाई एसडीओ के वेतन से की जाएगी। इस संबंध में मध्यांचल निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारौत ने आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि स्थलीय निरीक्षण में सड़कों, मुख्य मार्गों के निकट दुकानों-ढाबों, व्यावसायिक केंद्रों, बहुमंजिला इमारतों के परिसरों में बिना मीटर के बिजली जलती पाई गई। कई जगह कनेक्शन पर मीटर तो लगाए गए हैं, लेकिन बिलिंग सिस्टम पर दर्ज नहीं है।

**आदेश में कहा गया है कि स्थलीय निरीक्षण में सड़कों, मुख्य मार्गों के निकट दुकानों-ढाबों, व्यावसायिक केंद्रों, बहुमंजिला इमारतों के परिसरों में बिना मीटर के बिजली जलती पाई गई।**

उसकी जगह दूसरा मीटर दर्ज है। बड़े बकाएदारों का कनेक्शन नहीं काटा जाता है, लेकिन ऑन रिकार्ड कनेक्शन कटा दिखाया जाता है। इससे निगम को आर्थिक क्षति हो रही है। इसलिए यह व्यवस्था बनाई जा रही है। एमडी ने लेसा ट्रांस गोमती, लेसा सिस गोमती, अयोध्या, लखनऊ, बरेली एवं देवीपाटन जोन के मुख्य अभियंताओं को सड़कों एवं मुख्य मार्गों के निकट बिजली कनेक्शनों की रेंडम जांच कराएं। जांच में जो मामले पकड़े जाएं, उसके नुकसान की गणना करने के बाद वेतन से वसूली के लिए अभिलेखों में दर्ज किया जाए। मध्यांचल निगम के तहत आने वाले लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर अमेठी में तैनात जेई एवं एसडीओ पर यह आदेश लागू होगा। दुकान, ढाबा, व्यावसायिक परिसर व बहुमंजिला इमारत में मीटर न लगने। वर्तमान मीटर बिलिंग सिस्टम पर फीड न होना, मीटर की सील गायब या टूटी होने पर, सही विधा में कनेक्शन का लेजराइज न होना, बड़ी रकम बकाया होने पर कनेक्शन को न काटना, ऑन रिकार्ड कनेक्शन कटा होना और मौके पर चालू पाए जाने पर कार्रवाई होगी। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश ने मध्यांचल निगम एमडी के आदेश पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी एवं अभियंता को दंड देने का अधिकार एमडी को है, लेकिन उसका पक्ष सुने बिना दंड देना गलत है।

## गोरखपुर विश्वविद्यालय के दो छात्र समेत आठ गिरफ्तार, मुख्य नियंता ने 22 लोगों पर गंभीर धाराओं में दर्ज कराई एफआइआर

गोरखपुर (एजेंसी)




दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव पर हमला व तोड़फोड़ करने के आरोपित दो छात्रों समेत आठ लोगों को कैट थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गयाा। मुख्य नियंता ने आठ छात्रों समेत 22 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद ऐहतियात के तौर पर विश्वविद्यालय गेट व प्रशासनिक भवन के बाहर फोर्स तैनात की गई है। पकड़े गए आरोपितों में तीन देवरिया, दो कुशीनगर, दो गोरखपुर एक संतकबीरनगर जिले के रहने वाले हैं। मुख्य नियंता सत्यपाल सिंह ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे कुछ बाहरी लोग प्रशासनिक भवन में घुस आए,जिसमें कुछ छात्र भी थे। कार्यालय के गमले, कुर्सियां व कुलपति की गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। कुलपति, वित्त अधिकारी, कुल सचिव व नियंता को उनके कार्यालय में बंद कर दिया। सुरक्षा के लिए परिसर में पुलिस को बुलाया गया। पुलिस की उपस्थिति में भी यह लोग उपद्रव करते रहे।पुलिस के समझाने पर शांत नहीं हुए। कुलपति को पुलिस की सुरक्षा में निकाला गया। कुलसचिव पर इन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया।

घटना में शामिल 22 लोगों का नाम लिखने के साथ ही मुख्य नियंता ने सीसी कैमरे का फुटेज भी पुलिस को सौंपा, जिसमें आरोपितों की करतूत कैद है। पुलिस ने छात्र संजीव

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव पर हमला व तोड़फोड़ करने के आरोपित दो छात्रों समेत आठ लोगों को कैट थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया।**

त्रिपाठी, अर्पित कसौधन, पीयूष मिश्रा, दीपक कुमार, शक्ति प्रताप सिंह, प्रिंस तिवारी, चंद्रपाल सिंह, सूरज मोर्य के साथ बाहरी पीयूष सिंह, सौरभ गौण, आलोक कुमार गुप्ता, ऋषभ सिंह, अंकित मिश्रा, शिवम पांडेय, शुभम राव, श्रवण कुमार मिश्र, मयंक राय, प्रभात राय, अभिनव सिंह, ओंकार मिश्र, अनुराग मिश्र, दीपक पांडेय पर सरकारी कार्य में बाधा,बंधक बनाकर जानलेवा हमला करने, बलवा, मारमीट, धमकी व सेवन सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कैंट थाना पुलिस ने शनिवार को आरोपित छात्र देवरिया के मईल निवासी शक्ति प्रताप सिंह, कुशीनगर के पटहेरवा निवासी प्रिंस तिवारी के साथ बाहरी युवक रामकोला, बरवा बाजार के शुभम गोविन्द राव, ग्राम भुडवार थाना बनकटा देवरिया के शिवम पाण्डेय, आर्यनगर दिलेजाकपुर थाना कोतवाली के आलोक गुप्ता, बरडीहा परशुराम थाना लार जनपद देवरिया के ऋषभ सिंह, पार्वती नगर झारखण्डी मंदिर के मयंक राय, बिसरापार पोस्ट देवरिया गंगा थाना खलीलाबाद कोतवाली के श्रवण कुमार मिश्र को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि मुख्य नियंता ने शुक्रवार की रात में 22 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। शनिवार की सुबह आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## चोरी के आरोप में 2 बच्चों को पहले पीटा, फिर बेहोश होने तक एक को लगाया करंट

मेरठ (एजेंसी)



मुंडाली के नंगला मल गांव में ग्रामीणों ने बर्बरता की हदें पार कर दी। 11 हजार रुपये चोरी का आरोप लगाकर दो बच्चों की पहले पिटाई की गई। उसके बाद एक बच्चे को करंट तब तक लगाए रखा, जब तक वह बेहोश नहीं हुआ। बदहवास होने पर आरोपित बच्चे को सड़क पर छोड़कर भाग गए। उसके बाद परिवार के लोगों ने गढ़ रोड स्थित अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया। पुलिस ने बच्चे के पिता की तरफ से तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी वीरपाल ने बताया कि नंगला मल में कासिम की गांव के चौराहे पर जूतों की दुकान है। कासिम ने गांव के नौ वर्षीय बच्चे और उसके साथी पर दुकान के अंदर से 11 हजार रुपये चोरी का आरोप लगाया। उसके बाद कासिम अपने दो साथियों को साथ लेकर आया और दोनों को घर से उठाकर ले गया। दोनों बच्चों की जमकर पिटाई की गई। बच्चों ने चोरी करने से इनकार कर दिया। उसके बाद भी दोनों बच्चों से रकम बरामदगी को लेकर मारपीट की गई। उसके बाद भी उन्होंने रकम के बारे में इनकार कर दिया। तब कुछ ग्रामीणों ने एकत्र होकर एक बच्चे को बिजली का करंट लगा दिया। करंट तब तक लगाया, जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। बच्चे के बेहोश होने पर आरोपित घबरा गए, जो बच्चे को उनके घर के सामने छोड़कर चले गए। उसके बाद परिवार के लोगों ने बच्चे को डीपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया। परिवार के लोगों का आरोप है कि पहले ग्रामीणों ने करंट लगाकर बदहवास किया, उसके बाद पुलिस ने भी बच्चे की पिटाई की है। हालांकि थाना प्रभारी का कहना है कि परिवार के लोग ही बच्चे को लेकर उनके पास आए थे, जिसे सीधे अस्पताल में भर्ती करा दिया।

## एक नजर

### 24 घंटे में गंगा-यमुना का जलस्तर 10 सेमी बढ़ा, कई गांवों पर मंडरा रहा संकट

**प्रयागराज (एजेंसी)** गंगा-यमुना के जलस्तर वृद्धि की गति बीते 24 घंटे में 10-10 सेमी बढ़ा है। यह लगातार 12 वां दिन है जब संगमनगरी में दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ना जारी है। मध्य प्रदेश के कई क्षेत्रों में वर्षा का पानी यमुना की सहायक नदियों के माध्यम से यहां पहुंच रहा है।

बांध और बैराज से छोड़ा पानी भी निरंतरता बनाए हुए है। ऐसे में अभी नदियों के औसत रूप से घटने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। सिंचाई विभाग बाढ़ प्रखंड की ओर से बताया कि बाहर से छोड़े जाने वाले पानी को कम किया गया है। इस कारण से प्रयागराज में जल स्तर बढ़ने की रफ्तार में कमी है। कछारी इलाके में पानी घुसने की गति औसत रही। महेवा कछार, देवरथ, मवैया आदि गांवों में पानी बढ़ने के साथ लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। शनिवार को हल्की बूंदाबांदी भी हुई। सिंचाई विभाग का मानना है कि अभी अगले कई दिनों तक दोनों नदियों के जलस्तर घटने के आसार नहीं हैं।

### धर्मशाला ओवरब्रिज पर बेकाबू डंपर ने कावंड़ियों को रौंदा, एक की मौत, 12 घायल

**गोरखपुर (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ है। धर्मशाला ओवरब्रिज पर रविवार भोर में तीन बजे अनियंत्रित डंपर ने कावंड़ियों को रौंद दिया। हादसे में आकाश गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद घायल 12 लोगों को अस्पताल भेजा गया। हादसे से नाराज कावंड़ियों ने जमकर हंगामा भी किया।

बाद में डीएम कृष्णा करूणेश, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर मौके पर पहुंचे और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक, बड़हलगंज से पानी भरकर पिपराइच जा रहे थे। इस दौरान धर्मशाला ओवरब्रिज अनियंत्रित डंपर से टकरा कर कांवड़िया घायल अंशू गुप्ता, सूरज गुप्ता, अमन कुमार, नन्हें भारती, विकास कुमार, राजू, अमन कन्नौजिया, निरज, शिवम गुप्ता, अजय साहनी, विवेक साहनी, आकाश साहनी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### न्यूनतम आय गारंटी योजना : मायावती बोलीं, ये राजनीतिक स्वार्थ का फैसला है, जनता को जल्द नहीं मिलेगी राहत

**लखनऊ (एजेंसी)** बसपा सुप्रीमो मायावती ने राजस्थान सरकार द्वारा न्यूनतम आय गारंटी योजना की घोषणा को राजनीतिक स्वार्थ के तहत लिया गया फैसला करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की जनता को तुरंत राहत मिलना मुश्किल है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि न्यूनतम आय गारंटी योजना की घोषणा पर बसपा प्रमुख मायावती ने राजस्थान सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा विधानसभा आम चुनाव से ठीक पहले न्यूनतम आय गारंटी योजना की घोषणा करना जनहित का कम राजनीतिक स्वार्थ का फैसला ज्यादा है।

इससे गरीब जनता को तुरंत राहत मिलना मुश्किल है। फिर भी केवल प्रचार पर सरकारी धन का भारी खर्च करना क्या उचित है। उन्होंने कहा कि वैसे तो गहलोत सरकार अपने पूरे कार्यकाल में कुंभकरण की नींद सोती रही।

### गुड़िया बनी नगमा प्रेम के साथ कानूनी लड़ाई में भी परिवार से जीती, हिंदू प्रेमी से मंदिर में रचाई थी शादी

**रामपुर (एजेंसी)** रामपुर जिले के मसवासी में हिंदू धर्म में आस्था के चलते नगमा खातून से गुड़िया बनकर हिंदू प्रेमी से मंदिर में शादी रचाई थी। अब नगमा उर्फ गुड़िया ने कोर्ट में प्रेमी से पति बने युवक के पक्ष में बयान दर्ज कराकर कानूनी लड़ाई भी जीत ली है।

कोर्ट ने उसे पति के साथ जाने का आदेश दिया है। कस्बा निवासी नगमा खातून की बचपन से ही हिंदू धर्म में आस्था थी। नगमा को मोहल्ले के ही एक हिंदू युवक से प्रेम हो गया। परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने पाबंदी लगा दी, लेकिन वह लगातार प्रेमी युवक से बातचीत करती रही। बीते माह वह प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई और मंदिर में जाकर हिंदू रीति रिवाज से शादी रचा ली। सोशल मीडिया पर नगमा उर्फ गुड़िया की शादी का एक वीडियो भी जमकर वायरल हुआ था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी युगल को बरामद कर लिया था। पुलिस ने युवती के कोर्ट में बयान दर्ज कराए।

### हरिद्वार से डाक कांवड़ ला रहे टूंडला के कांवड़ियों को ट्रक ने कुचला, जीजा-साले संग तीन की मौत

**फिरोजाबाद (एजेंसी)** हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आ रहे टूंडला के बाइक सवार तीन कांवड़ियों को हरिद्वार से 50 किमी दूर रुड़की के पास एक ट्रक ने रौंद दिया। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मृतकों के शवों को लेने रवाना हो गए हैं। टूंडला के थाना नगला सिंघी क्षेत्र के कोट कसोंदी सीयर देवी मंदिर स्थित शिव मंदिर पर गंगाजल चढ़ाने के लिए डाक कांवड़ लेने शुक्रवार को हरिद्वार के लिए 50 युवकों का एक जत्था रवाना हुआ था।

शनिवार मध्यरात्रि बाद डाक कांवड़ लेकर जत्था हरिद्वार से चला था। बताया गया है कि नगला सिंघी निवासी रामनरेश (22) पुत्र शान्ति नंदन, दीपू (20) पुत्र बंशीधर और उसके जीजा धौलपुर निवासी मनोज एक बाइक पर थे। रविवार सुबह चार बजे वे हरिद्वार से 50 किमी दूर रुड़की के निकट पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। गंभीर घायल तीनों युवकों को अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही साथियों ने कांवड़ यात्रा को स्थगित कर दिया।

# घटता लिंगानुपात चिंताजनक-सुमित खिमटाउपायुक्त की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यबल की मीटिंग आयोजित

हेमंत चौहान




नाहन, उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा है कि यद्यपि पहले के मुकाबले वर्तमान में समाज में बेटियों के जन्म के प्रति बहुत बड़ा और सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है। किन्तु यदि हम लिंग अनुपात के आंकड़ों पर दृष्टि दोहराये तो यह आंकड़े चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला का औसत लिंग अनुपात 940 के आसपास है, इसलिए हम सभी को मिलकर इस दिशा में और अधिक बेहतर तथा ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

उपायुक्त सुमित खिमटा गत सांय नाहन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यबल की जिला सिरमौर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिरमौर जिला में लिंगानुपात की बात की जाये तो पांवटा बाल विकास खंड में लिंगानुपात 937, नाहन में 975, शिलाई में 890, संगड़ाह में 934, राजगढ़ में 959, पच्छाद में 940 है। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभागों के साथ समाज को भी जिला में बेटियों के लिंगानुपात में बढ़ौतरी करने के लिए बेहतर प्रयास करने चाहिए। उपायुक्त ने जिला में पीएनडीटी अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए स्वास्थ्य, पुलिस और अन्य सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला का काफी भाग अंतर्राज्यीय सीमा से लगता है, इसलिए हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे आसपास कहीं पीएनडीटी अधिनियम का दुरूपयोग तो नहीं हो रहा है। इसके लिए उन्होंने पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर सतर्कता बरतने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि हमेंय संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों को जागरूकता करना चाहिए। संस्थागत प्रससव से जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य की उचित देखभाल के साथ सरकार और विभाग की ओर से मिलने वाले प्रोत्साहन का उचित लाभ भी पात्र परिवार को मिल सकता है।

सुमित खिमटा ने जिला की सभी 259 पचंयतों और 1486 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं सम्बन्धी पोस्टर और जागरूकता बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग और पंचायती राज विभाग को इस दिशा में उचित पग उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों, भाषण प्रतियोगिताओं, रैलियों आदि जागरूकता कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत एक महिला को पहले दो जीवित बच्चों के लिए नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में 3175 पात्र लाभार्थियों को 1.36 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई गई है।

इसी प्रकार बेटी है अनमोल योजना के तहत बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये की धनराशि की पोस्ट आफिस में एफ.डी. भी करवाई जाती है जो कि बेटी के 18 वर्ष पूर्ण होने पर उसे प्रदान की जाती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस सुनील शर्मा ने बैठक का संचालन करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कन्याल, पीओ डीआरडीए अभिषेक मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय पाठक, जिला कल्याणा अधिकारी विवेक अरोड़ा, उप निदेशक उच्च शिक्षा कर्म सिंह, उप पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी शाह, प्रधानाचार्य डाईट राजीव ठाकुर के अलावा विभिन्न खंडों के बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

## राजस्थान में भी दिखा मणिपुर की बर्बरता का असर, मुख्यमंत्री ने मंत्री गुढ़ा को किया बर्खास्त

मानसिंह पंवार



राजस्थानः जयपुर कि बड़ी खबर मणिपुर कि बर्बरता का असर राजस्थान मे भी दिखा अपनी ही सरकार को घेरा मंत्री गुढ़ा ने मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के खिलाफ उट गहलोत का बड़ा एक्शन, मंत्री राजेंद्र गुढ़ा पद से बर्खास्त, विधानसभा में दिया था। सरकार विरोधी बयान अपने बयान पर कायम हूं, सच बोलना गुनाह है, तो मैंने गुनाह किया है। बर्खास्तगी के बाद मंत्री राजेंद्र गुढ़ा राजेंद्र सिंह गुढ़ा को बताया था। बिना पैंदे का लोटा, केंद्रीय मंत्री शेखावत के अब सुर बदले राजस्थान में पेपर लीक करने वालों को होगी उम्रकैद, मिनिमम इनकम गारंटी वाला पहला राज्य बना।

## 6 महीने में 87 हजार भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता

एनसीआर समाचार

भारतीय इस साल के जून तक भारत से 87 हजार लोग अपनी नागरिकता छोड़ चुके हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में एक लिखित जवाब में जयशंकर ने कहा- 2011 से अब तक17.5 लाख लोग भारतीय नागरिकता छोड़ चुके हैं। इनमें से अधिकतर लोग अमेरिका जाना पसंद कर रहे है।

भारतीय वैश्विक कार्यस्थल की तलाश में हैं

जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में बड़ी संख्या में भारतीय वैश्विक कार्यस्थलों की तलाश कर रहे हैं। इनमें से कई लोगों ने अपनी सुविधा के लिए दूसरे देशों की नागरिकता ले रहे है। विदेश मंत्री ने बताया कि 2020 में 85 हजार, 2021 में1.63 लाख और 2022 में 2.25 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में संज्ञान लिया है और मेक इन इंडिया के तहत कई ऐसे प्रयास किये हैं। जिससे देश में रहते हुए नागरिकों की प्रतिभा को निखारा जा सके। सरकार ने कौशल और स्टार्टअप को भी बढ़ावा दिया है।

### ज्यादातर जा रहे अमेरिका और फिर ऑस्ट्रेलिया



ज्यादातर अमेरिका और फिर ऑस्ट्रेलिया जा रहे भारतीय

भारतीय इकोनॉमिक टाइम्स ने विदेश मंत्रालय के हवाले से बताया कि 2021 में अमेरिका गए7.88 लाख लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी। वहीं, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया रहा, जहां 23,533 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ दी।

## लखनिया दरी पर्यटन स्थल न खुलने से सैलानी हुए मायूस



अनुप कुमार

उत्तर प्रदेशः मिजार्पुर के अहरौरा न्यूज लखनिया दरी पर्यटन स्थल जनपद की सबसे खूबसूरत जगह है। पर्यटक को बढ़ावा देने के दृष्टिगत सरकार द्वारा ज्यादा से ज्यादा बजट पास किया जा रहा है। दूरदराज से सैलानी आने के बाद लखनिया दरी को बंद देख मायूस होकर घर लौट जा रहे हैं। वहीं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने सुरक्षा व पार्किंग आदि व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा, सारी व्यवस्था दुरुस्त हो जाने पर पुनः जल्द से जल्द खोलने का आश्वासन दिया था, जो कि कल दिन शुक्रवार लगभग 2:30 बजे के आसपास अहरौरा एक्वा जंगल वाटर पार्क में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल पहुंची, तो पर्यटक स्थल लखनिया दरी खोलने का चचाओं का विषय बना हुआ था, लेकिन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल लगभग 4:30 बजे के आसपास लखनिया दरी पहुंची तो सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमी देखने पर बोली कि, लगभग 1 सप्ताह और सारी व्यवस्था पूर्ण करने में लग जाएगी। वही यह बात सुनकर सभी सैलानी मायूस हुए।

## असमः होजाई जिले के साह इंस्टीट्यूशन द्वारा गरीब बच्चों को मुफ्त में कंप्यूटर प्रशिक्षण

कपिल देव साह

असमः होजाई जिले के बरबहा, शंकर देव नगर में स्थित साह इंस्टीट्यूशन की स्थापना अंग्रेजी 2020 में हुए है। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और असम सरकार के गांव पंचायत द्वारा मान्यता प्राप्त एक इंस्टीट्यूशन है। साथ में सीः एसः वीः एल वेलफेयर फाउंडेशन से फ्रेंचाइजी ले कर इंस्टीट्यूशन चल रहा है और बहुत सारे स्टूडेंट अपना कोर्स समाप्त करके पने अपने कार्य पर लग गया है।

कुछ स्टूडेंट्स का कहना है कि, ये इंस्टीट्यूशन बहुत अच्छा और फायदेमंद है, क्योंकि बहुत ही आसानी से कंप्यूटर का शिक्षा देते है। साथ में कपिल देव साह जो की उक्त इंस्टीट्यूशन का केंद्र निदेशक, मालिक एवं शिक्षक है और बहुत सारे गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा दिया है, जिनमें से आकाश इंग्लैं, निर्मल साह, पिंटू दास, निखिल कुमार मुंद्रा, बाप्पा चक्रवर्ती, बापन गौड़, पूजा गुप्ता, नमिता चक्रवर्ती, राजकुमार दास और भिन्न लोगो को भी मुफ्त में कंप्यूटर की शिक्षा दिया गया।

ये इंस्टीट्यूशन में कंप्यूटर की बहुत सारी कोर्स है।




जैसे डीः सीःएः, एःडीः सीःएः, पीजीडीसीए, डीटीपी, बेसिक, फोटोशॉप, असोमिया, हिंदी, इंग्लिश, बंगला टाइपिंग इत्यादि बहुत सारे कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाते और साथ में अन्न लोगो के लिए एडमिशन में भी डिस्काउंट दिया जाता है।

## हिमाचल प्रदेशः मानसून सीजन में नुकसान पर मुख्य सचिव ने केन्द्रीय टीम के साथ की बैठक

युद्धवीर राणा



हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन के दौरान अभी तक हुए नुकसान का आकलन करने पहुंची केंद्र की अंतर-मंत्रालीय टीम ने शुक्रवार देर सायं यहां मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों से बैठक की तथा नुकसान की रिपोर्ट पर चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में हुए नुकसान का गहन आकलन किया गया है। उन्होंने राज्य के अधिकारियों से कहा कि नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट के लिए दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए तथ्य प्रस्तुत किए जाएं। आपदा से हुए नुकसान के दृष्टिगत केन्द्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि से सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्तरों पर मामले को सही परिपेक्ष्य में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बारिश के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए स्पेस वेस्ड एप्लीकेशन की उपयोगिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों के दौरान ड्रोन और आपदा मित्रों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर केन्द्रीय टीम के अध्यक्ष रविनेश कुमार ने बताया कि टीम ने दो अलग-अलग समूहों में आपदा प्रभावित जिलों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि, इन क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने राहत एवं बचाव के लिए स्थानीय प्रशासन और सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना भी की। रविनेश कुमार और टीम में अन्य सदस्यों ने रिपोर्ट के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस अवसर पर आपदा के दौरान विभिन्न राहत एवं बचाव कार्यों पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

यह अवगत करवाया गया कि 24 जून से 14 जुलाई, 2023 तक सामान्य से 147 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है, जबकि 7 से 11 जुलाई तक सामान्य से 436 प्रतिशत अधिक बारिश जबकि मानसून के दौरान अभी तक प्रदेश में भूस्खलन की 5480 घटनाएं, बादल फटने की 14 और फ्लैश फ्लड की 83 घटनाएं हुई हैं।

इस अवसर पर राहत एवं बचाव कार्यों पर आधारित एक लघु वृतचित्र भी प्रस्तुत किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अभिषेक त्रिवेदी, प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और अंतर-मंत्रालीय टीम के सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

## खोड़ गांव में लड़की होने पर कुआं पूजन व प्रतिभोज का आयोजन



सुनील कुमार

मंडी अटेली, गांव खोड़ में लडका-लडकी के भेद को दूर करते हुए बाल्मीकि परिवार में एक दंपति ने बेटी होने पर कुआं पूजन प्रतिभोज का आयोजन किया गया। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है, नवजात कन्या व उसकी माता को लोगों ने आशीर्वाद दे कर दीर्घायु की कामना की। खोड़ में रवि पत्नी रजनी को 19 जून को लडकी होने पर उसका नामकरण काव्या किया गया तथा सारे परिवार ने सर्वसममति से निर्णय लिया कि बेटी का बाजे-गाजे के कुआं साथ पूजन किया जाएगा।

गांव की सरपंच नूपुर सिंह ने बताया कि लडका लडकी में किसी प्रकार का भेद नहीं होता। इस परिवार ने एक अच्छी पहल कर समाज को रचनात्मक संदेश दिया है। इस मौके पर समाज सेवी मूलचंद, इंद्रजीत मोहनपुर, लडकी के दादा मुनीम, दादी शारदा देवी, कुलदीप सिंह, रॉकी, प्रवीण, रवि, राजाराम सहित अनेक गणमान्य लोगों ने जच्चा व बच्ची को आशीर्वाद दिया।

# एक नजर

## हरियाणाः सिरसा मंडी में राशन की दुकान में लगी आग

इंद्रजीत



**हरियाणाः** सिरसा में मंडी कालावाली में रेलवे फाटक के नजदीक सथित किरयाना की दुकान के सेकंड फ्लोर में आग लग गई जिस के चलते हुए फायर बिग्रेड मौके पर आ कर आग पर काबू पा लिया दुकान के मालिक का नाम पप्पी बागड़ी बताया जा रहा हैं। इस ऑपरेशन में डेरा सच्चा सौदा के प्रामियों ने बहुत मददत की फायर बिग्रेड के साथ मिल कर आग पर काबू पा लिया गया।

## उत्तर प्रदेशः मिर्जापुर में दो अज्ञात ने एक युवक को मारकर किया लहूलुहान



अनूप कुमार

उत्तर प्रदेशः मिर्जापुर में स्थानीय थाना क्षेत्र अहरौरा के मेहंदीपुर चौराहे के पास रात्रि लगभग 8:30 बजे चाय पान की दुकान पर रामबाबू पुत्र सदाफल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जसवा दुकान पर कुछ ले रहा था तभी अचानक 2 लोग युवक के पास आ करके बैठ गए और बातों ही बातों में कुछ कहासुनी को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, जिसको देखकर कुछ ग्रामीणों ने युवक को बचाने दौड़े तब तक हमलावर युवक को मारपीट कर फरार हो गए। मारपीट की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अहरोरा सीएचसी लाया जहां डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर को रेफर कर दिया। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि युवक की हालत एकदम गंभीर है। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है।

## ग्रेटर नोएडाः सीमा हैदर की बिगड़ी तबियत, डॉक्टर की निगरानी में इलाज जारी

मानसिंह पंवार



उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में पाकिस्तान से आई सीमा हैदर की तबीयत खराब होने पर कराया जा रहा इलाज। रबूपुरा में रह रही सीमा की कल रात से तबीयत खराब है। सीमा हैदर डॉक्टर की निगरानी में है, सीमा हैदर को ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है। सीमा हैदर ने अब राष्ट्रपति से लगाई गुहार भारत की नागरिकता चाहती है। सीमा हैदर सीमा हैदर ने अपना नाम सीमा मीणा लिखा। सीमा ने पाकिस्तान में अपनी जान को खतरा बताया।

## अरुणाचल प्रदेश में तेज भूकंप के झटके, 3.3 तीव्रता

अरुणाचल प्रदेश में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। बता दें कि, इसकी तीव्रता 3.3 मापी गई है। भूकंप के झटके सुबह 6:56 पर आए जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। एनसीएस ने ट्वीट कर अरुणाचल प्रदेश में आए भूकंप की जानकारी दी, हालांकि भूकंप से किसी भी तरह के जानमाल का नुकसान अभी तक नहीं बताया जा रहा है। शुक्रवार को राजस्थान के जयपुर में आधे घंटे के लिए तीन बार भूकंप आया था, जिससे लोगों के मन में काफी डर बैठ गया था।

## पंजाबः देश वासियों को मातृ भाषा का ज्ञान जरूरी



कुलभूषण वर्मा

पंजाबः नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति फतेहगढ़ साहिब ने आज हिन्दी कार्यशाला का भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गांव - महदिआं में आयोजन किया गया, जिसमें सभी समिति सदस्यों जैसे सार्वजानिक उपक्रम, बैंक, रेलवे, सार्वजानिक क्षेत्र की बीमा कम्पनी, भारतीय खाद्य निगम, भारतीय डाक विभाग व केंद्रीय विद्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया। \समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सैनी व सदस्य सचिव धर्मपाल कंडेरा ने कार्यशला में राजभाषा अधिनियम, नियम, संविधानिक प्रावधान की जानकारी दी। हिंदी भाषा को दिन प्रतिदिन की कार्यालय व घरेलू व्यवहार में प्रयोग में लाने व इसको बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सैनी ने उपस्थित सदस्यों को साक्षरता व शैक्षिकता के अंतर को विस्तार रुप से समझाया। यदि व्यक्ति अपनी मातृभाषा (राजभाषा) का ज्ञान (लिखना व पढ़ना) नहीं है। तो उसको साक्षर नहीं कहा जा सकता है। भले ही वो कितना शैक्षिक क्यों ही न हो।

## पंजाबः रेलवे रोड पर म्यूनिसिपल कमेटी की जमीन से हटाया गया अवैध कब्जा

कुलभूषण वर्मा

पंजाबः आम आदमी पार्टी सरकार ने आज रेलवे रोड पर नगर पालिका की करोड़ों रुपये कीमत की करीब एक एकड़ जमीन पर पिछले 65 साल से किये गए अवैध कब्जे को हटा दिया है। सवाल यह है कि इतने लंबे समय तक पंजाब सरकार और मंडी गोबिंदगढ़ कमेटी पर राज करने वाले कांग्रेस, बीजेपी और अकाली दल के नेताओं से यह कब्जा क्यों नहीं हटाया गया।

# चंडीगढ़ में स्वास्थ्य विभाग ने सुनाम में अवैध रूप से लिंग जांच करने वाले रैकेट का भंडाफोड़, अल्ट्रासाउंड मशीन और पैसे बरामद

पुनित कुमार

चंडीगढ़, पंजाब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने और राज्य में लिंग अनुपात को संतुलित करने के प्रयास में संगरूर जिले के सुनाम में एक अवैध लिंग निर्धारण रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मौके से एक पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और लिंग परीक्षण के लिए आरोपी को दिए गए 35000 रुपये भी बरामद किए गए।



इस संबंध में जानकारी देते हुए डायरेक्टर स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. रविंदरपाल कौर ने बताया कि बरनाला और संगरूर के सिविल सर्जनों ने स्वास्थ्य विभाग की एक संयुक्त टीम बनाई, जिसमें जिला परिवार कल्याण अधिकारी बरनाला डॉ. प्रवेश कुमार, डिप्टी मेडिकल कमिश्नर बरनाला डॉ. शामिल थे। गुरमिंदर औजला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आंचल कश्यप, रेडियोलॉजिस्ट सिविल अस्पताल बरनाला डॉ. शिखा, पीएनडीटी कोऑर्डिनेटर गुरजीत सिंह, जिला परिवार कल्याण अधिकारी संगरूर डॉ. इंद्रजीत सिंगला, डॉ. अमनप्रीत कौर और पीएनडीटी कोऑर्डिनेटर हरप्रीत सिंह ने छापेमारी की।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक गर्भवती मरीज को भ्रूण के लिंग का निर्धारण करने के लिए एक व्यक्ति के पास भेजा। मरीज को टेस्ट के लिए सुनाम के एक घर में बुलाया गया और आरोपियों ने उससे 35 हजार रुपये वसूल लिए। जैसे ही आरोपी ने जांच शुरू की, स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और 53 वर्षीय व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। डॉ. रविंदरपाल कौर ने सिविल सर्जन बरनाला डॉ. जसबीर सिंह औलख के प्रयासों की सराहना की, जिनके मार्गदर्शन पर यह ऑपरेशन चलाया गया और सहायक निदेशक डॉ. विनीत नागपाल, जिन्होंने राज्य भर से छापेमारी का समन्वय किया।

उन्होंने कहा कि इस आरोपी व्यक्ति की तलाश पड़ोसी राज्यों में भी की जा रही थी, इसलिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के सख्त निदेशों के तहत इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई की गई,छापेमारी के लिए जिला बरनाला और संगरूर के स्वास्थ्य अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई गई थी। इस संयुक्त छापेमारी में डॉ. परमिंदर कौर सिविल सर्जन संगरूर और पुलिस पार्टी ने अहम भूमिका निभाई।

छापेमारी में एक पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, लिंग परीक्षण के लिए आरोपियों को दिए गए 35000 रुपये भी बरामद किए गए। इसके अलावा मौके पर 2,49000/- रुपये की अन्य रकम और गर्भपात में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और दवाइयां भी बरामद की गईं. साजिशकर्ता को गिरफ्तार करने के अलावा, छापेमारी करने वाली स्वास्थ्य टीम के साथ गई पुलिस टीम ने एक महिला को भी गिरफ्तार किया, जिसने अपने घर पर अवैध रूप से गर्भपात कराया था। आरोपी के खिलाफ पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# जीते-जीते रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान करें- डा. पंकज सिंह

प्रमोद कुमार बंसल

चंदवाजी, डा. पंकज सिंह फाउंडेशन और सक्षम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में निम्स हॉस्पीटल परिसर में दिव्यांग सशक्तिकरण एवं दिव्यांग सेवा जनजागृति रथयात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने जीते-जीते रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान के लिए समाज को प्रेरित किया। यह यात्रा खाटू-श्याम जी से शुरू हुई है और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से गुजरेगी।

रथ यात्रा के पहले पड़ाव में डा. पंकज सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. पंकज सिंह ने फूलों की माला पहना कर और साफा बांध कर स्वागत करते हुए कहा कि संस्था की पहल सराहनीय है। संस्था समाज को दिव्यांगो के प्रति जागरूक कर रही है। उन्हें सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डा. पंकज सिंह फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में 23 जुलाई को निम्स विश्वविद्यालय परिसर में युवा संवाद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



सक्षम संस्था के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कमल कुमार ने संस्था के उछदेश्य की विस्तार से जानकारी देने के बाद कहा कि डा. पंकज सिंह फाउंडेशन के कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा पूरे प्रदेश में है। ये देश और समाज के कल्याण के लिए दो दर्जन से अधिक योजनाओं का संचालन कर रहे हैं जिसमें इन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को केन्द्रबिन्दु बनाया है। चित्तौड़गढ़ के प्रांतीय सचिव भागचन्द ने डा. पंकज सिंह का सम्मान के लिए अभार व्यक्त किया और संस्था की मदद की अपील की।

# भीम सेन शर्मा बने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान



सतीश

नारनौल, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन नारनौल की एक आवश्यक बैठक में स्प्रिंग फील्ड मिडिल स्कूल के संचालक भीमसेन शर्मा को संगठन का अध्यक्ष चुना गया है ' इस विषय में जानकारी देते हुए सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि स्प्रिंग फील्ड स्कूल नारनौल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई ' बैठक में सर्वसम्मति से भीमसेन शर्मा को अध्यक्ष चुना गया ' इससे पूर्व दिनेश शर्मा ने भीम सेन के नाम का प्रस्ताव रखा नीरज गौतम और याद राम ने समर्थन किया। तदुपरांत उन्हें आगामी तीन साल के लिए एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। इसके अलावा एसोसिएशन में सचिव पद के लिए दिनेश शर्मा एव कोषाध्यक्ष के लिए अखिलेश गर्ग को चुना गया। नवनियुक्त प्रधान भीमसेन ने कहा कि प्राइवेट स्कूल शिक्षा तंत्र का अहम बिंदु है किन्तु व्यवस्था इसे दुधारू गाय समझने लगी है ' संघर्ष एवं सहयोग के साथ संगठन अपनी व्यवहारिक मांगों के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।

# जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल और जनरल हॉस्पिटल नारनौल की ओर से जिले के विभिन्न गांवों में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरि सिंह

जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल ने रामबास कनीना में जांचा 229 मरीजों का स्वास्थ्य अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल नारनौल की ओर से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के विभिन्न गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर समय रहते उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है, ताकि मरीज गंभीर बीमारी आने से पहले ही अपनी शारीरिक समस्याओं से अवगत होकर अपनी बीमारी का समय से उपचार ले सके।

इसी कड़ी में शनिवार को कनीना क्षेत्र के गांव रामबास में निशुल्क परामर्श ० चिकित्सा शिविर में 229 रोगियों की जांच की गई। अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल नारनौल की टीम दवारा शिविर में आए मरीजों के ह्रदय गति, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, एचबी, टीबी, एचआईवी, ह्रदय रोग, दंत रोग, दमा, स्वांस, नजला व फिजियोथेरेपी आदि की जांच की गयी तथा आवश्यकतानुसार



निःशुल्क दवाईयां भी वितरीत की गई। जिसमे डॉक्टर एस .एस. यादव, डॉक्टर विनय यादव, डॉक्टर एस .पी. सिंह रेडक्रॉस, यदुवंशी डेंटल हॉस्पिटल से डॉ अमित यादव द्वारा मरीजों की जांच की गई।

अरनव राव मेमोरियल जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल के कैंप टीम इंचार्ज मनोज मित्तल ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही उनका उदेश्य है, उन्होंने बताया कि आज हमारी टीम द्वारा गांव रामबास में 229 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच एवं उचित परामर्श दिया गया। हमारे चिकित्सको द्वारा मरीजों एवं उपस्थित गांव के ग्रामीण को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया व गर्मियों के मौसम में होने वाली बीमारियों एवं उनसे बचाव के उपाय बताये तथा भीड़ भाड़ वाले स्थान पर मास्क का प्रयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर 11 पोधे भी लगायें गए ग्राम सरपंच सरोज देवी व एडवोकेट कुलदीप यादव, बालारामपंच, सूबेदार सुंदर लाल, इंद्रलाल, महेंद्र, अभिमन्यु यादव गांव रामबास के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# उत्तर प्रदेश: सुकरौली में बिजली के खंभे से टकराने से बाइक सवार एक युवक की मौत



विवेक आनंद

उत्तर प्रदेशः कुशीनगर में शनिवार करीब सायं 4 बजे हाटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाउमुण्डा चौराहा से आगे भिस्वामठवालगिर रोड पर एक बच्ची के अचानक आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने युवकों को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सुकरौली इलाज के लिए लाया जहां पर चिकित्सकों ने एक युवक (दीपक सिंह पुत्र रामाशंकर सिंह) को मृत्यु घोषित कर दिया और एक युवक (निखिल पुत्र चंद्रकेश) का इलाज करने के बाद हालात गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, घायल युवक दीपक सिंह पुत्र रामाशंकर सिंह उम्र 16 वर्ष और निखिल पुत्र चंद्रकेश उम्र 18 वर्ष दोनों भिस्वामठवालगिर के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी सुकरौली प्रभारी प्रदीप कुमार व कोतवाली थाना हाटा के एसआई महेंद्र प्रताप के हमराही सिपाहियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नारनौल के प्रसिद्ध टाइगर क्लब के प्रधान शिवकुमार के जन्मदिन पर सदस्यों द्वारा किया गया रक्तदान

सतीश

नारनौल का प्रसिद्ध टाइगर क्लब शहर के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है। टाइगर क्लब परिवार की चिर परिचित मुहिम कि पूरे जिले में हमेशा चर्चा रहती है। क्योंकि इसके सदस्य अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते रहते हैं। इसी परंपरा जन्मदिन पर रक्तदान को आगे बढ़ाते हुए टाइगर क्लब के प्रधान डॉ शिवकुमार के 45वें जन्मदिवस पर टाइगर क्लब के सदस्यों ने 7 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित टाइगर क्लब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने समस्त



युवा सदस्यों से अपील की कि हमें अपने जीवन के विशेष अवसरों पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

टाइगर क्लब परिवार के युवा सदस्य रवि खन्ना एवं सचिन सैनी ने युवाओं से आह्वान किया कि मनुष्य को जीवन में कम से कम 5 बार रक्तदान जरूर करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक रहता है। रोहित आजमनगर सचिन आजमनगर, हितेश रेवाड़ी रोड, अमित नलापुर ने इस अवसर पर रक्तदान कर सामाजिक कार्यों में युवाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गोगिया ने भी डॉ शिव कुमार को फोन करके उनके 45वें जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुवे सभी युवाओं से अपील की सभी युवाओं को हर तीन महीने में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर टाइगर क्लब परिवार के संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल, उप प्रधान राजू सैनी, गोलू लंबरदार, सचिव अमित कुलताजपुर, मनोज सिंघल, तरुण शर्मा, प्रमोद सैनी, नरेंद्र बंशी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# पंजाब: ग्राम सलाना में हुऐ गोलीकांड की घटना का आरोपी गिरफ्तार



कुलभूषण वर्मा

पंजाबः गांव सलाणा में हुई गोलीबारी की घटना के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जिला पुलिस प्रमुख रवजोत कौर ग्रेवाल ने बताया कि, शुरूआती पूछताछ के दौरान आरोपी कुलदीप सिंह ने बताया कि वह काफी पहले से फोरमैन के तौर पर काम करता था, जिसके चलते 2006 में उसने करनैल सिंह और करतार सिंह के साथ मिलकर खन्ना में जी एस फोर्जिंग नामक एक फैक्ट्री स्थापित की थी, जो कुछ समय बाद घाटे में चली गई और 2008 में, करनैल सिंह और करतार सिंह ने इस फैक्ट्री मे से कुलदीप सिंह का हिस्सा निकाल दिया, जिसके कारण उनके बीच आपसी झगड़ा शुरू हो गया। जिला पुलिस प्रमुख ने कहा कि, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे फैक्ट्री में उसके हिस्से के पैसे नहीं दिए गए थे और साथ ही एक अन्य सझी जमीन को लेकर उसके साथ विवाद हुआ था, जिसके कारण उसे भारी आर्थिक नुकसान होता चला गया जिला पुलिस प्रमुख ने यह भी बताया कि, कुछ दिन पहले आरोपी ने अपने लाइसेंस से एक राइफल बेची थी और इस लाइसेंस की 32 बोर की पिस्तौल लोड की थी।

# फतेहाबाद में बाढ़ पीड़ितों को शाक्य समाज ने बाढ़ पीड़ितों के लिए दान की सब्जियां और राशन



रमेश कुमार

फतेहाबाद में बाढ़ के कारण तमाम परिवार बेघर हो गए है। उनके लिए रेडक्रास सोसायटी, गुरुद्वारों वा अन्य कई जगहों पर भोजन आदि का प्रबन्ध किया गया है। आज शाक्य समाज की तरफ से शाक्य सेवा समिति फतेहाबाद, दुर्गा फ्रूट कंपनी ओर मंडी के सहयोग से रेड क्रॉस सोसाइटी और गुरुद्वारो में सब्जियां दान की गई। इस मौके पर दुर्गा फ्रूट कंपनी के संचालक प्रवीन शाक्य, बीएसएफ से रिटायर्ड फौजी नीरज शाक्य, रिटायर्ड अध्यापक निरंजन शाक्य,शाक्य सेवा समिति के अध्यक्ष और जनहित ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश शाक्य और विनोद शाक्य मौजूद रहे।

# मणिपुर में कैसे भड़की हिंसा, महिला को क्यों किया निर्वस्त्र



युद्धिष्टिर राणा

मणिपुर की वायरल वीडियो मामले में शुक्रवार को नाराज भीड़ ने घटना के मुख्य आरोपी को का घर जला दिया। अभी तक इस मामले में 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जितनी भी राजनीतिक पार्टियां हैं, वो सभी इस घटना की निंदा कर रही है। यह घटना मणिपुर के कान गोपी कि बताए जा रहे हैं आंखों की और जॉनी समुदाय की दो महिलाओं से दरिंदगी की गई। इस दरिंदगी का आरोप में ही मैतई समुदाय के लोगों पर लगा है। मणिपुर में पहली बार 3 मई को हिंसा हुई थी, तब से लगातार आगजनी तोड़फोड़ की जा रही है, पिछले कुछ दिनों से धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की तरफ लौट रहा था। इंटरनेट चालू कर दिया गया, जिसका नतीजा यह निकला की सोशल मिडिया पर एक वीडियो वायरल हुई, जिससे पूरे देश में तनाव की स्थिति पैदा हुई।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह घटना फर्जी है, सोशल मीडिया पर यह खबर फैला दी गई थी कि, मैतई समुदाय की एक बेटी के साथ रेप हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। इस वजह से मैतई समुदाय की भीड़ ने सामुदायिक बाहुल्य गांवों पर हमला बोल दिया।

# हिमाचल प्रदेश: आपदा के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान

युद्धिष्टिर राणा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को आज यहां बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए वित्तीय सहायता के रूप में आपदा राहत कोष के लिए लगभग 5.50 करोड़ रुपये के चेक भेंट किए गए। एडी हाइड्रो पावर लिमिटेड और मलाणा पावर कंपनी प्रबंधन ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए पांच करोड़ रुपये के चेक भेंट किए।

इसके अतिरिक्त आपदा राहत कोष के लिए विश्व जागृति मिशन हिमाचल प्रदेश ने 10 लाख रुपये, शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.के. खोसला ने 11 लाख




रुपये, राजस्व अधिकारी संघ ने पांच लाख रुपये, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 2,10,959 रुपये, हमीरपुर जिला के नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ निवासी पुरूषोत्तम दास ने 2.11 लाख रुपये, पी.सी. वर्मा के नेतृत्व में नादौन विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने 1.51 लाख रुपये, नादौन के निवासी ज्ञान चंद ने 2 लाख रुपये, जामा मस्जिद मुस्लिम कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने 1.15 लाख रुपये, सेंट बीड्स महाविद्यालय की शिमला प्रधानाचार्य मौली अब्राहम और मंडी सुकेत ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने एक-एक लाख रुपये का योगदान किया। इसके अतिरिक्त अन्य दानी सज्जनों ने भी आपदा राहत कोष 2023 के लिए अंशदान किया।

मुख्यमंत्री ने दानकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह योगदान प्रभावित परिवारों को मदद प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस कोष के लिए योगदान का आग्रह किया ताकि जरूरतमंदों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि, आज इस कोष के लिए 5.50 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

# मुख्यमंत्री ने चिड़गांव में हुई सड़क दुर्घटना पर शोक किया व्यक्त

युद्धिष्टिर राणा

हिमाचल प्रदेशः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल रात शिमला जिला के चिड़गांव क्षेत्र में खाबल गांव के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन



लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग घायल हो गए।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# लोगों को रजिस्ट्री की नकल निकलवाने में हो रही थी दिक्कत, अब ऑनलाइन सुविधा का उठा सकते है फायदा



राजू

हरिद्वार रजिस्ट्री ऑफिस आए हुए नए रजिस्ट्रार साहब से कुछ मुख्य वार्ता की वार्ता में एनसीआर समाचार के द्वारा स्टार साहब के मुख्य विचार यह थे कि जिस तरह लोगों को रजिस्ट्री की नकल निकलवाने में दिक्कतें हो रही थी। उन्होंने यह प्रावधान किया है कि वह नकल के द्वारा भी अपनी नकल निकलवा सकते हैं। उन्हें तहसील के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे ऑनलाइन सुविधा का फायदा उठा सकते हैं।

इस विषय में उन्होंने प्रावधान किया गया कि यदि व्यक्ति रजिस्ट्री ऑफिस भी नहीं आ सकता है तो वह ऑनलाइन वेबसाइट नकल से भी लाभ उठा सकता है। अपनी नकल निकलवा सकता है। उन्होंने कहा हमने अपना साइन अप किया हुआ लोगों कंप्यूटर में लगाया हुआ है। वह इस साइट पर जाकर नकल निकाल सकते हैं एनसीआर संरक्षक विकास रावत ने बताया यह काफी अच्छी सुविधा है जनता इसका अधिक से अधिक उपयोग करें।

# बायर्स को देनी पड़ी 20 करोड़ की सम्पत्ति, मनाया जश्न

एनसीआर समाचार



**▸▸कोर्ट ने लगाया था 20 करोड़ का जुर्माना,**
**▸▸ राशि नहीं होने पर 200 बायर्स ने किया था केस**
**▸▸फ्लैट की रि-ऑक्शन कर बायर्स को मिलेगी राशि**

**हरियाणा।** बायर्स को समय पर पजेशन नहीं देने का खामियाजा रामप्रस्था बिल्डर को उठाना पड़ा। बिल्डर द्वारा फ्लैट व पार्किंग एरिया समेत 20 करोड़ रुपए की राशि की कुल सम्पत्ति बायर्स के नाम करनी पड़ी। जिस पर बॉयर्स ने अपनी जीत का जश्न मनाया। बिल्डर के खिलाफ आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष की अगुवाई में 200 लोगों ने कोर्ट में लड़ाई लड़ी। जिस पर कोर्ट ने बिल्डर पर देरी से पजेशन देने पर सितंबर 2022 में 20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। लेकिन बिल्डर ने तीन महीने बाद भी यह रकम बॉयर्स को नहीं दी। जिस पर बॉयर्स दोबारा कोर्ट पहुंचे। इस मामले में बिल्डर ने कोर्ट में कहा कि उसके पास नकद रकम नहीं है, जिस पर कोर्ट ने बिल्डर से जुर्माना राशि के बदले सम्पत्ति देने की बात कही। जिसके बाद शुक्रवार को बिल्डर द्वारा फ्लैट व पार्किंग एरिया समेत 20 करोड़ रुपए की राशि की कुल सम्पत्ति बायर्स के नाम कर दी। रविवार को बॉयर्स ने अपनी जीत का जश्न मनाया। आपी सिटी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप राही ने बताया कि वर्ष 2010 में उन्होंने रामप्रस्था बिल्डर से सेक्टर-37 डी में फ्लैट बुक किए थे। लेकिन उन्हें समय पर पजेशन नहीं नहीं दी गई और बिल्डर ने उन्हें वर्ष 2018 तक भी फ्लैट की पजेशन नहीं दी। इस पर वर्ष 2015 से 2018 के बीच आरडब्ल्यूए अध्यक्ष प्रदीप राही की अगुवाई में करीब 200 बॉयर्स ने रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एसोसिएशन के माध्यम से 2018 में एनसीडीआरसी अदालत में मामला दायर किया था। कोर्ट ने बिल्डर पर देरी से पजेशन देने को लेकर सितंबर 2022 में बॉयर्स के पक्ष में निर्णय दिया। फैसले के बाद जब एसोसिएशन ने भुगतान के लिए बिल्डर से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि उनके पास भुगतान करने के लिए 20 करोड़ रुपए नहीं हैं। गत शुक्रवार को कोर्ट में सभी छह केसों की अंतिम सुनवाई हुई। कुल वैल्यूएशन 20 करोड़ लगाते हुए कोर्ट के आदेश के बाद करीब 20 करोड़ की सम्पत्ति बॉयर्स के नाम कर दी। प्रदीप राही ने बताया कि बिल्डर द्वारा दिए फ्लैट्स, पार्किंग व अन्य सम्पत्ति की रि-ऑक्शन करेंगे और सम्पत्ति को बेचने के बाद भी बॉयर्स को राशि वितरित की जाएगी। कुछ ऐसे लोग भी इनमें शामिल हैं, जिन्हें पजेशन नहीं मिली थी, तो उनको अलग-अलग राशि तय की गई है। न्यूनतम राशि पांच लाख जबकि अधिकतम 20 लाख रुपए की राशि लोगों को वितरित की जानी है।

# प्रक्रुथी ट्रस्ट ने अरूआ और मोठुका के बाढ़ राहत शिविरों में खाना और कपड़े बाँटे- रमा सरना



हरियाणाः फरीदाबाद में प्रक्रुथी ट्रस्ट द्वारा जिला प्रशासन के अनुरोध पर बाढ़ प्रभावित गांवों अरूआ और मोठुका के सरकारी स्कूलों में रह रहे लोगों के लिये भोजन के 350 पैकेट और कपड़े संस्था की अध्यक्ष रमा सरना की अध्यक्षता में बाँटे। इस मौके पर स्वस्थ्य विभाग जिला कोऑर्डिनेटर उर्मिला शर्मा व बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर समाजसेवी विमल खंडेलवाल, आशा वर्कर, डाक्टर ए एन एम, सुरेन्द्र जगा व कैलाश शर्मा भी मौजूद थे।

अध्यक्ष रमा सरना ने कहा कि वहाँ जाकर पता चला कि राहत शिविर में रह रहे लोग अपना सब कुछ पानी में बह जाने से कितना दुखी हैं। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे को चेहरे पर खाने के पैकेट देखते ही खुशी झलक गई। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था के सभी सदस्य मिलकर आर्थिक मदद करके बाढ़ पीड़ित लोगों को खाना बाँट रहे हैं। बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि समासेवियों और समाजसेवी संस्थाओं के लिये सेवा करने का यही वह समय है जहाँ वह आगे आकर बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करें और उनका जीवन फिर से बसाने में आगे आयें। आज देश की हर संस्था को खर्चे वाले सभी कार्यक्रम छोड़कर अपने बाढ़ पीड़ित देशवासियों की सेवा चाहे वह तन से हो चाहे धन से जरूर करें। इसी को नर सेवा नारायण सेवा कहते हैं।

स्वस्थ्य विभाग जिला कोऑर्डिनेटर उर्मिला शर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य विभाग बाढ़ पीड़ितों की हर तरह से मदद कर रहे हैं और जब तक यह लोग वापिस अपने घरों में बस नहीं जाते मदद करते रहेंगें। समाजसेवी व भाजपा नेता विमल खंडेलवाल ने कहा कि सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को तुरंत राहत पहुँचाते हुए उन्हें पानी से बचाकर बाहर निकाला और राहत शिविर कैम्प खोलकर उनके रहने, खाने पीने व स्वास्थ्य का पूरा इंतजाम किया।

## एक नजर

### कंपनी की महिला कर्मी सहित दो घायल

**चंडीगढ़,एजेंसी।** अलग-अलग थाना एरिया में हुए सडक हादसों में कंपनी की महिला कर्मी सहित दो घायल हो गए। जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दिल्ली के द्वारका में रहने वाली वंशिता देवेंद्र सेक्टर 49 स्थित एक कंपनी में काम करती है। बीती देर सायं वह ड्यूटी खत्म कर घर जाने के लिए निकली। इसी दौरान सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मारी। वह उछलकर गाड़ी के बोनट पर गिर गई। हादसे में उनका फोन भी टूट गया। हादसे में घायल वंशिता को अस्पताल भर्ती कराया गया। बाइक सवार सुरेंद्र खटाना को पीछे से आ रहे एक ट्राला ने टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक ट्राला छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को पास के ही निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गुरुग्राम रेफर कर दिया। फिलहाल सुरेंद्र का इलाज आईसीयू में चल रहा है।

### 20 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से मिलेगा फोर्टिफाइड सरसों का तेल : डीसी

**हरियाणा,एजेंसी।** जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवारों को हर माह सरसों का तेल देने का फैसला किया है। इस योजना में प्रदेश के करीब 20 लाख गरीब परिवारों 20 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से फोर्टिफाइड सरसों का तेल देने का निर्णय लिया है। इस योजना में नूंह जिला के 1 लाख 38 हजार 861 गरीब परिवार शामिल हैं। इसके लिए सरकार ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रबंध निदेशक और हैफेड के प्रबंध निदेशक को प्रत्येक जिले के फोकल प्वाइंट पर जुलाई माह की डिलीवरी भी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। हैफेड द्वारा प्रदेश के 15 जिलों और हर स्टोर द्वारा प्रदेश के अन्य सात जिलों में डिलीवरी दी जाएगी। सरकार की इस पुन बहाली योजना के तहत सर्वप्रथम उन गरीब परिवारों को कवर किया जाएगा, जिनकी परिवार पहचान पत्र में आय एक लाख रुपये से कम है।

### चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र का स्थानांतरण

**हरियाणा,एजेंसी।** पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने खोरीकला चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र का स्थानांतरण कर उनके स्थान पर एसआई निखिल कुमार जागिड़ को नियुक्त किया गया है। खोरीकला राजस्थान सीमा से सटा हुआ क्षेत्र है। जिस में कोई न कोई असमाजिक गतिविधियां घटित होती रहती हैं। जिसके लिए विशेष रूप से तेज तर्रार एसआई निखिल जागिड़ को नियुक्त किया है कि क्षेत्र में फैल रही असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। जहां पदभार सम्भालने के तुरंत पश्चात निखिल कुमार एसआई ने भी अपना रंग दिखाना प्रारम्भ कर दिया है। निखिल कुमार का कहना है कि उनके क्षेत्र में गो कशी जुआ सट्टा एवं अवैध माईनिंग व ओवर लोड के सख्त विरूद्ध हैं। जहां उन्होंने ओवरलोड डम्परों के चालान किये हैं वहीं क्षेत्र में भारी पैमाने पर चल रहा जुआ सट्टा खेलने वालों के विरूद्ध भी छापामारी की है। एसआई निखिल की टीम हमेशा खोरीकला नाके पर तैनात रहती है।

### नौकरी से निकालने पर मालिक को दी धमकी, एक लाख मांगे

**हरियाणा,एजेंसी।** सेक्टर-53 एरिया में नौकरी से निकाले जाने के बाद नौकर द्वारा फोन पर मालिक को धमकी देने व एक लाख रुपये मांगे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। दिल्ली निवासी मोहन सिंह गिल अपनी पत्नी के साथ कुछ महीनों से गुड़गांव के सेक्टर-53 में अपनी बेटी के साथ रह रहे हैं। मोहन सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने दिल्ली स्थित आॅवास पर यूपी के उन्नाव निवासी नरेंद्र सिंह चौहान को घरेलू सहायक रखा था। शराब पीने व गलत आचरण के चलते नरेंद्र सिंह का पूरा हिसाब करने के बाद 18 जुलाई को नौकरी से हटा दिया गया। लेकिन आरोपित मोहन सिंह गिल व उनके परिवार के लोगों के मोबाइल फोन पर धमकी भरे मैसेज भेज रहा है।

उसने मैसेज में एक लाख रुपये न देने पर उन्हें व उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी है। सेक्टर 53 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।नाके से प्रत्येक आने जाने वाले वाहन पर उनकी नजर होती है।

### ऑनलाइन जुआ व सट्टा खिलाने में सॉफ्टवेयर मुहैया कराने वाला काबू

**हरियाणा, एजेंसी।** सेक्टर-39 क्राईम ब्रांच ने ऑनलाइन जुआ व सट्टा खिलाने के मामले में साफ्टवेयर मुहैया कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने यह साफ्टवेयर दो लाख रुपये में बेचा था। पुलिस ने आरोपी से 3 लैपटॉप बरामद किए हैं। पुलिस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और सोहना शहर थाना पुलिस में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सेक्टर-39 क्राईम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज को सूचना मिली कि सोहना के निकट एक एल्डेको अपार्टमेंट के एक फ्लैट में ऑन लाईन जुआ व सट्टा खिलाया जा रहा है। जिस पर टीम का गठन कर मौके पर रेड की और ऑन लाईन जुआ व सट्टा खिलाने के दो आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान सिरसा निवासी 34 वर्षीय मुकेश कुमार व सोहना के गांव सांप की नंगली निवासी 33 वर्षीय सतबीर उर्फ सन्तु के रुप में हुई।

# बसपा के तत्वाधान में जिला सवाई माधोपुर के खंडार विधानसभा में गांव चलो अभियान के तहत नुक्कड़ मीटिंग सवाईगंज कार्यक्रम का आयोजन

प्रवीण कुमार बैरवा



बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला सवाई माधोपुर के खंडार विधानसभा में गांव चलो अभियान के तहत नुक्कड़ मीटिंग सवाईगंज ग्राम में की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी सुमरत सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्षता राजेश भोजवाल ने की विशिष्ट अतिथि हेमराज बैरवा जिला प्रभारी बबलू खंडीप जिला प्रभारी तथा पूर्व जिला अध्यक्ष थान सिंह जाटव विधानसभा अध्यक्ष मोहनलाल बेरवा, विधानसभा प्रभारी अमृत लाल बेरवा,विधानसभा सचिव हरि शंकर बैरवा, रंजीत हरि नारायण बेरवा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।

सभी ग्राम वासियों ने बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों का साफा माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी समर सिंह ने संबोधित करते हुए बताया की कांग्रेस और भाजपा की गलत नीतियों के कारण राजस्थान प्रदेश में गरीब समाज के लोगों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिला। उसी का कारण है कि आज राजस्थान प्रदेश में दलित समाज पर अन्याय अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। गरीब वर्ग के लोगों को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान में कानून बना करके इनका भला किया।

लेकिन कांग्रेसी भाजपा की सरकारों ने उन कानूनों का लाभ कभी इन गरीब दलित आदिवासी पिछड़े मुस्लिम धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों को नहीं मिलने कांग्रेस की सरकार से राजस्थान में पेपर लीक घटना को लेकर युवा काफी आक्रोश में है को राजस्थान में बदलाव जाता है और कानून द्वारा कानून का राज उत्तर प्रदेश में बहन कुमारी मायावती ने कैसे स्थापित किया।

# उत्तर प्रदेश: कुशीनगर थाना में समाधान दिवस पर SDM सीओ ने सुनी जनता की फरियाद

श्रवण कुमार



उत्तर प्रदेशः कुशीनगर थाना अहिरौली बाजार थाना परिसर में माह के चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस हाटा के उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अयोजित किया गया। थाना समाधान दिवस में कुल 12 मामले आए, जिसमें तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस थाना समाधान दिवस में कुल 12 फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर आए जिसमें नौ मामले राजस्व के तथा तीन मामले पुलिस से संबंधित रहे, जिसके बाद राजस्व टीम और पुलिस की टीम ने 12 मामलों में से 3 मामलों का त्वरित निस्तारण कर दिया शेष मामलों को मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पर उप जिलाधिकारी हाटा ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित गति से किया जाए ताकि फरियादियों को न्याय मिल सके। क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह ने भी अपने मातहतों को निर्देश देते हुए पुलिस से संबंधी मामलों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह हेड कांस्टेबल सोनदेव यादव कांस्टेबल राममिलन धर्मेन्द्र कुमार एवं राजस्व के लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला से की मारपीट

**▸▸महिला सहित 2 लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया**

**हरियाणा,एजेंसी।** जनपद नूंह के अन्तर्गत तावडू उपमंडल के ग्राम निजामपुर में एक घर में घुस महिला के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से कान काटने व जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार जमशीदा पत्नी अनीश निवासी निजामपुर हाल निवासी धीरनकी थाना हथीन पलवल ने सदर थाना तावडू में प्राथमिकी अंकित करा बयान दिया है कि फजल, सुहान, मौसिमा पत्नी फजल निजामपुर हमसे पहले से ही रंजिश रखते हैं। फजल अपराधी किस्म का व्यक्ति है जिसने लगभग 2 माह पूर्व मेरे सोने के कुंडल छीन लिये थे जिसका आपसी बिरादरी के रूप में फैसला करा दिया गया। जो इसी बात को लेकर आरोपित हमसे रंजिश रखते आ रहे हैं। बयान में कहा है कि 17 मार्च को सांय 3 बजे के लगभग मैं घर पर अकेली थी कि तभी आरोपित सुहान, फजल, मौसिना ने पकड़ कर फजन ने मेरे गले में रस्सी डाल कर मारपीट करने लगे कि तभी फजल ने अपने हाथ में लिया हुआ तेज धारदार मेरा सीधा कान काट कर अलग कर दिया व आंख व नाक के समीप भी चोट मारी। शोर मचाने कुछ लोग मौके पर आ गये बीच बचाव किया। आरोपित कह रहे थे कि यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। तब तक मेरे कान व गले से खून बहने लगा और मैं बेहोश हो गई। किसी व्यक्ति ने मेरे पिता गांव धीरनकी को सूचना दे दी तो मेरा पिता भी वहां पहुंच गया। घायल का दिल्ली स्थित ट्रामा सैन्टर में ईलाज चल रहा है। खोरीकला चौकी प्रभारी निखिल कुमार ने जमशीदा के बयान पर 1 महिला सहित 2 व्यक्तियें के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी अंकित कर कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने की भूख हड़ताल



**हरियाणा, एजेंसी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ और शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों व शिक्षा मंत्री के बीच लंबे गतिरोध के चलते पिछली 23 अप्रैल से यमुनानगर में प्रदेश के शिक्षकों की क्रमिक भूख हड़ताल जारी है। इस संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए आज पलवल जिला से राज्य सचिव राकेश शर्मा के नेतृत्व में भूतपूर्व राज्य सचिव बलजीत सिंह शास्त्री, पूर्व राज्य उप प्रधान हरी चंद वर्मा, जिला सचिव थान सिंह शर्मा और पलवल खंड कोषाध्यक्ष हुकुम चंद शर्मा अनशन पर बैठे।

शिक्षक नेता राज्य कमेटी सदस्य अनिल सैनी, राकेश धनखड़ व अमरीक सैनी ने अनशनकारी शिक्षकों को फूल माला पहनाकर अनशन पर बैठाया। धरने पर मौजूद जिला के शिक्षकों को संबोधित करते हुए बलजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि संघ ने पिछले तीन-चार वर्षों से अभियान चलाकर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नामांकन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। परंतु प्रदेश सरकार की चिराग योजना, स्कूल मर्जर योजना, दाखिला में आयु व परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता जैसी शर्तें लगाकर छात्र संख्या को घटा रही है। ऐसी शर्तों को हटवाने, उनमें सुधार करने तथा छात्रों व शिक्षकों की अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री और आला अधिकारियों से पिछले चार-पांच वर्षों में दो-तीन बार ही बातचीत हो पाई है। वह भी प्रदेश के शिक्षकों द्वारा बड़ी-बड़ी रैलियां और विरोध प्रदर्शन करने के बाद। इन बातचीत में जिन मुद्दों पर सहमति बनी, उन्हें लागू ही नहीं किया गया।

अधिकारी मूकदर्शक की तरह तमाशबीन बने हुए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बातचीत के द्वारा इन मांगों का निपटारा जाए।पूर्व उप प्रधान हरी चंद वर्मा ने कहा कि चिराग योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूल छोड़ कर प्राइवेट स्कूलों में जाने वाले कक्षा दूसरी से बारहवीं तक के छात्रों की फीस सरकार भरेगी। यह प्रदेश की ऐसी पहली सरकार है जो अपने शैक्षणिक ढांचे को नकारा साबित करके प्राइवेट स्कूलों को श्रेष्ठ साबित कर रही है। दूसरी तरफ सरकारी मॉडल स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों से दाखिला और मासिक फीस वसूल रही है। जो शिक्षा अधिकार अधिनियम कानून का सरासर उल्लंघन है। उन्होंने चिराग योजना को वापिस लिए जाने की मांग की। प्रदेश सरकार जेबीटी अध्यापकों के वर्ष 2016 के बाद से तबादले नहीं कर पाई है। उन्होंने मांग की है कि 2017 में लगे जेबीटी शिक्षकों को स्थाई जिले आवंटित करते हुए सामान्य व जिला कैडर के अध्यापकों के अंतर जिला स्थानांतरण किए जाएं। जिला प्रधान संजय कंबोज ने कहा कि संघ हमेशा बातचीत द्वारा समस्याओं के समाधान का पक्षधर रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा सरकार संघ को बुलाकर बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान करे। अन्यथा संघर्ष का बिगुल और तेज कर दिया जाएगा। धरने को डा. ओम प्रकाश, प्रदीप गोदारा, भूपेंद्र ढिकारा, संदीप पिलानिया आदि शिक्षक नेताओं ने भी संबोधित किया।

# मणिपुर हिंसा पर मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने टाली इस्तीफे की बात

एनसीआर समाचार



मणिपुर की हिंसा को लेकर पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। 4 मई को हुई अमानवीय कृत को लेकर सभी यही चाहते हैं कि, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह को इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं विपक्षी प्रधानमंत्री मोदी से एन बिरेन सिंह को निष्कासित करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि, इस घटना में दो महिलाएं काल का शिकार बन गई, जिनकी वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई, जिन्हें नग्न कर पूरे गांव में घुमाया गया।

एन बिरेन सिंह के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद में काफी हंगामा हुआ, जिसके बाद एन बिरेन सिंह अपने इस्तीफे की मांग को टालते हुए कहा कि, उनका काम राज्य में शांति लाना है।

शुक्रवार यानी आज सीएम एन बिरेन सिंह ने वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए अपराधियों को सजा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि, घटना के सिलसिले में अब तक मुख्य आरोपी सहित चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है। उनकी सरकार दोषियों के लिए अनुकरणीय सजा सुनिश्चित करेंगी।

मणिपुर हिंसा को लेकर सदन में काफी हंगामा हुआ। घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए संसद के मौजूदा मानसून सत्र में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर दोनों बार सदन के कार्यों में व्यवधान हुआ। इस दौरान विपक्षियों ने काफी उग्र प्रदर्शन किया, जिस पर मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा कि, वो सभी महिलाओं के साथ उसी तरह व्यवहार करते हैं, जैसे की अपनी माताओं और बहनों के साथ करते हैं और अपराध को कभी नजरअंदाज नहीं करते। उन्होंने कहा कि, इससे पता चलता है कि मणिपुर में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन क्यों हो रहा है।

एन बीरेन सिंह ने कहा, वायरल वीडियो सामने आने के बाद हर कोई आक्रोश में हैं। हमारे समाज में सभी महिलाओं को मां और बहन के रूप में देखा जाता है। यही वजह है कि, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर राज्य भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

# बाइक चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हरियाणा,एजेंसी।** मानेसर क्राईम ब्रांच की टीम ने बाईक चोरी करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की गई दो बाईक बरामद कर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दरअसल, भोंडसी थाना एरिया में देवनगर पार्ट-1 व देवनगर पार्ट-2 में बाइक चोरी हो गई थी। जिस पर भोंडसी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए मानेसर क्राईम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक आरोपी हर्ष उर्फ हरसू को बाईपास रोड शिकोहपुर, गुरुग्राम से व दूसरे आरोपी मोहित उर्फ काले को रिठोज रोड भोंडसी, गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। आरोपियों से चोरी हुई 2 बाईक भी बरामद की गई।

# हाई मास्क लाइट से रोशन हुए मुख्य मार्ग



**फिरोजपुर,एजेंसी।** नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सौजन्य से शहर की मुख्य गुरुग्राम अलवर मार्ग स्थित बीवां मार्ग पर हाई मास्क लाइट की रोशनी से पूरा मार्ग रोशन हो गया है। दुधिया लाइट में वाहन चालकों को काफी सुविधा हो रही है। जिससे मुख्य मार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। इसके अलावा हाईवे रोड को पैदल पार करने वाले यात्रियों को भी सहूलियत हो गई हैं। शहर के खुर्शीद अहमद, जुनैद खान, हसीन अहमद, पोप सिंह सैनी, विनोद मेहता, रमेश कामरा, यूनुस एक्शन का कहना है कि शहर के गुरुग्राम अलवर हाईवे रोड पर हाई मास्क लाइट लगने से पूरा शहर लाइट की रोशनी उसे अच्छी तरह से जगमगा रहा है। शिवराज़ि मेले से पूर्व शहर के मुख्य मार्गों को पूरी तरह से रोशन कर दिया गया है। हाई मास्क लाइट लगने से तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर अब लगाम लग सकेगी। शहर के बीचों रोड से लेकर थाने परिसर तक हाई मास्ट लाइट को लगाया गया है। नगरपालिका के चेयरमैन मनीष जैन ने कहा कि शहर के गुरुग्राम अलवर मुख्य मार्गों के साथ-साथ, भोंड गेट, तिजारा मार्ग, बीवा मार्ग सभी मुख्य मार्गों के लाइटों को सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है। शहर के लगभग सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर करने के लिए नया ढ़ाचा कार्य तेजी के साथ कराया जा रहा है।

## संपादकीय

# अभी और कितना जलेगा मणिपुर

मणिपुर देश के पूर्वोत्तर में स्थित एक महत्वपूर्ण राज्य है। जिसकी सीमा पड़ौसी देश म्यांमार से लगती है। पिछले 3 महीनों से मणिपुर राज्य अंदरूनी हिंसा से जूझ रहा है। यहां की आबादी के दो प्रमुख समुदाय मैतई व कुकी जनजाति के मध्य जातीय संघर्ष छिड़ा हुआ है। जिसमें अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है व 450 लोग घायल हो चुके हैं। तीन महीने बीत जाने के बाद भी आपसी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मणिपुर में 2017 से भाजपा के एन बीरेन सिंह मुख्यमंत्री है। लेकिन इस समय एन बीरेन सिंह की सरकार वहां की हिंसा पर नियंत्रण करने पर पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। हर दिन हो रही आपसी मारकाट के चलते मणिपुर का जनजीवन पूरी तरह से ठप्प हो गया है।

हाल ही में एक पुरानी घटना का वीडियो सामने आया था। जिसमें कुछ महिलाओं के साथ मैतई समुदाय के लोगों ने बलात्कार कर उनको नंगा घुमाया था। इस घटना के सामने आने के बाद पूरा देश खुद को शर्मसार महसूस कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस घटना पर स्वतः प्रसंज्ञान लेते हुए केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि मणिपुर में शांति बहाली की दिशा में त्वरित कार्यवाही की जाए। विपक्षी दलों के नेता लंबे समय से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं।

प्रदेश में चल रही अशांति के चलते मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कुछ समय पूर्व राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने जा रहे थे तो रास्ते में महिलाओं के समूह ने एकत्रित होकर उनके इस्तीफे को छीनकर फाड़ दिया था। विपक्ष द्वारा उस घटना को सरकार द्वारा प्रायोजित घटना बताई जा रही है। वही उस घटना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह प्रदेश को आपसी संघर्ष की आग में जलता हुआ छोड़कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोडेगें।

सुप्रीम कोर्ट के प्रसंज्ञान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं की निंदा करते हुए गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होने कहा किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा। मणिपुर की पुलिस भी आपसी जातीय गुटों में बंट चुकी है। पुलिस के जवान पुलिस थानों से आधुनिक हथियार छीनकर एक दूसरे के खिलाफ उपयोग कर रहें हैं। राज्य सरकार शांति बहाली की प्रक्रिया में पूरी तरह असफल रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को त्वरित कार्यवाही करते हुए मणिपुर में शांति बहाली हो इस दिशा में तेजी से काम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं आगे आकर सभी विपक्षी दलों के नेताओं से मणिपुर की स्थिति को लेकर चर्चा कर उनके सुझाव लेने चाहिए। मणिपुर से म्यांमार की 350 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है। जिसके ज्यादातर हिस्से में किसी तरह की फेंसिंग नहीं होने के कारण लोगों का बिना किसी डर के आना जाना लगा रहता है।

# जीतेगा भारत, विपक्षी गठबंधन को इंडिया नाम मिला

जीतेगा भारत जिसकी चर्चा चहुँ दिशाओ हो रही है। आप के मन कई सवाल व शंका उत्पन्न हो रहे होगें 'भारत की ड़ंका आप किस देश-किस क्षेत्र में बजने वाली है। मै यहाँ पर स्पष्ट करना चाहुँगा कि आज मै भारत का अपने किसी विदेशी प्रतिदुन्दी टीम से खेल में या किसी अन्तराष्ट्रीय क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों पर नही है। बल्कि भारत में दो राजनीतिक दलों के मध्य आगामी वर्ष 2024 मे लोकसभा आम चुनाव में सता पक्ष विपक्ष के मध्य राजनीतिक क्रिकेट पिच पर उतरने के कमर कसने की है।

-विनोद तकियावाला-



भारतीय राजनीति में घटने वाली घटनाओं की चर्चा आजकल भारत में ही नही वरन सम्पूर्ण विश्व राजनीति के मनीषीयों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चाहे वह प्रधान मंत्री का विदेशी दौरा रहा हो या पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावी हिंसा या मणिपुर की दिल दहला देने वाली हिसा की घटना हो इन घटनाओं में एक घटना विपक्षी एकता को लेकर विगत दिनों कनार्टक में कांग्रेस पार्टी की अगुवाई में 26 राजनीतिक दलों की बैठक है। आप को बता दें कि यह विपक्षी दलों की दुसरी बैठक थी। इसके पूर्व विपक्षी पार्टी की गठवन्धन की पहली बैठक बिहार की ऐतिहासिक राजधानी पटना में बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार व लालु यादव के नेतृत्व हुई थी। जिसमें 18 राजनीतिक दलों नें शिरकत किया था। विपक्षी एकता को लेकर सतापक्ष-विपक्ष में आये दिनों काफी नोक झोक व टीका टिप्पणी देखने को मिलता रहता है। केंद्र में सतारूढ़ भाजपा के अगुवाई एनडीए की सरकार इस बैठक के खतरें को भाँपते हुए आनन फानन मे अगले दिनों देश की राजधानी दिल्ली में 38 दलों के कुनबों के शाथ बैठक की। इस 38 दलो में एनडीए पुराने साथी नही दिखे, नये कुनवे कई राजनीतिक दल ऐसे शामिल थे जिसकी मत प्रतिशत की बात तो दुर थी, इस पार्टी ना कोई विधायक या सांसद बनें हैं। इस बैठक की अहमियत इस बात से चलता है कि इस बैठक में प्रधान सेवक के द्वारा ना अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ब्लकि अपनी चिर परिचितअंदाज में विरोधी दलों के नाते गठबन्धन को सता प्राप्ति के लिए मजबुरी का बन्धन बताया। अपने कुनबे में सभी राजनीति दलों के लिए दरवाजे खुले रहने का भरोसा दिलाया भले ही उन पर या उनकी पार्टी के किसी नेताओ कितने भष्टाचार के कितने भीआरोप लगा हो। जिसकी झलक आये दिनों देखते को मिलते रहते है। एनडीए की इस बैठक में देशवासियों को यह भरसक भरोसा दिलाने का प्रयास किया कि भाजपा व एनडीए ही 5 राज्यों केआगामी विधान सभा व अगले वर्ष 24 में होने वाले लोक सभा चुनाव में विजय होगी। भारत का विकाश मोदी के नेतृत्व में सम्भव है।

जीतेगा भारत जिसकी चर्चा चहुँ दिशाओ हो रही है। आप के मन कई सवाल व शंका उत्पन्न हो रहे होगें 'भारत की ड़ंका आप किस देश-किस क्षेत्र में बजने वाली है। मै यहाँ पर स्पष्ट करना चाहुँगा कि आज मै भारत का अपने किसी विदेशी प्रतिदुन्दी टीम से खेल में या किसी अन्तराष्ट्रीय क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों पर नही है। बल्कि भारत में दो राजनीतिक दलों के मध्य आगामी वर्ष 2024 मे लोकसभा आम चुनाव में सता पक्ष विपक्ष के मध्य राजनीतिक क्रिकेट पिच पर उतरने के कमर कसने की है। इस संदर्भ में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए व कांग्रेस के कुशल नेतृत्व में आई एन डी आई ए में चुनावी की रणनीति बनाने पर गहन चित्तन मंथन शुरू कर दिया है। आज हम इस पर विस्तार से चर्चा करत है।

विपक्षी एकता के गठबंधन की बैठक में आई.एन.डी.आई.ए (इंडिया) नाम काफी विचार विर्मश के बाद दिया गया है। 'जीतेगा भारत' को अपनी टैगलाइन बनाया है। इसी टैगलाइन का अलग-अलग भाषाओं में ट्रांसलेशन भी किया जाएगा। आप को बता दे कि इस बैठक में विपक्षी पार्टियों के गठबंधन का नाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा इंडिया रखने का प्रस्ताव रखा था। सुत्रों के अनुसार इस बैठक में शामिल हुए विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) पार्टी के चीफ थोल तिरुमावलवन के हवाले से बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस नाम पर सहमत नहीं थे, क्योंकि इंडिया में एनडीए के लेटर्स भी आते हैं। तो वही दुसरी ओर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि राहुल गांधी ने बैठक के दौरान बताया किइंडिया नाम क्यों रखा जाना चाहिए।

विपक्षी दलों की इस मैराथन मींटिग के दौरान कई नेताओं ने महसूस किया था कि गठबंधन के नाम में भारत भी होना चाहिए। इसके बाद इसे टैगलाइन में शामिल किया गया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा इंडिया नाम पर बेवजह विवाद पैदा कर रही है। भाजपा ने खुद मेक इन इंडिया और शाइनिंग इंडिया जैसी स्कीम निकाली हैं। आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि अब चुनाव ठऊअ बनाम इंडिया होंगे और इनमें इंडिया की जीत होगी। विपक्ष की इस महत्वपूर्ण बैठक में ममता बनर्जी और सोनिया गांधी एक-दूसरे के बगल में बैठी थीं। जुलाई 2021 के बाद ये उनकी दूसरी मुलाकात थी। विपक्षी गठबन्धन का नाम रखने से पूर्व सभी विपक्षी नेताओं से इस पर सुझाव मांगे गए थे। बिहार के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार शुरूआत में इस नाम से सहमत नहीं थे, लेकिन सभी की सहमति के बाद उन्होंने भी आईएनडीआईए (इंडिया) नाम को स्वीकार कर लिया। लेकिन मीटिंग के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीतीश शामिल नहीं हुए थे। इसके पीछे खराब मौसम की प्रिडिक्शन के चलते नीतीश जल्दी चले गए थे, क्योंकि उन्हें एक अन्य बैठक में शामिल होना था। हालांकि उनकी नाराजगी की खबरें भी आ रही हैं। इस पर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम सरकार की नाकामियों को उजाकर करें। मैं खुश हुँ कि राहुल, ममता सब सहमत हैं। 2024 में साथ लड़ेंगे और अच्छे परिणाम लाएंगे। यहाँ पर आप के मन में प्रशन उठना स्वाभाविक है कि विपक्षी पार्टी के नाम का अर्थ क्या है। आप मै ज्यादा परेशान ना करते हुए बता दे कि विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम इंडिया की फुल फॉर्म इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस है। जिसकी घोषणा कांग्रेसअध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आपस में समन्वय स्थापित करने के लिए 11सदस्यों की एक कमेटी और दिल्ली में एक कार्यालय जल्द बनाया जाएगा। जिसकी घोषणा मुंबई में होने वाली हमारी अगली बैठक में होगी। खड़गे ने कहा कि भाजपा ने अपने स्वार्थ के लिए लोकतंत्र की सभी एजेंसियों ईडी, सी बी आई आदि को नष्ट कर दिया है। हमारे बीच राजनीतिक भेद हैं, लेकिन हम देश को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। इससे पहले हम पटना में मिले थे, जहाँ16 पार्टियां मौजूद थीं। आज की बैठक में 26 पार्टियों ने हिस्सा लिया। इसमें अखिलेश यादव के साथ उनके चाचा शिवपाल यादव, आरजें डी सुप्रीमो लालू यादव के साथ डी राजा, सीताराम येचुरी, राहुल गाँधी, सोनिया गाँधी और ममता बनर्जी नें अपनी भुमिका निभाई।

8 नए दलों को मिलाकर 26 पार्टियों के नेता आए। सर्वविदित रहे कि इस बार विपक्षी कुनबे को और मजबूत करने के लिए 8 और दलों को न्योता भेजा गया था। इनमें मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम एम डी एम के, कोंगु देसा मक्कल काची के एम डी के, विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) ने हामी भरी।

# 'सर्वशक्तिमान' को भी 'बैसाखियों' की दरकार?

-तनवीर जाफरी-

2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की शतरंजी बिसात बिछने लगी है सत्ता और विपक्ष दोनों ही अपने राजनैतिक समीकरण साधने में जुट चुके हैं। गत 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में 26 विपक्षी राजनैतिक दलों की उपस्थिति में आई.एन.डी.आई.ए (इंडिया) अर्थात (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायन्स) 'भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन' का गठन किया गया। अब आई.एन.डी.आई.ए यूपीए का स्थान लेगा। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल आगामी लोकसभा चुनाव में जहाँ कमर तोड़ महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, भातीय लोकतंत्र व संविधान पर मंडराते खतरे, भ्रष्टाचार, असफल विदेश नीति, अल्पसंख्यकों, दलितों व आदिवासियों पर बढ़ते हमले, मणिपुर के हिंसक व शर्मसार करने वाले घटनाक्रम तथा भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय जाँच एजेंसियों के भारी दुरुपयोग जैसे अनेक मुद्दों को लेकर भाजपा के विरुद्ध लामबंद हुये हैं। उधर सत्ता पक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी भी न केवल अपने बिछड़े व रूठे सहयोगी दलों व नेताओं को पुनः अपने खेमे में शामिल करने के प्रयास में जुट चुकी है बल्कि वह कुछ और नये सहयोगियों को भी अपने साथ शामिल करने की कोशिश में है। इसीलिये भाजपा ने भी गत 18 जुलाई को ही एन डी ए की बैठक बुलाई और दावा किया कि देश के '38 राजनैतिक दल' उनके साथ हैं। गौरतलब है कि 2019 में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा को गत पांच वर्षों तक एन डी ए की न तो बैठक बुलाने की जरुरत महसूस हुई थी न ही किसी साथ छोड़ने वाले दल या नेता को मनाने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी तक 'एक अकेला सब पर भारी' के मुगालते में थे। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उसी दिन बेंगलुरु में '38' पर कटाक्ष करते हुये कहा कि उन्होंने अपने पांच दशक के अपने राजनैतिक जीवनकाल इन 38 में से अधिकांश दलों का तो नाम तक नहीं सुना। दरअसल भाजपा यह अच्छी तरह समझ चुकी है कि 2024 में उसके लिये जीत हासिल कर पाना आसान नहीं क्योंकि उसे इस बार विगत दस वर्षों में पैदा हुई सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ेगा। इसीलिये भाजपा भी अपने कुंबे को बढ़ाने और रूठों को मानाने में जुट चुकी है। खासतौर पर जबसे विपक्षी दलों ने भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (आई.एन.डी.आई.ए) का गठन किया है तब से भाजपा न सिर्फ 26 दलों के गठबंधन से बल्कि उसके द्वारा रखे गये आई.एन.डी.आई.ए नाम से भी बौखला उठी है। इसलिये भाजपा केवल अपने राजग परिवार में ही इजाफा नहीं कर रही बल्कि कांग्रेस, शिव सेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आदि दलों में सेंध लगाकर इनमें तोड़ फोड़ कर भी स्वयं को सुदृढ़ करने की योजना पर काम कर रही है। नैतिकता,परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर भाषण पिलाने वाले इस तथाकथित 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी दल' को अपने कुंबा विस्तार में ओम प्रकाश राजभर जैसे उन नेताओं को भी शामिल करना पड़ा है जो एन डी ए से अलग होने के बाद जनसभाओं में कहते फिरते थे कि -'दुनिया में झूठ बोलने वाला सबसे बड़ा नेता कोई है तो वह नरेंद्र मोदी है। उन्होंने (मोदी ने) कहा था सौगंध मुझे इस मिटटी की देश नहीं बिकने दूंगा। परन्तु उन्होंने रेलवे बेच दिया, बैंक बेच दिया, एलआईसी बेच दिया, बीएसएनएल बेच दिया, कोयले की खदान बेच दिया, हवाई जहाज बेच दिया, दो करोड़ लोगों को रोजगार देने को कहा था, नहीं दिया। 15-15 लाख रुपया गरीबों के खाते में देने को कहा था नहीं दिया। प्रधानमंत्री मोदी फिर आप के बीच में आएंगे तरह तरह की बातें करेंगे, इनसे सावधान रहने की जरुरत है।' परन्तु अब न जाने किस मुंह से यही भाषण देने वाले वही राजभर, भाजपा और मोदी के साथ खड़े होने जा रहे हैं?

इसी तरह जीतन राम मांझी ने तो ऐसा बयान दिया था कि यदि कांग्रेस या अन्य किसी गैर एनडीए दल के नेता ने दिया होता तो अब तक भाजपा व उसके संरक्षक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विश्व हिन्दू परिषद के लोग राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ देते। जीतन राम मांझी ने कहा था कि-' भगवान श्रीराम ने माता शबरी के झूठे बेर खाए थे, लेकिन ऊंची जाति के लोग हमारा छुआ भी नहीं खाते हैं?' मांझी ने यह भी कहा था कि -'हम सिर्फ महर्षि बाल्मीकि को मानते हैं, पर राम को नहीं जानते'। मांझी ने तो यहां तक कह दिया था कि-'राम कोई भगवान थोड़े ही थे, वे तो तुलसीदास और बाल्मीकि रचित रामायण के पात्र थे'। इसके बाद ब्राह्मणों पर अत्यंत विवादित बयान देते हुए जीतन राम मांझी ने कहा था कि -'जो ब्राह्मण मांस खाते और शराब पीते हैं, झूठ बोलते हैं ऐसे ब्राह्मणों से दूर रहना चाहिए। ऐसे ब्राह्मणों से पूजा पाठ नहीं कराना चाहिए।

# डेटा से नहीं आटा से भरेगा पेट

-सनत जैन-

इन दिनों सारी दुनिया डेटा के पीछे भाग रही है। सारे देश डेटा की बात कर रहे हैं। लेकिन आटा को सब भूल गए थे। समय कभी रुकता नहीं है, जिस तरह से पृथ्वी,सूर्य और चांद निश्चित गतिशीलता के साथ एक दूसरे की परिक्रमा करते रहते हैं। ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर घड़ी की सुई का आना गतिशीलता का प्रमाण है। उसी नियति मे अब हम भी डेटा की जगह आटे की चिंता करने मजबूर हो रहे हैं। 50 से लेकर 70 के दशक तक भारत में भी लाल गेहूं का आयात होता था। लोगों को पेट भरने के लिए पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध नहीं था। वही स्थिति एक बार फिर वैश्विक स्तर में देखने को मिलने लगी है। विश्व के देश खाद्यान्न की कीमतों को स्थिर रखने के लिए विशेष रूप से गेहूं और चावल जो भूख मिटाने वाला महत्वपूर्ण खाद्यान्न है। उनकी कीमतों पर नियंत्रण करने, आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, सारे देश हैरान परेशान होकर आटा और चावल की बात करने लगे हैं। प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सारी दुनिया के देशों में भारी खाद्यान्न संकट था। पिछले 5 दशकों में दुनिया के देशों में खाद्यान्न का उत्पादन तेजी के साथ बढ़ा था। जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ खाद्यान्न उत्पादन बढ़ने से लोगों को पेट भर भोजन मिल पा रहा था। इसके साथ ही दलहन, तिलहन और दुग्ध उत्पादन जो मानवीय जीवन के लिए जरूरी उत्पाद है। उनका भी उत्पादन लगातार बढ़ता रहा। जिसके कारण हम उनकी अहमियत को भूल गए थे।

रूस और यूक्रेन के युद्ध ने एक बार फिर खाद्यान्न की अहमियत सारी दुनिया के देशों को समझा दी है। खाद्य वस्तुओं के दाम तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। इस वृद्धि में उत्पादक किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। सारा लाभ कारपोरेट बिचोलिया कंपनियां उठा रही हैं। सरकारें भी टैक्स के रूप में भारी कमाई कर रहे हैं। अब खाद्यान्न की कमी,सभी देशों के लिए सबसे बड़ी समस्या बन गई है। रूस ने यूक्रेन से निर्यात होने वाले गेहूं एवं खाद्यन्न पर जो छूट दे रखी थी। उसे समाप्त कर दिया है। वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतें 5 फीसदी से ज्यादा बढ़ गई हैं। बढ़ी हुई कीमतों पर भी गेहूं उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खाद्य तेलों के उत्पादन पर भी इसका असर पड़ा है। चावल निर्यात को लेकर भी विसंगति देखने को मिल रही है। कई देशों में चावल की भारी मांग है,लेकिन उन्होंने अपनी मांग के अनुसार चावल उपलब्ध नहीं हो रहा है। कई देशों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है, कि वह खाद्यान्न का आयात ही नहीं कर पा रहे हैं।

जी-20 समूह के वित्त मंत्रियों की बैठक भारत में हो रही है। रूस ने जो प्रतिबंध लगाए गए हैं। वित्त मंत्रियों ने उसकी निंदा करते हुए,खाद्य पदार्थों की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर चिंता जाहिर की है। पिछले एक दशक में खाद्यान्न की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढी हैं। कृषि उत्पादन की लागत लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसका मुख्य कारण सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स बढ़ाना प्रमुख कारण है। खाद्यान्न परिवहन की लागत बढ़ती जा रही है। किसानों की उत्पादन लागत बढ़ने से कई देशों में किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। आर्थिक दृष्टि से किसान बहुत कमजोर होता है। वह कर्ज में डूबा हुआ है। जैसे ही फसल तैयार होती है, उसे ओने पौने दामों में बेचने के लिए विवश होना पड़ता है। बड़ी-बड़ी कारपोरेट कंपनियां उस समय सस्ते में गेहूं चावल और अन्य खाद्यान्न खरीद कर स्टाक करती हैं। उसके बाद कई गुना ज्यादा दामों में बेचकर भारी मुनाफा कमा रही हैं। पिछले दो दशक में यह प्रवृत्ति, सारी दुनिया के देशों में देखने को मिल रही है। खाद्यान्न पर अब किसानों का नहीं कारपोरेट कंपनियों का अधिकार हो रहा है। अब जो नई परिस्थिति देखने को मिल रही है। उसमें डेटा की जगह आटा की बात होने लगी है। पेट नहीं भरेगा, तो डाटा,एआई तकनीकी और रोबोट इत्यादि से जीवन तो चलेगा नहीं। जी-20 की बैठक में वित्त मंत्रियों की यह चिंता दिखने लगी है। पिछले 5 वर्षों में कर्ज की मार से दुनिया के दर्जनों देश लगभग दिवालिया हो चुके। कई देशों का खाद्यान्न संकट विद्रोह का कारण बनने लगा है। इसलिए अब राज नेताओं की चिंता भी डाटा के साथ-साथ आटा मे भी दिखने लगी है। एक बार फिर इतिहास अपने आप को दोहराता हुआ नजर आ रहा है। एक बार फिर सारी दुनिया के देश खाद्यान्न संकट में फंसते हुए दिख रहे हैं।

# दिलचस्प होगा 2024 का चुनावी मंजर

-कुमार कृष्णन-

झारखंड में विधानसभा के चुनाव समय के पहले 2024 के अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव के साथ ही कराए जा सकते हैं। राज्य में सत्ताधारी गठबंधन की अगुवाई करने वाले झामुमो और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने अपने नेताओं-कार्यकताओं को समय पूर्व चुनाव की संभावनाओं के मद्देनजर अलर्ट करना शुरू कर दिया है। झारखंड की पांचवीं विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा हो रहा है। यानी सामान्यतः अगले चुनाव का शेड्यूल अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच है, लेकिन लोकसभा के साथ अप्रैल-मई में चुनाव की संभावनाओं की सुगबुगाहट प्रशासनिक हलकों में भी सुनाई पड़ रही है। झामुमो की सेंट्रल कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं को अलर्ट करते हुए कहा, ह्लहमारा विरोधी हर वक्त चुनावी मोड में रहता है। उनके पास संसाधन भी है और चालाकी भी। वह कब किस हद तक जा सकते हैं, अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। इसलिए क्षेत्र में जाएं। हमारी सरकार की उपलब्धियां जनता को बताएं।ह्व

जाहिर है, सोरेन को भी अंदाजा है कि विधानसभा के चुनाव तय समय के छह-सात महीने पहले ही कराए जा सकते हैं। उन्होंने विरोधी यानी भाजपा की जिस ह्यचालाकीह्न की चर्चा की, उसका संकेत यही निकाला जा रहा है। झामुमो सेंट्रल कमिटी की बैठक में तय हुआ कि पार्टी चुनावी मोड में काम करेगी। सेंट्रल कमिटी का विस्तार लंबे समय से पेंडिंग था। निर्णय लिया गया कि अगले पंद्रह दिनों के अंदर नई कमेटी घोषित कर दी जाएगी। इसके अलावा 50 लाख सदस्य बनाने, पार्टी की उपलब्धियां बताने के लिए पार्टी की ओर से प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक शिविर लगाने का निर्णय लिया गया।इधर, भाजपा पहले ही चुनावी मोड में आ चुकी है। अब विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हो रहा है। 9 जुलाई को हजारीबाग जिले के बरही में भाजपा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कार्यकताओं से कहा कि वे लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें। दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की स्थिति बन सकती है।

भाजपा ने पिछले ही हफ्ते राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को राज्य में पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया है। उनके अध्यक्ष बनने की संभावनाएं पिछले छह-आठ महीने से व्यक्त की जा रही थीं। वह राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर लगातार हमलावर हैं। कोई दिन ऐसा नहीं होता, जब वे सीधे हेमंत सोरेन पर हमला नहीं बोलते। चुनाव के दिनों में विरोधियों पर आक्रमण के लिए नेता जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह नजारा मरांडी के ट्विटर हैंडल पर रोज देखा जा सकता है।

झारखंड पर मिशन-2024 का डबल लोड है, अप्रैल-मई में संसदीय चुनाव और नवंबर-दिसंबर में विधानसभा का चुनाव। लोकसभा चुनाव हो कि विधानसभा चुनाव, बाबूलाल की जीत और हार का पलड़ा लगभग बराबर रहा है। इस हिसाब से उनके पास अनुभव की कतई कमी नहीं है। चुनाव मैदान में वे 1991 से डटे रहे हैं। संगठन और सरकार चलाने का भी अनुभव है। झारखंड के गांव-गांव में घूमने का अनुभव है और एनडीए और यूपीए दोनों के साथ रहने का भी अनुभव है। ऐसे में प्रदेश की कमान सौंप पार्टी ने कोई गलती नहीं की है। उनसे उम्मीद बनती है, लेकिन उम्मीदों पर खरा उतरना उनको ही है। वे जब ह्यवनांचल भाजपाह्नका अध्यक्ष हुआ करते थे, तब हरमू कॉलोनी के छोटे से फ्लैट में उनकी कुर्सी लगती थी। अब उनकी अगवानी के लिए पार्टी का महल है, और जैसा कि कहा जाता है कार्यकताओं की सबसे बड़ी फौज भी। लेकिन सवाल है, सामने वाला भी कमजोर नहीं है।बेशक 1998 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने शिबू सोरेन जैसे व्यक्तित्व को हराया था, लेकिन उनका अगला मुकाबला शिबू के पुत्र हेमंत सोरेन से है और फिलहाल हेमंत ह्यसरकारह्नहैं। हेमंत ने 2019 में राज्य की 28 जनजातीय सीटों में से अपने गठबंधन को 25 सीटें दिलाने का रिकार्ड कायम किया था। उनके ही नेतृत्व में उनकी पार्टी झामुमो ने विधानसभा की 30 सीटें जीतने का इतिहास बनाया था। सभी सीटों पर उम्मीदवार देने के बावजूद उस समय जेवीएम यानी बाबूलाल के खाते में केवल एक मांडर एसटी सीट आ पाई थी, जिसके विधायक बंधु तिर्की चुनाव बाद कांग्रेस में चले गए थे।और खासकर झारखंड का हर कोई जानता है कि सरकार बनाने में इन 28 सीटों की भूमिका अहम होती है। विधानसभा की 81 ही तो सीटें हैं। बाबूलाल को जाननेवाले जानते हैं कि वे बिना थके काम करते हैं, बिना हताश हुए काम करते हैं और स्वभाव से विनम्र और लचीले हैं। आन पर आने पर किसी की सुनते भी नहीं। उनके खाते में 1998 में भाजपा को झारखंड की 14 में से 12 लोकसभा सीटें दिलाना दर्ज है।

तब की अटल-आडवाणी की सरकार ने उनको मंत्री बनाया था, जब एकीकृत बिहार से कुल जमा चार ही मंत्री बनाये गये थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में जब यशवंत सिन्हा, रीता वर्मा, रवींद्र पांडेय आदि-आदि सभी दिग्गज हार गये थे, तब अकेले बाबूलाल ने जीत दर्ज की थी, वह भी जनरल सीट कोडरमा से। मनभेद होने पर 2006 में इन्होंने भाजपा त्याग कर जेवीएम नामक पार्टी का गठन किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा इनको मनाने-पटाने में लगी हुई थी, लेकिन 17 फरवरी 2020 को जेवीएम का विलय कराकर ये भाजपा में आये।रांची के जिस मंच से इनको भाजपा जॉइन कराने अमित शाह और जेपी नड्डा आए थे, उस पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास भी विराजमान थे। सवाल तो है, भाजपा के मिशन-2024 में बाबूलाल के कंधे से कंधा मिलाकर कौन-कौन चलते हैं।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार

प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# आईसीआईसीआई का मुनाफा 40, कोटक बैंक का 67 फीसदी बढ़ा

**40 फीसदी बढ़कर 9,648 करोड़ का मुनाफा पहुंच गया**




**मुंबई, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के दो दिग्गज बैंकों के अप्रैल-जून तिमाही मुनाफे में जबरदस्त वृद्धि हुई है। आईसीआईसीआई बैंक का फायदा 40 फीसदी बढ़कर 9,648 करोड़ रुपये पहुंच गया।

वहीं, कोटक बैंक का लाभ 67 फीसदी बढ़कर 3,452 करोड़ रुपये रहा है। आईसीआईसीआई बैंक ने बताया, कुल आय बढ़कर 38,763 करोड़ और ब्याज आय बढ़कर 33,328 करोड़ रही है। बैंक का बुरा फंसा कर्ज (एनपीए) शुद्ध रूप से 0.7 फीसदी से घटकर 0.4 फीसदी रहा है। सकल एनपीए 3.4 फीसदी से घटकर 2.7 फीसदी रहा है। कोटक बैंक ने बताया, शुद्ध ब्याज आय 33 फीसदी की तेजी के साथ 6,234 करोड़ रही है। फीस और सेवाओं से आय 20 फीसदी बढ़कर 1,827 करोड़ रही है। कुल कर्ज 19 फीसदी बढ़कर 3.37 लाख करोड़ रहा है।

**यस बैंक का मुनाफा 10.3 फीसदी बढ़ा :** यस बैंक का फायदा पहली तिमाही में 10.3 फीसदी बढ़कर 343 करोड़ रुपये रहा है। सकल एनपीए 13.4 फीसदी और शुद्ध एनपीए 2.4 फीसदी रहा है।

**कंपनियों के तिमाही परिणाम मजबूत :** वैश्विक बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम मजबूत रहने से एसबीआई, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत सेंसेक्स 529.03 अंक की उड़ान भरकर 66,589.93 अंक और निफ्टी 146.95 अंक की तेजी लेकर 19,711.45 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, रिलायंस, एनटीपीसी, एलटी और टीसीएस समेत 13 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 205.21 अंक की उड़ान भरकर 66,795.14 अंक और निफ्टी 37.80 अंक की तेजी लेकर 19,749.25 अंक पर रहा।

अमेरिका में उम्मीद से अधिक मजबूत तिमाही परिणाम आने से वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, एसबीआई, टाटा स्टील और विप्रो समेत 20 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 302.30 अंक की उड़ान भरकर पहली बार 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67,097.44 अंक और निफ्टी 83.90 अंक की तेजी लेकर 19,833.15 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज से जियो फाइनेंशियल के डिमर्जर से आईटीसी, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 22 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 474.46 अंक चढ़कर 67,571.90 अंक और निफ्टी 146 अंक की तेजी लेकर 19,979.15 अंक पर रहा। वहीं, देश की दूसरी बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस के राजस्व अनुमान में कटौती से उसके शेयर समेत 21 कंपनियों में आठ प्रतिशत से अधिक तक की गिरावट के दबाव में आज सेंसेक्स 1.31 प्रतिशत लुढ़ककर 67 हजार अंक के शिखर से नीचे गिर गया। सेंसेक्स 887.64 अंक का गोता लगाकर 66,684.26 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 234.15 अंक लुढ़ककर 19,745.00 अंक पर रहा।

## सेंसेक्स और निफ्टी में रही तेजी

वैश्विक बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम मजबूत रहने से एसबीआई, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 529.03 अंक की उड़ान भरकर 66,589.93 अंक और निफ्टी 146.95 अंक की तेजी लेकर 19,711.45 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंफोसिस, रिलायंस, एनटीपीसी, एलटी और टीसीएस समेत 13 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 205.21 अंक की उड़ान भरकर 66,795.14 अंक और निफ्टी 37.80 अंक की तेजी लेकर 19,749.25 अंक पर रहा।

अमेरिका में उम्मीद से अधिक मजबूत तिमाही परिणाम आने से वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, एसबीआई, टाटा स्टील और विप्रो समेत 20 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 302.30 अंक की उड़ान भरकर पहली बार 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67,097.44 अंक और निफ्टी 83.90 अंक की तेजी लेकर 19,833.15 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज से जियो फाइनेंशियल के डिमर्जर से आईटीसी, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 22 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 474.46 अंक चढ़कर 67,571.90 अंक और निफ्टी 146 अंक की तेजी लेकर 19,979.15 अंक पर रहा। वहीं, देश की दूसरी बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस के राजस्व अनुमान में कटौती से उसके शेयर समेत 21 कंपनियों में आठ प्रतिशत से अधिक तक की गिरावट के दबाव में आज सेंसेक्स 1.31 प्रतिशत लुढ़ककर 67 हजार अंक के शिखर से नीचे गिर गया। सेंसेक्स 887.64 अंक का गोता लगाकर 66,684.26 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 234.15 अंक लुढ़ककर 19,745.00 अंक पर रहा।

## एक नजर

### बाजार में दाल का रहा मिला जुला रुख

**नई दिल्ली :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 200 रुपये, दाल चना 200 रुपये, मूंग दाल 200 रुपए और उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी रही अरहर दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। वहीं, मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5000-5100, दाल चना 6000-6100, मसूर काली 7000-7100, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10500-10600, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 2850-2950 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3700-3800 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### अंग्रेजों की राजधानी में भारतीय ने खरीदा सुपर लग्जरी बंगला

**नई दिल्ली :** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में एक भारतीय अरबपति ने इतना आलीशान बंगला खरीदा है कि बंगले की शानो-शौकत देख आपका सिर घूम जाएगा। इस बंगले में वो हर सुविधा है जो किसी शख्स के लग्जरी लाइफ के लिए जरूरी होती है। इस बंगले की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि इसकी लोकेशन काफी शानदार है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह शानदार बंगला लंदन में बकिंघम पैलेस से चंद किलोमीटर की दूरी पर है। आपको बता दें कि इस बंगले को भारतीय अरबपति रवि रूइया ने खरीदा है। इसकी कीमत 1200 करोड़ रुपये है। भारत के कई अरबपतियों की पसंदीदा जगह लंदन है। लक्ष्मी निवास मित्तल से लेकर अनिल अग्रवाल भी लंदन में ही रहते हैं। अब इनमें एक और भारतीय कारोबारी का नाम जुड़ गया है, भारतीय अरबपति रवि रूइया का अगला ठीकाना लंदन होने वाला है। बकिंघम पैलेस के पास ए२२१ ग्रुप के मालिक रवि रूइया ने अपना सपनों का महल खरीदा है। खबरों की मानें तो यह आलीशान बंगला रवि रूइया ने एंड्री गोंचारेंको से खरीदा है। प्रॉपर्टी इन्वेस्टर एंड्री गोंचारेंको रूस की कंपनी है।

रवि रूइया का 1200 करोड़ का बंगला लंदन के 150 पार्क रोड पर स्थित है, जिसका नाम हैनोवर लॉज मैंशन (ळंल्लङ्मा१ छङ्गा टंल्ल२ङ्गल्ल) है। इस बंगले की पूरी डील के लिए रवि रूइया ने 113 मिलियन पाउंड यानी 145 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि हनोवर लॉज उनमें शामिल है जो लंदन की सबसे महंगी प्राइवेट रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी कही जाती है। बकिंघम पैलेस से रवि रूइया का बंगला चंद मिनटों की दूरी पर है। इन दोनों के बीच की दूरी महज 5।31 किलोमीटर है। इस बंगले का मालिकाना हक इससे पहले प्रॉपर्टी इन्वेस्टर गोंचारेंको के पास था।

### होटल किराये पर भी मिलेगी छूट

**नई दिल्ली :** कई बार ऐसा होता है कि लोग कहीं दूसरी जगह पर घर से दूर जाते हैं तो उन्हें ठहरने के लिए होटल की जरूरत पड़ती है। होटल का किराया जगह, क्वालिटी और लोकेशन के हिसाब से अलग-अलग हो सकता है। वहीं आप रूम कितना बड़ा ले रहे हैं, इस पर भी किराया काफी निर्भर करता है। वहीं जब भी कहीं घूमने जाते हैं तो होटल का किराया अहम खर्चों में से एक होता है। कई बार होटल का किराया लोगों का बजट भी बिगाड़ देता है। हालांकि अब सरकार की ओर से अहम ऐलान किया गया है और होटल के किराये में छूट देने की बात कही गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से अब पर्यटकों को होटल किराये में छूट दी जाएगी। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने होटल के कमरों के किराये पर 50 प्रतिशत तक छूट देने की घोषणा की। इससे पहले प्रदेश सरकार ने भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ में फंसे 70,000 से ज्यादा पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया था।

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ देखने को मिल रही है। इस बीच सरकार की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिए उन्हें होटल किराये में छूट देने की कोशिश की गई है, ताकी पर्यटकों को राहत मिल सके। ऐसे में पर्यटकों की ओर से भी सरकार की इस पहल के लिए धन्यवाद दिया जा रहा है। निगम के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा कि एचपीटीडीसी की ओर से संचालित होटलों पर यह छूट 15 सितंबर तक प्रभावी रहेगी।

उन्होंने कहा कि इतनी भारी छूट देकर एचपीटीडीसी की कोशिश आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने की है।

दरअसल, हिमाचल में बारिश के कारण पर्यटकों की संख्या में भी गिरावट देखने को मिली है। पर्यटन उद्योग हितधारक संघ के अध्यक्ष एम के सेठ ने कहा कि सात से 14 जुलाई के बीच भारी बारिश के बाद राज्य में पर्यटकों की संख्या लगभग शून्य हो गई है। स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है और सड़कें खोली जा रही हैं। पर्यटकों का राज्य में स्वागत है।

### बैंक ने बदल दिए नियम

**नई दिल्ली :** आज के वक्त में क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल का चलन काफी बढ़ गया है। क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से लोगों को एक लिमिट के तहक पेमेंट करने की सुविधा मिलती है और बाद में इस पेमेंट को क्रेडिट कार्ड के बिल के रूप में चुकाया जा सकता है। वहीं लोग क्रेडिट कार्ड का ज्यादा इस्तेमाल कैशबैक, रिवॉर्ड्स प्वॉइंट, डिस्काउंट आदि फायदों के लिए भी करते हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार 12.74 अरब डॉलर बढ़कर 609.02 अरब डॉलर पर




**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में वृद्धि होने से 14 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12.74 अरब डॉलर की रिकॉर्ड बढ़ोतरी लेकर 609.02 अरब डॉलर हो गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 596.3 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 14 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 11.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 540.2 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.14 अरब डॉलर बढ़कर 45.2 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 25 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास

## विश्व खाद्यान्न में भारत की हिस्सेदारी मूल्य के हिसाब से 7.79 प्रतिशत रही

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।**

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निर्यातित माल के मूल्य के आधार पर विश्व खाद्यान्न बाजार में भारत की हिस्सेदारी 2022 में 7.79 रही और सरकार ने खाद्यान्न सहित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य/जिला स्तर पर कई कदम उठाए हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

श्रीमती पटेल ने वैश्विक जिंस व्यापार पर संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के हवाले से बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान देश के खाद्य निर्यात में शीर्ष 10 वस्तुओं में समुद्रीय उत्पाद, बासमती तथा गैर बासमती चावल, चीनी, मसाले, भैंस का मांस, आयल मील, गेहूं, अन्य उत्पाद तथा अरंडी तेल शमिल हैं। भारत से खाद्य वस्तुओं का आयात करने वाले प्रमुख देशों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मलेशिया, ईरान और थाइलैंड हैं। श्रीमती पटेल ने संयुक्त राष्ट्र कॉमट्रेड के आंकड़ों के हवाले से बताया कि विश्व खाद्यान्न निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2010 में 3.38 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022 में 7.79 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत से खाद्य वस्तुओं के निर्यात को प्रोत्साहन देने की प्रक्रिया सतत चलती रहती है। सरकार ने खाद्यान्न सहित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य/जिला स्तर पर कई कदम उठाए हैं। राज्य-विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं और कई राज्यों में राज्य स्तरीय निगरानी समितियां (एसएलएमसी), कृषि निर्यात के लिए नोडल एजेंसियां और क्लस्टर स्तरीय समितियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए देश और उत्पाद-विशिष्ट कार्य योजनाएँ भी बनाई गई हैं। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक वैधानिक निकाय, अपनी योजना "एपीडा की कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात प्रोत्साहन योजना" के तहत निर्यात बुनियादी ढांचे के विकास, गुणवत्ता विकास और बाजार विकास जैसे घटकों के तहत खाद्यान्न सहित कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यातकों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि एपीडा के तत्वावधान में चावल और पोषक-अनाज के लिए निर्यात संवर्धन मंच की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ साथ कृषि और संबंधित उत्पादों के उत्पादन और विपणन में पैमाने की सामूहिक अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाने के उद्देश्य से किसान उत्पादक संगठन की स्थापना की गई है। इससे उत्पादन की औसत लागत कम करने में मदद मिलती है, जिससे विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ती है।

## निर्मला सीतारमण ने बदल दिया टैक्स सिस्टम, आम जनता और राज्यों को हुआ काफी फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार की तरफ सत्ता में रहते हुए कई नए फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री की तरफ से लागू की जीएसटी की व्यवस्था से आम जनता समेत कई राज्यों को बड़ा फायदा मिला है। निर्मला सीतारमण ने अब गुड्स एंड सर्विस टैक्स से होने वाले फायदे के बारे में बताया है। वित्तमंत्री ने बताया है कि पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जीएसटी काफी फायदेमंद रही है। नया टैक्स सिस्टम आने के बाद में त्रिपुरा राज्य को काफी फायदा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नई कर प्रणाली आने के बाद त्रिपुरा में राजस्व संग्रह में व्यापक वृद्धि हुई है। सीतारमण ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में माल एवं सेवा कर विभाग की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में इस पूर्वोत्तर राज्य का जीएसटी संग्रह बढ़कर 982.50 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2016-17 में केंद्रीय बिक्री कर संग्रह में इसकी हिस्सेदारी 4.61 करोड़ रुपये थी।

उन्होंने जीएसटी को खपत-आधारित कर प्रणाली बताते हुए कहा कि किसी भी राज्य में खपत बढ़ने पर वहां जीएसटी संग्रह बढ़ेगा। उन्होंने कहा, "जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से त्रिपुरा में राजस्व संग्रह काफी अच्छा रहा है।" सीतारमण ने कहा कि जीएसटी पंजीकरण नहीं कराने वाली कंपनियों के साथ बड़ी कंपनियां कारोबार करना पसंद नहीं करती हैं लिहाजा इससे दूर रहना कारोबारियों के लिए फायदेमंद नहीं होगा। सीतारमण ने कहा, 'जीएसटी से कर प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है, जिससे न केवल राज्यों को बल्कि आखिरकार आम लोगों को भी फायदा हुआ है।' उन्होंने कहा कि सिक्किम और मेघालय ने भी महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। सिक्किम का कर संग्रह 263.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,036 करोड़ रुपये और मेघालय का कर संग्रह 587.21 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,078 करोड़ रुपये हो गया है। वित्तमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया है कि जीएसटी लागू होने से पहले असम का बिक्री कर संग्रह 558।26 करोड़ रुपये था।

## कोविड के वक्त ये 33 रुपये का शेयर खरीद लेते तो बन जाते करोड़पति!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** शेयर मार्केट में हर कोई पैसा कमाने के इरादे से आता है। बाजार में इंवेस्टमेंट करते वक्त जिन लोगों की किस्मत अच्छी होती है वो लोग काफी जल्दी पैसा बना लेते हैं, तो कुछ लोगों को काफी वक्त इंतजार भी करना होता है। वहीं बाजार में कई शेयर ऐसे भी हैं, जो जब चलने लग जाते हैं तो किसी के भी हाथ में नहीं आते हैं। आज हम यहां एक ऐसी ही कंपनी के शेयर के बारे में बात करने वाले हैं, जिसने कम वक्त में ही निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है।आज हम 'शेयर की कहानी' सीरीज में जिस कंपनी के शेयर की बात करने वाले हैं, उसका नाम Aurionpro Solutions इस कंपनी के शेयर ने कोविड के बाद से बंपर रिटर्न दिया है और अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। कोविड के दौरान जहां शेयर 35 रुपये से भी कम का था, वहीं आज शेयर 1000 रुपये से ज्यादा की प्राइज पर 52वीक हाई बना चुका है। 13 मार्च 2020 को Aurionpro Solutions छ३ाह कंपनी के शेयर का क्लोजिंग भाव एनएसई पर 32।70 रुपये पर था। इसके बाद शेयर के दाम ने धीरे-धीरे तेजी दिखाई। वहीं सितंबर 2022 में शेयर 400 रुपये के भी पार चला गया। दो साल में ही शेयर का भाव पहले ही कई गुना रिटर्न दे चुका था। इसके बाद शेयर में थोड़ी गिरावट जरूर देखी गई लेकिन अप्रैल 2023 आते-आते शेयर एक बार फिर तेज हुआ। अब शेयर में इतनी तेजी आ चुकी है कि शेयर के दाम 1000 रुपये के भी पार निकल चुके हैं। तीन साल में शेयर के दाम ने 33 रुपये से 1000 रुपये तक का सफर तय किया है। 21 जुलाई को एनएसई पर Aurionpro Solutions शेयर के दाम 982 रुपये के भाव पर बंद हुए हैं।

## 31 जुलाई के बाद 5000 रुपये का जुर्माना वसूल सकती है सरकार?



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कई बार अगर कोई काम समय पर न किया जाए तो उसको पूरा करने के लिए बाद में लेट फीस के तहत जुमार्ना भी देना पड़ता है। इस जुमार्ने की राशि कई बार लोगों के पॉकेट पर भी असर डालती है। वहीं अब एक ऐसा काम भी है जो लोगों को 31 जुलाई तक निपटाना जरूरी है। अगर इस काम को 31 जुलाई तक नहीं निपटाया गया तो सरकार आपसे जुमार्ना भी वसूल कर सकती है। दरअसल, जैसे-जैसे इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की आखिरी तारीख नजदीक आ रही है, इस काम को बिना किसी जुमार्ने के पूरा करना जरूरी हो गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और मूल्यांकन वर्ष 2023-24 के लिए 31 जुलाई 2023 तक अपना आईटीआर दाखिल करना सुनिश्चित करें। चाहे आप एक वेतनभोगी व्यक्ति हों, फ्रीलांसर हों या व्यवसाय के मालिक हों, आईटीआर दाखिल करना सभी के लिए अनिवार्य है। वहीं जब भी इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की बात आती है कुछ अहम बातें जरूर ध्यान में रखनी जरूरी है। ऐसे में अपना आईटीआर दाखिल करते समय ध्यान रखने योग्य कुछ मुख्य बातें यहां बताई गई हैं- टैक्स रिजीम चुनेंः भारत में दो टैक्स रिजीम हैं। पुरानी टैक्स व्यवस्था और नई टैक्स व्यवस्था। दोनों में से वह चुनें जो आपकी वित्तीय आवश्यकताओं के लिए सबसे उपयुक्त हो। दोनों टैक्स रिजीम के अपने अलग-अलग फायदे हैं। अपना आईटीआर सत्यापित करना महत्वपूर्ण है, खासकर पहली बार दाखिल करने वालों के लिए। दाखिल करने के 30 दिनों के भीतर ऐसा करने में विफल रहने पर आपका आईटीआर अमान्य हो जाएगा। साथ ही जुमार्ने से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि आप अपना आईटीआर 31 जुलाई 2023 तक दाखिल कर दें। देर से फाइल करने वालों पर 1 अगस्त 2023 से 1,000 रुपये या 5,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। 5 लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्तियों को 1,000 रुपये का जुमार्ना लगेगा, जबकि 5 लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों को 5,000 रुपये का जुर्माना लगेगा।

## जुलाई में देश के किसानों के बैंक खाते में आएंगे 2000 रुपए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई के महीने में देश के लोगों को खुशखबरी मिलने वाली है। दरअसल, जुलाई के महीने में देशवासियों के खाते में मोदी सरकार की ओर से 2000 रुपये भेजे जाएंगे। इससे देश की जनता को काफी राहत भी मिलने वाली है। मोदी सरकार की ओर से ये 2000 रुपये उन लोगों को भेजे जाएंगे जो पीएम किसान योजना से जुड़े हुए हैं। पीएम किसान योजना की 14वीं किस्त के तहत ये 2000 रुपये भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान योजना) की 14वीं किस्त की तारीख की घोषणा हो गई है। पात्र किसानों को जल्द ही केंद्र से 2,000 रुपये की किस्त मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान लाभार्थियों को रुपये जारी करेंगे। पीएम किसान योजना की 13वीं किस्त 27 फरवरी को जारी की गई थी। पीएम किसान योजना खासतौर पर किसानों के लिए चलाई जाने वाली योजना है। इस योजना का लाभ देश के किसान ले सकते हैं। मोदी सरकार की ओर से पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त जारी की जाएगी। पीएम किसान योजना के आधिकारिक ट्विटर हैंडल के अनुसार सरकार 27 जुलाई 2023 को राजस्थान के सीकर में 14वीं किस्त जारी करेगी। योजना के तहत पात्र किसानों को साल में तीन बार प्रति किस्त 2,000 रुपये यानी 6,000 रुपये सालाना मिलते हैं। राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 14वीं किस्त पाने के लिए ेङउ अनिवार्य कर दिया है। 13वीं किस्त लाभार्थी के बैंक खाते में जमा कर दी गई है। लेकिन पारदर्शिता के लिए, विभाग ने सभी किसानों से अपना ईकेवाईसी करने और यह पुष्टि करने के लिए कहा है कि वे योजना के लिए पात्र हैं। यह योजना साल 2019 को शुरू की गई थी और तब से लाखों किसान संबंधित विभाग से अपनी किस्तें प्राप्त करके इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

# भारत-पाक मैच में थर्ड अंपायर ने कर दी बेईमानी? खेल जगत में भूचाल!

IYû»fa¶fû भारतीय फैंस को रविवार को उस वक्त निराशा हाथ लगी जब चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तानी टीम ने इमर्जिंग एशिया कप फाइनल बड़े अंतर से जीत लिया। इंडिया ए टीम को इमर्जिंग एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के हाथों 128 रनों से शिकस्त झेलनी पड़ी। अब अंपायर के एक फैसले की सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना हो रही है।

रविवार का दिन भारतीय फैंस के लिए निराशाजनक रहा। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इमर्जिंग एशिया कप-2023 के फाइनल में भारतीय टीम को पाकिस्तान ए के हाथों 128 रनों से हार झेलनी पड़ी। इस खिताबी मैच में पाकिस्तानी टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट पर 352 रन बनाए। इसके बाद यश ढुल की कप्तानी वाली टीम 40 ओवर में 228 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। अब अंपायरिंग को लेकर कड़ी आलोचना हो रही है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी कई तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। दरअसल, इंडिया ए के ओपनर साई सुदर्शन को पारी के 9वें ओवर की तीसरी गेंद पर अरशद इकबाल ने शिकार बनाया। उन्होंने मोहम्मद हारिस के हाथों साई



सुदर्शन को कैच कराया और भारतीय टीम को पहला झटका दिया। इस पर थर्ड अंपायर ने गेंद को वैध करार दिया, लेकिन कुछ क्रिकेट फैंस ने इसकी आलोचना की। दरअसल, अरशद का पैर लाइन के बाहर लग रहा था। ऐसे में फैंस का मानना था कि गेंद को नो बॉल करार दिया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। Ad·f¿fZIY WXe dQJf ´ffE dWX¸ffdf कि 353 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। ओपनर अभिषेक शर्मा के अलावा भारतीय टीम का कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सका। अभिषेक ने 51 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान यश ढुल ने 41 गेंदों पर 4 चौके लगाते हुए 39 रन जोड़े। ओपनर साई सुदर्शन ने 29 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए सुफियान मुकीम ने 10 ओवर में 66 रन देकर 3 विकेट झटके। मोहम्मद वसीम जूनियर, अरशद इकबाल और मेहरान मुमताज ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। °ffdWXSX ¶f³fZ ´»fZ¹fSX AfgRY Q ¸f`¨f इससे पहले इंडिया ए के कप्तान यश ढुल ने टॉस जीता और पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पाकिस्तान ए के लिए तैयब ताहिर ने 71 गेंदों पर 12 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 108 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ओपनर साएम अयूब (59) और साहिबजादा फरहान (65) ने भी अर्धशतक जड़े। दोनों ने मिलकर 121 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की। भारत ए के लिए राजवर्धन हैंगरगेकर और रियान पराग ने 2-2 विकेट लिए। हर्षित राणा, मानव सुथार और निशांत सिंधु को 1-1 विकेट मिला।

## एशिया कप के फाइनल में भारत की करारी हार, बड़ी जीत से पाकिस्तान बना चैंपियन

कोलंबो : रविवार का दिन भारतीय फैंस के लिए निराशाजनक रहा। कोलंबो में इमर्जिंग एशिया कप-2023 के फाइनल में भारतीय टीम को पाकिस्तान के हाथों 128 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी। इस खिताबी मैच में पाकिस्तानी टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट पर 352 रन बनाए। इसके बाद यश ढुल की कप्तानी वाली भारतीय टीम 40 ओवर में 224 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में इस खिताबी मुकाबले में इंडिया ए के कप्तान यश ढुल ने टॉस जीता और पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पाकिस्तान के लिए तैयब ताहिर (ळंटटुं ळँ१) ने 71 गेंदों पर 12 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 108 रन बनाए। उनके अलावा ओपनर साएम अयूब (59) और साहिबजादा फरहान (65) ने भी अर्धशतक जड़े। दोनों ने मिलकर 121 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की। भारत ए के लिए राजवर्धन हैंगरगेकर और रियान पराग ने 2-2 विकेट लिए। हर्षित राणा, मानव सुथार और निशांत सिंधु को 1-1 विकेट मिला। 353 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। ओपनर अभिषेक शर्मा के अलावा भारतीय टीम का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिक सका। अभिषेक ने 51 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान यश ढुल ने 41 गेंदों पर 4 चौके लगाते हुए 39 रन जोड़े। ओपनर साई सुदर्शन ने 29 रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान के लिए सुफियान मुकीम ने 10 ओवर में 66 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। मोहम्मद वसीम जूनियर, अरशद इकबाल और मेहरान मुमताज ने 2-2 विकेट झटके।





## एक नजर

### रवि दहिया ट्रायल में हारे

³fBÊX dQ»»fe एशियाई खेलों के ट्रायल में रविवार को एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ओलंपिक में रजत पदक जीत चुके दिग्गज पहलवान रवि दहिया का आगामी एशियाई खेलों में जाने का सपना टूट गया। रवि को 57 किग्रा भारवर्ग में आतिश टोडकर ने हरा दिया। आतिश ने शीर्ष भारतीय पहलवान को हराकर दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में हलचल मचा दी। रवि दहिया पिछले दिनों भारतीय कुश्ती संघ के निर्वासित अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और अन्य कोचों के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन में शामिल थे। अपने जबरदस्त कौशल और सहनशक्ति के लिए 'मशीन' कहे जाने वाले दहिया को महाराष्ट्र के रहने वाले टोडकर से इस तरह के प्रतिरोध की उम्मीद नहीं होगी। जिन लोगों ने दहिया को कुश्ती करते देखा है, वे जानते हैं कि दहिया से दो अंक लेना भी भारतीय पहलवानों के लिए बहुत बड़ा काम है। रविवार को आतिश टोडकर ने कुछ शानदार और बेहतरीन चालों के साथ न केवल अंक बनाए गए।

रवि दहिया ने अपने दाहिने घुटने में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) और एमसीएल (मेडियल कोलैटरल लिगामेंट) की चोटों के बाद इस साल प्रतिस्पर्धा नहीं की है। वह ट्रायल में जीत की उम्मीद के साथ उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

रवि ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक पर कब्जा किया था। 2019 विश्व चैंपियनशिप में उन्हें कांस्य पदक मिला था। वह 2022 राष्ट्रमंडल खेल में स्वर्ण जीतने में सफल रहे थे। रवि अब तक एशियाई खेलों में पदक नहीं जीत पाए हैं। उनका यह सपना इस बार पूरा नहीं होगा।

### कोहली विंडीज प्लेयर की मां से गले मिले

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वींस पार्क ओवल मैदान पर सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेल रही है। इस मैच में विराट कोहली ने शतक जड़ा और 121 रनों के बेशकीमती पारी खेली। विराट की फैन फॉलोइंग वेस्टइंडीज प्लेयर्स के परिवारों के बीच भी कम नहीं है। टीम इंडिया ने सीरीज के अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज पर दबदबा बना रखा है। भारत ने इस मैच में 438 रन बनाए जिसके बाद स्टंप्स तक विंडीज टीम ने दूसरे दिन 5 विकेट खोकर 229 रन बना लिए। मैदान के अलावा क्रीज के बाहर भी इस 34 साल के भारतीय क्रिकेटर ने प्रभावित किया, जब वह कैरेबियाई विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा (खङ्करँ४ ऊंत्र'५) की मां से मिले। त्रिनिदाद के इस खिलाड़ी ने इस मुलाकात का जिक्र किया जिसमें उनकी मां कोहली से गले मिलीं।

जोशुआ ने खुलासा किया कि इस मुलाकात से उनकी मां का दिन तो बना ही, पर साथ ही पूरे साल में उनके लिए इस मुलाकात से बेहतर चीज कुछ नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट एक वीडियो में जोशुआ ने कहा कि उनकी मां अपने बेटे के बजाय इस भारतीय करिश्माई खिलाड़ी से मिलने के लिए स्टेडियम पहुंची थीं। जोशुआ ने कहा, ॒मेरी मां ने टेस्ट मैच से 2 दिन पहले मुझसे कहा कि वह मैदान में मुझे देखने नहीं बल्कि विराट कोहली को देखने आएंगी। यह थोड़ा मजाकिया सा था।

### केन्या की फेथ किपयोगेन ने डायमंड लीग में किया कमाल

नई दिल्ली। केन्या की फेथ किपयोगेन ने डायमंड लीग में महिलाओं के मील रिकॉर्ड में पांच सेकंड का सुधार किया। पिछले दो महीनों में उन्होंने तीसरी बार विश्व कीर्तिमान बनाया। 29 साल की फेथ ने चार मिनट 7 ।64 सेकंड के साथ नीदरलैंड की सिफान हसन का पिछला रिकॉर्ड (4 :12 ।33) तोड़ा। पिछले महीने उन्होंने फ्लोरेंस और पेरिस में 1500 मीटर अैर 5000 मीटर में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया था। ओलंपिक में दो बार 1500 मीटर की चैंपियन रहीं किपयोगेन ने कहा कि यह बेहद जज्बाती क्षण है, यह सब आशीर्वाद जैसा है। हर बार जब आप दौड़ते हो तो ऐसा नहीं होता। मैंने इस दौड़ का लुत्फ लिया। मैं विश्व रिकॉर्ड बनाना चाहती थी। ईश्वर का आभार। यह सब अद्भुत है। आयरलैंड की सिएरा मैगिन (4 :14 ।08) दूसरे स्थान पर रहीं।

### अश्विन-जडेजा की जोड़ी रचेगी इतिहास

नई दिल्ली। टीम इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज का दूसरा मैच क्वींस पार्क ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत के पहली पारी के 438 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने खेल के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 229 रन बना लिए हैं। बारिश के बार-बार बाधा के बावजूद भारतीय गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। खेल के तीसरे तीन स्टार स्पिनर आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने कमाल की गेंदबाजी की। खेल के चौथे दिन सभी की नजर इस छोड़ी पर रहने वाली है। ये छोड़ी एक महारिकॉर्ड के काफी करीब पहुंच गई है। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा के नाम फिलहाल टेस्ट क्रिकेट में 498 विकेट दर्ज हैं।

अगर यह जोड़ी आज अगर दो विकेट लेती है तो वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाली दूसरी जोड़ी बन जाएगी। इससे पहले ये कारनामा केवल अनिल कुंबले और हरभजन सिंह ने किया है। अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की छोड़ी ने साथ मिलकर खेले 54 मैचों में कुल 501 विकेट चटकाए हैं। ऐसे में अगर अश्विन-जडेजा 4 विकेट चटकाते हैं तो वह कुंबले-भज्जी को पीछे छोड़ देंगे और भारत की सबसे सफल जोड़ी बन जाएंगे। क्रिकेट जगत की सबसे सफल जोड़ी जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की है।

## सोफिया स्मिथ के दो गोल से अमेरिका ने जीता मैच

सोफिया स्मिथ के दो गोल (14 और 45+7वें मिनट) की मदद से मौजूदा विजेता अमेरिका ने शनिवार को महिला फुटबॉल विश्वकप में वियतनाम को 3-0 से हरा दिया। टूनामेंट की सबसे सफल टीम अमेरिका खिताबी हैट्रिक लगाने की कोशिश में है। वहीं, न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में खेले गए ग्रुप-सी के अन्य मुकाबले में जापान ने जांबिया को 5-0 से करारी शिकस्त दी। ग्रुप-डी में इंग्लैंड और डेनमार्क ने भी जीत के साथ शुरूआत की। इंग्लैंड ने हैती को 1-0 और डेनमार्क ने चीन को 1-0 से हराया। अमेरिका के लिए मैच में तीसरा गोल लिंडसे होरन ने 77वें मिनट में दागा। अमेरिका ने वियतनाम के खिलाफ पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। स्मिथ को साल की सर्वश्रेष्ठ अमेरिकी फुटबालर चुना गया था। अमेरिका की 14 खिलाड़ी पहली बार महिला विश्वकप में खेल रही हैं और उसमें से स्मिथ एक खिलाड़ी हैं।

जापान की तरफ से हिनाता मियाजावा (43 और 62वां मिनट) ने दो गोल किए, जबकि मीना तनाका (55वां मिनट) और एंडो (71वां मिनट) ने एक-एक गोल दागे। उनके अलावा जापान ने पेनाल्टी हासिल की जिसे रिको उएकी (90+11वां मिनट) ने गोल में बदल दिया।

इंग्लैंड और डेनमार्क को भी मिली मुश्किल भरी जीत मिली।

## सात्विक-चिराग बने कोरिया ओपन चैंपियन

¹fûAûÀf सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त फजर अल्फियान और रियान आर्दियंतो को हराकर कोरिया ओपन 2023 का खिताब जीत लिया।



भारतीय प्रतिभाओं ने विश्व की नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपना उत्कृष्टम प्रदर्शन करते हुए एक घंटे दो मिनट में 17-21, 21-13, 21-14 से जीत दर्ज की। पहला गेम एकतरफा रूप से 17-21 से हारने के बाद भारतीय युगल ने दूसरे गेम में बेहतर अनुशासन दिखाया। मुकाबले में 6-6 की बराबरी होने पर सात्विक-चिराग ने दो पॉइंट की महत्वपूर्ण लीड ले ली, जिसे उन्होंने ब्रेक तक बरकरार रखा। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग तेजी से 15-11 की बढ़त पर पहुंच गये और जल्द ही नौ गेम पॉइंट अर्जित कर लिये। इंडोनेशियाई युगल ने दो पॉइंट स्कोर करते हुए वापसी का प्रयास किया लेकिन अपने भारतीय प्रतिद्वंदियों को दूसरा गेम 21-13 से जीतने से नहीं रोक सके। तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार नियंत्रण दिखाते हुए 7-3 की बढ़त बनाकर अल्फियान-आर्दियंतो पर दबाव बनाया और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बरकरार रखी। भारतीय जोड़ी इसके बाद आक्रामक रही और विश्व की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद चिराग के चौकस बचाव ने 13-10 पर भारत की तीन अंक की बढ़त बरकरार रखी। भारतीय प्रतिभागी जब 18-12 से आगे थे तब अल्फियान ने एक दर्शनीय रिटर्न से एक पॉइंट अर्जित किया लेकिन कुछ देर बाद नेट में शॉट खेलते हुए भारत को 20-13 पर सात चैंपियनशिप पॉइंट दे दिए। सात्विक-चिराग ने जीत से पहले एक अप्रत्याशित गलती की, हालांकि यह कुछ देर के लिये ही भारत की जीत को टाल सका।

विश्व रैंकिंग में तीसरी जोड़ी सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में विश्व नंबर दो चीन के वांग चैंग और लियांग वेई केंग को हराकर फाइनल में पहुंचे थे। यह इस साल उनका चौथा खिताब है।

## चेन्नई लायंस ने एकतरफा अंदाज में गोवा चैलेंजर्स को 11-4 से हराया

अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सीजन में चेन्नई लायंस ने एकतरफा मुकाबले में गोवा चैलेंजर्स को 11-4 से हरा दिया। चेन्नई की जीत में सबसे अहम योगदान अनुभवी शरथ कमल का रहा। देश के सबसे बेहतरीन पैडलर में से एक अचंता शरथ कमल ने शनिवार को देश के शीर्ष क्रम के पुरुष एकल खिलाड़ी हरमीत देसाई को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम मैच में, यांग्जी लियू ने टी रीथ रिशिया को 2-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन चेन्नई के लिए शानदार जीत दर्ज की। मैच की शुरूआत से ही दोनों भारतीय पैडलर्स के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और दर्शकों ने कुछ शीर्ष-स्तरीय टेबल टेनिस एक्शन का आनंद लिया। पहला गेम 11-9 से शरथ कमल के पक्ष में गया, जिन्होंने



अपने सटीक खेल से हरमीत की आक्रामकता का मुकाबला किया। 13 बार के राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता ने अपनी लय आगे भी कायम रखते हुए दूसरे गेम में 11-9 से जीत हासिल कर ली और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए आठवां विजयी अंक हासिल किया। शरत ने तीसरा गेम 11-8 से जीता। मुकाबले के पहले मैच में चेन्नई लायंस के बेनेडिक्ट डूडा ने अल्वारो रोबल्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबला खेला और 2-1 से जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 33 ने अपने खेल की शानदार शुरूआत की और कुछ शक्तिशाली फोरहैंड खेलकर पहला गेम 11-5 से अपने नाम कर लिया। गोवा चैलेंजर्स के पैडलर ने अपने सटीक शॉट्स के साथ वापसी की और 11-8 से जीतकर मैच को रोमांचक मुकाबले में बदल दिया। तीसरा गेम काफी करीबी रहा जो 11-7 से डूडा के पक्ष में गया। मुकाबले के दूसरे मैच में वर्ल्ड नंबर-39 गोवा चैलेंजर्स की सुथासिनी सावेटाबुत ने सुतीर्था मुखर्जी को 2-1 से हराया। भारतीय पैडलर, जो लीग में अपने आखिरी दो मैच हार गई थी, शुरूआत में अपने खेल में शीर्ष पर थी और उसने कुछ शुरूआती अंक लेकर सुथासिनी को परेशानी में डाल दिया। सुतिर्था ने थाई पैडलर के क्रूर फोरहैंड का तुरंत जवाब देते हुए पहला गेम 11-8 से जीत लिया। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और उन्होंने बढ़त हासिल करने के लिए कुछ सटीक बैकहैंड फेंके।

## मुकेश व सिराज ने पलट दिया पासा

त्रिनिदाद में पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल मैदान पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच जारी है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली (121) के शतक के दम पर 438 रन बनाए। मैच के चौथे दिन शुरूआती 11 गेंदों पर ही डेब्यूटेंट मुकेश कुमार और पेसर मोहम्मद सिराज ने कमाल कर दिखाया। टीम इंडिया ने सीरीज के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज पर दबदबा बना रखा है। भारत ने इस मैच में 438 रन बनाए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय करियर का 76वां शतक जमाया। उन्होंने 206 गेंदों का सामना किया और 11 चौकों की मदद से 121 रन जोड़े। इसके बाद स्टंप्स तक विंडीज टीम ने तीसरे दिन 5 विकेट खोकर 229 रन बना लिए। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने 75 रनों की संयमित पारी खेली। उन्होंने 235 गेंदों का सामना किया और 5 चौके, 1 छक्का जड़ा चौथे दिन की शुरूआत तय समय से जल्दी हुई क्योंकि तीसरे दिन बारिश ने काफी खेल खराब कर दिया था। दिन की शुरूआती 11 गेंदों पर ही मुकेश कुमार और सिराज ने क्रीज पर जमे हुए दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा दी। पारी के 109वें ओवर के लिए कप्तान रोहित ने मुकेश को गेंद थमाई जो चौथे दिन का पहला ओवर था। उन्होंने ओवर की चौथी ही गेंद पर अलिक अथानाजे (37) को शिकार बनाया। अलिक ने हालांकि डीआरएस लिया लेकिन फैसला मुकेश के ही पक्ष में गया। अलिक ने 115 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 37 रन बनाए। फिर अगले ओवर में पेसर मोहम्मद सिराज ने जेसन होल्डर (15) को पवेलियन भेज दिया। होल्डर ने 44 गेंदों पर 2 चौके जड़े। इस गेंद को होल्डर ने खेलने की कोशिश की लेकिन बल्ले का किनारा लेते हुए ईशान के दस्तानों में समा गई। इस तरह दिन की शुरूआती 11 गेंदों पर 2 विकेट भारत को मिल गए। वेस्टइंडीज की पहली पारी 255 रन पर सिमट गई।

## भारत ने पारी घोषित की, वेस्टइंडीज को दिया 365 रन का लक्ष्य

dÂfd³fQfQ भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को खेल बारिश की वजह से बाधित रहा था। इस वजह से आज आधे घंटे पहले मैच की शुरूआत हुई। भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 255 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी दो विकेट पर 181 रन बनाकर घोषित कर दी और वेस्टइंडीज के सामने 365 रन का लक्ष्य रखा। आज चौथे दिन का खेल जारी है। भारत ने वेस्टइंडीज के सामने 365 रन का लक्ष्य रखा है। टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 181 रन बनाकर घोषित कर दी। वेस्टइंडीज के सामने आज तीसरा सत्र और कल पूरे दिन का समय होगा। आज दूसरा सत्र बारिश से धुल गया। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में आज पांच विकेट पर 229 रन से आगे खेलना शुरू किया। सिराज की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने आज 7.4 ओवर



में वेस्टइंडीज के बाकी बचे पांच विकेट चटका दिए। सिराज ने कुल मिलाकर पांच विकेट लिए। वहीं, मुकेश को दो विकेट मिले। भारत ने अपनी पहली पारी में 438 रन बनाए थे। वहीं, वेस्टइंडीज की पहली पारी 255 रन पर सिमट गई। इस तरह भारत को 183 रन की बढ़त हासिल हुई। वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन बचा लिया था, इस वजह से भारत को बैटिंग के लिए उतरना पड़ा और 181 रन बनाकर दूसरी पारी घोषित कर दी। इस तरह टीम इंडिया की कुल बढ़त 364 रन की हुई और विंडीज को 365 रन का लक्ष्य दिया। अपनी दूसरी पारी में टीम इंडिया ने शुरूआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने 71 गेंदों में 98 रन की साझेदारी कर डाली। कप्तान रोहित ने टेस्ट करियर का 16वां अर्धशतक सिर्फ 35 गेंदों में लगाया। रोहित 44 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए। भारत की दूसरी पारी में 12वें ओवर में बारिश ने खलल डाला था। तब समय से पहले लंच ले लिया गया। दूसरे सत्र में तीन ओवर का खेल और हुआ और फिर बारिश आ गई। हालांकि, इन तीन ओवर में टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया। वह 30 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल और ईशान किशन ने 68 गेंदों में 79 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। ईशान ने 33 गेंदों में टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने छक्के के साथ अर्धशतक पूरा किया। ईशान के अर्धशतक के साथ ही रोहित ने पारी घोषित कर दी। ईशान 34 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की मदद से 52 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, शुभमन 37 गेंदों में 29 रन बनाकर नाबाद रहे।

# कई बीमारियों को रोकने में असरदार है वसा



**अब** वसा रोगों का शमन करने के लिए भी प्रयोग की जाएगी। वसा से कई बड़े रोग जैसे मधुमेह और दिल की बीमारियों के इलाज संभव हो सकेंगे। मधुमेह, एथेरोस्लेरॉसिस और दिल की अनेक गंभीर बीमारियों में अब दवाओं के साथ–साथ मरीज के ब्लड प्लाज्मा में मौजूद वसा भी उपचार का माध्यम बनेगी। टेक्सास बायोमेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट के शोधकर्ताओं ने अपने एक नए अध्ययन में पता लगाया है कि ब्लड प्लाज्मा में मौजूद वसा की अनेक किस्म इन बीमारियों की पहचान में असरदार हैं।

## असरदार 128 किस्म की वसा

यूरोपियन सोसाइटी ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स के वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत की गई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि मधुमेह रोगियों में ब्लड ग्लूकोज और इंसुलिन के स्तर बताने में वसा एक बेहतर सूचक साबित होगी। प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर जॉन क्यूरेन ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर 1,100 लोगों की वसा की 356 किस्मों का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद इन किस्मों में से 128 विभिन्न किस्म की वसा ऐसी पाई गई, जो मधुमेह को रोकने में असरदार हैं।

## दिल के उपचार में मददगार

वसा की लाभप्रद किस्मों में से डाई–हाइड्रोकेरामाइड नामक वसा सबसे ज्यादा प्रभावी पाई गई। यह मधुमेह रोगों में ब्लडशुगर स्तर को नियंत्रित रखती है। डॉक्टर क्यूरेन के मुताबिक वसा की इन किस्मों की जांच से मधुमेह के साथ–साथ एथेरोस्लेरॉसिस और दिल की अनेक गंभीर बीमारियों के उपचार में मदद मिलेगी।

# लंबे समय तक अभ्यास करने से बचें

## स्पोर्टी हेल्थ

बहुत से प्रशिक्षक तथा फिजियो खेल के मैदान में उतरने से पहले खिलाड़ियों को लंबे समय तक अभ्यास करने की सलाह देते हैं, लेकिन एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि इसके परिणाम उल्टे हो सकते हैं, क्योंकि इससे मांसपेशियों में थकान बढ़ जाती है। वे क्षतिग्रस्त हो जाती हैं तथा मसल्स में आक्सीजन डेफ्ट भी होने की संभावना बनी रहती है।

## यहां रहें सावधान

यह अध्ययन स्पेन में यूनीवर्सिटी ऑफ कालगरी के शोधकर्ता इलियास टोमारस ने किया है। उनका कहना है कि एक धावक को दौड़ से पहले अभ्यास करता देख,उन्हें इस अध्ययन का ख्याल आया। टोमारस कहते हैं कि धावक, स्केटिंग करने वाले या साइकिल चलाने वाले रेस से पहले एक से दो घंटे तक अभ्यास करते हैं। एक फिजियो की दृष्टि से देखा जाए तो मालूम होता है कि यह थकाने वाला होता है। अध्ययन में कहा गया है कि बहुत कम ऐसे एथलीट होते हैं, जो अभ्यास की तीव्रता और समय में कमी करने को तैयार होते हैं।

## यूं हुआ अध्ययन

अध्ययन के दौरान एक वर्ग में साइकिल रेस में उच्च प्रदर्शन करने वाले चालकों को शामिल किया गया, जो सामान्य तौर पर कई दौर के मुकाबले से पहले 50 मिनट तक तीव्रता बढ़ाते हुए अभ्यास करते हैं, जबकि दूसरे वर्ग में एक दौर के मुकाबले से पहले 15 मिनट तक कम तीव्रता के साथ अभ्यास करने वाले चालकों को शामिल किया गया। अध्ययन के दौरान प्रत्येक अभ्यास के बाद खिलाड़ी के प्रदर्शन और थकान को मापने के लिए कई तरह के परीक्षण किए गए। इसके बाद टोमारस ने पाया कि कम अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों में थकान कम होती है और रेस के महत्वपूर्ण क्षणों में उनका प्रदर्शन 6.2 फीसदी तक बढ़ जाता है, जो एक खिलाड़ी को महान बनाने के लिए पर्याप्त है।

**अगर आप अपने स्कूल या स्टेडियम में चैंपियन बनना चाहते हैं तो पहले से अभ्यास करते रहिए और प्रदर्शन से पूर्व वाले अभ्यास से बचें, क्योंकि यह अभ्यास आपके फाइनल प्रदर्शन पर नकारात्मक हो सकता है। ज्यादा अभ्यास करने से आपकी मांसपेशियां पहले से ही क्षतिग्रस्त होने के साथ ही साथ थक जाती हैं। इस स्थिति में आप अच्छा प्रदर्शन नहीं दे पाते हैं। आशा है आप भविष्य में इस शोध से लाभ उठा पाएं और देश को ऊपर ले जाएं।**





# नाक करेगी कैंसर टेस्ट

**अब नाक की कोशिकाओं से फेफड़े के कैंसर की जांच की जाएगी। अमेरिका के वैज्ञानिकों ने इस तकनीक पर सफलता हासिल की है।**

अमेरिका के शोधकर्ताओं ने फेफड़े के कैंसर का पता लगाने की एक नई तकनीक विकसित करने का दावा किया है। उनका कहना है कि मरीज की नाक के सेल्स का इस्तेमाल कर फेफड़े के कैंसर का पता लगाया जा सकता है। इस तकनीक से कैंसर की जांच कराने वाले मरीज को तकलीफ भी न के बराबर होगी। बॉस्टन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि नाक के अंदर मौजूद एपिथेलियल नामक कोशिकाओं की जांच से लंग कैंसर का पता लगाया जा सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक नाक में मौजूद इन सेल्स की इस आसान तकनीक से जांच कर काफी शुरुआती स्टेज में ही लंग कैंसर का पता लगाया जा सकता है। काफी शुरुआती स्टेज में बीमारी का पता लग जाने पर उसका इलाज भी किया जा सकता है।

# खाना सादा, पहनावा ढीला, सोना कुदरती

**सूरज** उगने से पहले घूमना, ठंडे पानी से नहाना, नहाने से पहले शरीर को खादी के खुरदरे तौलिए से दस मिनट तक घर्षण करना, दिनभर में पंद्रह–बीस गिलास पानी जरूर पिएं। नाश्ते में एक गिलास दूध या दही की लस्सी या ठंडाई के साथ जौ या चने का मीठा दलिया या सत्तू लें। नीरा, नारियल पानी, गन्ना, संतरा, बील का रस, जौ की राबड़ी व ताजी गाढ़ी छाछ भी नाश्ते के लिए अच्छी रहेगी।

दोपहर के भोजन में पुराने लाल या भूरे चावलों से बना भात, पतली दाल, कढ़ी, थोड़ी शक्कर मिला दही, चपाती व भोजन के अंत में छाछ लेना चाहिए। दिन में रोस्टेड जौ, चावल, चना, मूंग, रसीले फल व फलों का ताजा रस ले सकते हैं। रात का खाना शाम सात बजे तक कर लें। इस समय रोटी, दाल, लौकी, परवल, टिंडा, हरे प्याज, पुदीने या धनिए की चटनी व सलाद लें। फलों में आम, पपीता, फालसा, खिरनी, आलू बुखारा, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, रसभरी, अनार आदि का सेवन करें।

चाय, कॉफी, गर्म दूध, गर्मा–गर्म भोजन, बोतल बंद शीतल पेय का प्रयोग नहीं करें या कम से कम करें। ठंडा दूध पिएं। फ्रिज की अति शीतल चीजों का थोड़ी देर रुककर सेवन करें। घरेलू शर्बत, नींबू पानी उपयोगी हैं। सूती, लिनन, खादी और विस्कस के कपड़े पहनें, हल्के रंग के व ढीले–ढाले कपड़े पहनें। गर्मियों में सिर ढंककर बाहर निकलें। तेज धूप में दोपहिया वाहनों से लंबी दूरी तय न करें। इन दिनों लू से बचने के लिए जरूरी है कि भूखे पेट बाहर न जाएं। खूब पानी पिएं और सिर व कंधों पर तौलिया ढंककर रखें। कटे फल, सब्जी और अशुद्ध पानी से बनी बर्फ सेवन न करें। शुद्ध पानी से जमा बर्फ का सेवन करें। ठेलों पर बिकने वाली आइसक्रीम, कुल्फी व शर्बत का सेवन न करें।

समय निकाल कर दिन में एक से दो घंटे की नींद लेने की कोशिश करें। कूलर रात–दिन चालू न रखें। जब दो–तीन घंटे में कमरा ठंडा हो जाए तो बंद कर दें। पंखे की हवा में रहने की आदत डालें। हो सके तो रात को खुली हवा में छत पर सोएं और प्राकृतिक सुख का आनंद लें। गर्मियों में सोने से पूर्व भी या कम से कम शाम को काम से घर वापस आकर स्नान करें।

गर्मियों में पांवों में मोजे नहीं पहनें। संभव हो तो चमड़े की चप्पलें, मोजड़ी, व सैंडल पहनें। घर में कुर्ता–पजामा या सलवार सूट पहनना स्वास्थ्यवर्धक है। दिन में कई बार ठंडे पानी से कुल्ले करें व आंखों पर पानी के छींटे दें।

हमारे देश में गर्मियों का मौसम सबसे लंबा होता है सूरज की तीव्र किरणें वनस्पति, फल–सब्जी, मानव, पशु–पक्षी, धरती से तरलता सोख लेती है। बेशक, इस तपते और लंबे दिनों में भी मौसम की मार से बचा जा सकता है इस मौसम में पाचन–शक्ति दुर्बल हो जाती है, इसलिए भारी, गरिष्ठ व चटपटे भोजन से बचें। हल्के, सुपाच्य, तरलता प्रधान व शीतल तासीर वाला भोजन करें। अंडा, मांस, तेलयुक्त भोजन व मिर्च–मसाले से परहेज करें। धूप में घूमना, कठिन परिश्रम करना व भारी व्यायाम बिलकुल न करें। नशीली चीजों का सेवन न करें।





# सेहत को रखे कूल गुड़हल का फूल

गुड़हल का फूल जिसके बारे में आपने प्राइमरी स्कूल की किताबों में पढ़ा था। यह सिर्फ देखने में ही सुंदर नहीं होता, बल्कि यह सेहत का खजाना लिए हुए होता है। इसे हिबिसकस या जवाकुसुम भी कहते हैं। इसके सभी हिस्सों का इस्तेमाल खाने, पीने या दवाओं के काम के लिए किया जा सकता है।

यूनानी दवाओं में गुड़हल का बहुत उपयोग होता है और इससे कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, रक्तचाप, गुर्दे की बीमारियों और गले के संक्रमण जैसे रोगों का इलाज किया जाता है। यह विटामिन सी, कैल्शियम, वसा, फाइबर, आयरन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, टेटरिक और ऑक्सीलिक एसिड, फ्लेवोनॉयड्स और फ्लेवोनॉयड ग्लाइकोसाइड्स का बढिय़ा स्रोत है।

गुड़हल को हर्बल चाय, कॉकटेल या काढ़े के तौर पर लिया जा सकता है। फूलों को सुखाकर इसकी हर्बल चाय बनाई जा सकती है। पानी उबलने पर सूखे फूल डाल दीजिए और थोड़ी चीनी मिलाकर चाय तैयार हो जाएगी। कॉकटेल के लिए इसे ठंडा होने दें और बर्फ के साथ पिएं। यह सेहत के लिए गुणकारी चाय है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कोलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुंचाता है, जो हृदय रोगों का कारण बनते हैं।

गुड़हल फूल में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं। यूनानी दवाओं में गुड़हल काढ़े या चाय के तौर पर दिया जाता है। इसमें चीनी नहीं मिलाई जाती और इससे शरीर में ग्लूकोज का संतुलित स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। गुड़हल का इस्तेमाल यूनानी दवाओं में उत्तेजक के तौर पर किया जाता है। हर्बल चाय या कॉकटेल के तौर पर लेने से यह दिल और दिमाग को ठंडक देता है।

गुर्दे या मूत्रनली में विकार से ग्रस्त लोग गुड़हल की चाय को बिना चीनी मिलाए पी सकते हैं और इससे काफी लाभ मिलता है। गुड़हल का फूल विटामिन सी का बढिया स्रोत है और इससे कफ, गले की खराश, जुकाम और सीने की जकड़न में फायदा मिलता है। गुड़हल की पत्तियां प्राकृतिक हेयर कंडिशनर का काम देती हैं और इससे बालों की मोटाई बढ़ती है। बाल समय से पहले सफेद नहीं होते। बालों का झड़ना भी बंद होता है। सिर की त्वचा की अनेक कमियां इससे दूर होती हैं।

इसकी पत्ती से बनी दवा से प्रसव संबंधी विकार, फोड़े–फुसियां और सूजन के उपचार में भी मदद मिलती है। गुड़हल का सत्व त्वचा में निखार और दमक लाता है।



# क्यों होता है टेक्नोलॉजी फोबिया

**टीवी** चैनल प्रोग्राम करने में पसीने छूटते हों या कोई नया गैजेट ट्राई करने में हिचक लगती हो तो शायद आपको टेक्नो–फोबिया है। तकनीक से लगने वाले इस अनजाने डर से निपटने के लिए समझ लीजिए कि आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। यह तो पैदा होने से पहले यानी गर्भ से ही इंसान के साथ जुड़ जाता है। गर्भ से निकलने वाले कुछ हार्मोन ये तय करते हैं कि तकनीक के प्रति बच्चे का रुझान कैसा होगा। बाथ यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि शुरुआती विकास के दौरान कम मात्रा में टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन मिलने से बच्चे में तकनीक के प्रति डर पैदा होता है, जबकि ज्यादा मात्रा में हार्मोन मिलने की वजह से वह तकनीक से प्रेम करने लगता है।



## साजों में पाए गए एक्टिव बैक्टीरिया

टफ्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोध के अनुसार स्कूल में हजारों बच्चे बिना साफ किए वाद्ययंत्रों को शेयर करते हैं और बीमारी को आमंत्रित कर लेते हैं। शोधकर्ता ने लगभग 20 साजों को अध्ययन में शामिल किया और उन्होंने पाया कि उन में जीवित बैक्टीरिया मौजूद थे।

# सावधानी के साथ सीखें संगीत

**वाद्ययंत्रों** को बजाते समय सावधानी बरतने की आवश्कता होती है। मुंह से बजाए जाने वाले यंत्रों में जीवित बैक्टीरिया अपना घर बना लेते हैं, जो सांस लेते समय आपके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए अगली बार वाद्य यंत्रों के उपयोग से पूर्व उन्हें अच्छे से साफ कर लें। स्कूल में जो बच्चे म्यूजिक सीख रहे हैं, उन्हें सावधान रहने की जरूरत है। एक शोध के बाद यह बात सामने आई है कि शहनाई, बांसुरी और सेक्सोफोन जैसे फूंककर बजाने वाले साज कई तरह की बीमारियां फैलाते हैं।

## इंडियाज गॉट टैलेंट में जज के रूप में लौटीं किरण खेर



विजय विश्व हुनर हमारा - सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 अपने नए संस्करण में यही भावना पेश करने जा रहा है। इस सीजन का प्रीमियर 29 जुलाई को रात 9:30 बजे होगा। इस टैलेंट शो के लगातार 10वें सीजन में जज के रूप में वापसी कर रही हैं किरण खेर, जिन्होंने टैलेंट की अपनी गहरी परख के साथ पिछले कुछ सालों में देश को एक से बढ़कर एक एंटरटेनर्स से मिलाया है। अपनी जबर्दस्त एनर्जी, सच्ची प्रतिभाओं के लिए अपने अटूट समर्थन और अपनी नायाब एक्सपर्टीज के साथ किरण खेर ऐसे परफॉर्मर्स को ढूंढने में अहम भूमिका निभाएंगी, जो इस शो का प्रतिष्ठित टाइटल जीतने के काबिल हों।जजों के पैनल में वापसी करने पर अपना उत्साह जताते हुए किरण खेर कहती हैं, "यह मेरे लिए बड़े गर्व का पल है, जहां इंडियाज गॉट टैलेंट अपने 10वें सीजन में कदम रख रहा है। पिछले कुछ सालों में यह शो न सिर्फ एक राष्ट्रीय मंच बनकर सामने आया, जिसने टैलेंट की सच्ची मिसाल पेश की, बल्कि इसने भारत के टैलेंट को दुनिया के नक्शे पर भी ला दिया। इस शो में जज रहने के दौरान मुझे इस मंच पर नजर आए हुनर के जरिए सच्चे और महत्वाकांक्षी भारत को देखने का सौभाग्य मिला।

## अर्जुन बिजलानी ने की अपनी को-स्टार निक्की शर्मा से शरारत

जी टीवी के शो ह्यप्यार का पहला अध्याय शिवशक्तिह्य में शिव के रोल में अर्जुन बिजलानी और शक्ति के रोल में निक्की शर्मा की शानदार जोड़ी है।उनकी दोस्ती अब स्क्रीन से आगे बढ़ चुकी है और उन्हें ना सिर्फ एक दूसरे का साथ अच्छा लगता है बल्कि वो स्क्रीन पर अपने किरदारों को बेहतर बनाने में एक दूसरे से मदद भी लेते हैं। अपने शरारती अंदाज और मजेदार प्रैंक्स के साथ यह जोड़ी अब सेट पर हंसी और उत्साह का केंद्र बन गई है, जहां दोनों अपने सह-कलाकारों और क्रू सदस्यों के बीच खुशियां फैलाते हैं।ऐसे ही एक मजेदार पल में जब अर्जुन ने निक्की के साथ शरारत करने का मन बनाया, तो उन्होंने बड़ी होशियारी से ठीक उसी वक्त निक्की के मेकअप रूम की चाबी छुपा दी, जब निक्की अपने लुक चेंज के लिए रूम में जाने वाली थीं। इस सारे माजरे से बेखबर निक्की परेशान होकर सेट पर यहां-वहां चाबी ढूंढने लगीं और इस तलाश में बहुत-से लोगों को भी शामिल कर लिया, लेकिन उन्हें क्या पता था कि सभी इस शरारत में शामिल हैं। फिर जब अर्जुन खुद को रोक ना सके तो पूरा सेट हंसी के ठहाके से गूंज उठा और तब निक्की की हैरानी भी जोरदार हंसी में बदल गई।

## नायरा बनर्जी ने एक्रोफोबिया के डर पर काबू पाया



खूबसूरत टेलीविजन अभिनेत्री नायरा एम बनर्जी ने अपने डर पर विजय पाने का अपना अनुभव साझा किया। 'खतरों के खिलाड़ी 13, में एक्रोफोबिया के अपने डर का सामना कैसे किया, यह बताते हुए नायरा एम बनर्जी ने कहा कि मुझे ऊंचाई से नीचे देखने पर चक्कर सा आने लगता था, 'खतरों के खिलाड़ी 13' में मैंने एक्रोफोबिया के अपने डर पर काबू पा लिया है। केप टाउन में एक विशेष स्टंट के दौरान, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पानी के डर के कारण मैं कूद नहीं सकी। मुझे हमेशा डूबने का डर रहता था, हालांकि मुझे पानी बहुत पसंद था और उसमें खेलना मुझे अच्छा लगता था। केप टाउन जाने से एक सप्ताह पहले, मैंने तैरना सीखा और अपनी तैराकी क्षमताओं के लिए मुझे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, केप टाउन के ठंडे पानी से मेरे शरीर को शॉक लगा, और मुझे शुरू में इसे सहने में कठिनाई हुई। मुझे यह समझने के लिए पानी में कुछ स्टंट करने पड़े कि पानी में अधिक नीचे रहना और अपने शरीर को सुन्न होने देना अनुकूलन की कुंजी है। पानी के प्रति अपने डर पर काबू पाने और पानी से संबंधित कुछ स्टंट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, मैं अभी भी ऊंचाई के अपने डर को संभालने के तरीके से निराश हूं।

## 'खतरों के खिलाड़ी' लाया नया खतरा - रेड फंदा

इस वीकेंड, 'खतरों के खिलाड़ी 13' में खतरों का एक बिल्कुल नया लेवल देखने को मिलेगा। यह शो 'द रेड फंदा' नामक एक एलिमेंट लेकर आया है जो एलिमिनेशन के खतरे का प्रतीक है। यह खतरा 13 डेयरडेविल्स के बीच तब तक पास किया जाएगा जब तक उनमें से एक एलिमिनेट नहीं हो जाता। इस वीकेंड एपिसोड में, डेजी इसे पाने वाली पहली प्रतियोगी बन जाएंगी। फंदा के नियमों के मुताबिक, एलिमिनेशन के खतरे से बचने के लिए, डेजी को दो प्रतियोगियों ऐश्वर्या शर्मा और अर्जित तनेजा से मुकाबला करना होगा, जिनकी तुलना में डेजी को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। प्रतियोगियों को एक झुकी हुई क्रेन पर चढ़ने और जगह—जगह पर लगे लाल झंडों को इकट्ठा करने का काम सौंपा जाएगा, जिसमें उनके संतुलन को चुनौती दी जाएगी और उन्हें चक्कर आने का सामना करना पड़ेगा। फंदा उसी को मिलेगा जो सबसे खराब प्रदर्शन करेगा।फंदा का डर और भी भयावह हो जाएगा क्योंकि अगले तीन प्रतियोगियों को थोड़े गुस्सैल शुतुरमुर्गों को शांत करने और यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा जाएगा कि पक्षी की गर्दन पर बंधी संख्या उनके पंखों के नीचे छिपी संख्या से मेल खाती हो।

## पेपरलैस हुए सारेगामापा 2023 के ऑडिशन

पर्यावरण को लेकर बढ़ती चिंताओं को देखते हुए जी टीवी ने एक जिम्मेदार ब्रॉडकास्टर होने के नाते रियलिटी टेलीविजन के इतिहास में पहली बार एक अभियान के जरिए हमारे ग्रह को हरा-भरा रखने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। यह चैनल अपने सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा के आगामी सीजन के ऑडिशन फेज में पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया अपना रहा है। जी.ए.एम.ई. की रिपोर्ट के मुताबिक, एक फुल-सर्विस सस्टेनेबिलिटी कंसलटिंग संस्था के द्वारा सारेगामापा के ताजा सीजन के ऑडिशन फेज में पेपर मुक्त प्रक्रिया अपनाने से 963.88 किलो कार्बन डाइऑक्साइड जितना कार्बन उत्सर्जन घटाने और इन शीट्स के निर्माण के लिए इस्तेमाल होने वाला 135625 लीटर पानी बचाने में मदद मिली है।जी टीवी की बिजनेस हेड अपर्णा भोसले ने कहा, आज के डिजिटल युग में, मुझे लगता है कि सारेगामापा के ऑडिशन्स के लिए पेपर फ्री होने का हमारा प्रयास, इको-फ्रेंडली और सस्टेनेबल बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# कश्मीर की वादियों में छुट्टियां मनाने पहुंचीं सारा





बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान अक्सर किसी ना किसी वजह से चर्चा का विषय बनी रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस को विक्की कौशल के साथ फिल्म 'फिल्म जरा हटके जरा बचके' सारा को घूमना बहुत पसंद है, इसलिए एक्ट्रेस को जब भी काम से समय मिलता है वो भारत की सैर करने निकल जाती हैं. इन दिनों एक्ट्रेस कशमीर पहुंची हुई हैं ऐसा हम नहीं एक्ट्रेस का हालिया पोस्ट कह रहा है. कुछ समय पहले, एक्ट्रेस ने अपनी सोनमर्ग वेकेशन से कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ में एक खूबसूरत संदेश भी लिखा.

आपको बता दें कि, सारा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी सोनमर्ग छुट्टियों की कुछ झलकियाँ साझा कीं. पहली तस्वीर में 27 साल की एक्ट्रेस को एक नदी के किनारे एक चट्टान की चोटी पर पोज देते हुए देखा जा सकता है. दूसरी और तीसरी तस्वीर में एक्ट्रेस एक बकरी को निहारती नजर आ रही हैं. और एक कप चाय का आनंद ले रहे हैं. जबकि आखिरी तस्वीर में सारा ने छोटे बच्चों के साथ पोज देते हुए फैंस का दिल जीत लिया. एक्ट्रेस को सोनमर्ग में छुट्टियों का आनंद लेते देखा जा सकता है. उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करके और कुछ काव्य पंक्तियाँ लिखकर नेचर के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया. उनकी पोस्ट को उनके फैंस और फॉलोअर्स से भी काफी प्यार मिल रहा है.

तस्वीरों में सारा कलरफुल जैकेट और ब्लैक लेगिंग्स में क्यूट लग रही थीं. इसके साथ उन्होंने स्टाइलिश सनग्लास भी पहने थे. तस्वीरों को शेयर करते हुए, केदारनाथ एक्ट्रेस ने लिखा, "जब आत्मा संतुष्ट हो और हैमस्ट्रिंग में दर्द हो...बकरी से फिर बच्चों से की दोस्ती...और फिर हमने वह चाय पी जो मुझे बहुत पसंद है." जैसे ही सारा अली खान ने अपनी सोनमर्ग छुट्टियों की तस्वीरें साझा कीं, फैंस ने इस पर तुरंत रिएक्शन देना शुरू कर दिया. एक ने लिखा, "आखिरी वाला (लाल दिल वाला इमोजी)." एक अन्य ने कमेंट किया, "देखें और आप." एक तीसरे फैन ने लिखा, "सारा के लिए लव बटन." एक अन्य कमेंट में लिखा था, "कश्मीर और सारा की एक अलग प्रेम कहानी है."

इस बीच, सारा को आखिरी बार फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' में देखा गया था. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्मेंस किया. उनके पास पाइपलाइन में कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं. एक्ट्रेस अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन डिनो' में दिखाई देने वाली हैं और उनके पास पीरियड ड्रामा फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' भी है.



# असल जिंदगी में नीरजा जैसी बेटी चाहती हैं स्नेहा वाघ

अभिनेत्री स्नेहा वाघ पुरानी यादों में खो गई और उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि वह नीरजा में बाल कलाकार मायरा वैकुल की मां की भूमिका निभा रही है, और वह चाहती है कि वास्तविक जीवन में भी मेरी बेटी नीरजा जैसी हो।



स्नेहा ने कबूल किया कि वह मायरा की तरह ही ऊजार्वान और जिज्ञासु थी। नीरजा एक नई पहचान प्रोतिमा (स्नेहा द्वारा अभिनीत) और उसकी बेटी नीरजा (मायरा द्वारा अभिनीत) के बीच मनमोहक बंधन को दशार्ता है। यह नाटक एक यौनकर्मी प्रोतिमा की यात्रा के बारे में है। जो अपनी बेटी नीरजा के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उसेकोलकाता के रेड-लाइट एरिया, सोनागाछी, जहां वे रहते हैं, की मैडम दीदुन (काम्या पंजाबी द्वारा अभिनीत) से बचाने के लिए कुछ भी करती है। अपने बचपन को याद करते हुए स्नेहा ने कहा, एक अभिनेता के रूप में, मुझे कम यात्रा वाली सड़क पर चलने और उन कहानियों का हिस्सा बनने में खुशी होती है जो संवेदनशीलता और प्रभाव डालने के इरादे से बताई जाती हैं। उन्होंने कहा, इस शो में काम करने का एक मुख्य आकर्षण मायरा द्वारा अभिनीत मेरी रील बेटी नीरजा की प्रतिभा को देखने का मौका है। मुझे मायरा के माध्यम से अपना बचपन फिर से जीने का मौका मिला। उसमें मासूम में जिज्ञासा है और नई चीजें सीखने की इच्छा है। मैंने उसके साथ शूट किए गए हर दृश्य में पुरानी यादों को महसूस किया। स्नेहा ने खुलासा किया कि उनका बचपन अविस्मरणीय रोमांचों से भरा हुआ था। उन्हों ने कहा, मैं मायरा की तरह उस पल को पूरी तरह से जीने के लिए तैयार थी। इस अनुभव ने मुझे स्कूल के दिनों की याद दिला दी और मुझे दिखाया कि कैसे मेरे बचपन के अनुभवों ने एक वयस्क के रूप में मेरे जीवन को आकार दिया है। मुझे इस लड़की पर बहुत गर्व है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह जहां भी जाएगी वहां चमकेगी। असल जिंदगी में नीरजा जैसी बेटी होना मेरे लिए बड़ी बात होगी।

# वेकेशन से लौटते हुए दिखे अनन्या-आदित्य, पैप्स के सामने किया ब्लश



पॉपुलर बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर और यंग एक्ट्रेस अनन्या पांडे हाल ही में अपने अफवाह भरे रिश्ते की खबरों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. इस युवा जोड़े के चल रहे रोमांस की पुष्टि तब हुई जब उनकी लिस्बन छुट्टियों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए. अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर की लिस्बन वेकेशन की फोटोज ऑनलाइन लीक होने के बाद यह पता चला कि यह जोड़ी एक-दूसरे को लेकर सीरीयस है. हालाँकि, बुधवार की रात, पॉपुलर स्टार्स को मुंबई हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया, जब वे अपनी सफर से लौटे.

आपको बता दें कि, बॉलीवुड के नए जोड़े को गुरुवार तड़के मुंबई हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया, जब वे अपनी लिस्बन छुट्टियों से लौटे थे. जो तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, उनमें आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे को छुट्टियों के बाद मुंबई में एक साथ उतरने के बाद अलग-अलग हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया. जब आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए तो शरमाना बंद नहीं कर सके. यह जोड़ा अपने शरमाते चेहरों को छुपाने में असमर्थ था, क्योंकि उन्हें हवाई अड्डे पर पैपराजी ने देखा. दोनों स्टार्स के लुक के बारे में बात करें तो, अभिनेता कैजुअल आउटफिट में हैंडसम लग रहे थे. आदित्य रॉय कपूर ने अपने नए एयरपोर्ट लुक के लिए काली टी-शर्ट चुनी, जिसे उन्होंने मैचिंग काली पैंट के साथ पेयर किया. उन्होंने अपने लुक को डार्क ब्राउन कलर की जैकेट, मैचिंग टोपी और काले और सफेद स्नीकर्स की एक जोड़ी के साथ पूरा किया. दूसरी ओर, अनन्या पांडे ने एक ग्रे टी-शर्ट और मैचिंग स्लिम-फिट जीन्स की एक जोड़ी चुनी. एक्ट्रेस ने नो-मेकअप लुक और मेसी बन के साथ अपना लुक पूरा किया.

**अनन्या और आदित्य के आने वाले प्रोजेक्ट्स**

आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार नाइट मैनेजर सीजन 2 में देखा गया था, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी. पॉपुलर एक्टर अगली बार अनुराग बसु की आने वाली एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में दिखाई देंगे, जिसकी मेकिंग अभी चल रही है. दूसरी ओर, एक्ट्रेस अगली बार आयुष्मान खुराना स्टारर फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में दिखाई देंगी.

# 'पंचकृति-फाइव एलिमेंट्स' फिल्म का ट्रेलर हुआ रिलीज




बुंदेलखंड के चंदेरी शहर की पांच कहानियों पर आधारित 'पंचकृति-फाइव एलिमेंट्स' का ट्रेलर आज लॉन्च हुआ है। ट्रेलर देखकर दर्शकों के मन में यह विश्वास जरूर पैदा होता है कि फिल्म निमार्ताओं ने ग्रामीण भारत को उसके सच्चे स्वरूप में दर्शार्या है।

फिल्म की खासियत यह भी है कि यह किसी सेट पर नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के विभिन्न हिस्सों में फिल्मायी गयी है। फि ल्म में बृजेंदर काला, उमेश बाजपेई, सागर वाही, पुरवा पराग, मानी सोनी और रवि चौहान प्रमुख भूमिकाओं में नजर आयंगे।

असल लोकेशन की फि ल्मिंग करने के महत्व को समझाते हुए निर्देशक संजोय भार्गव कहते हैं, "सेट पर बनी फिल्में कभी सच्ची नहीं लगतीं। आप जितनी भी कोशिश कर लें, पर एक असल जगह को आप सेट पर रीक्रिएट नहीं कर सकते। जब दर्शक किसी शहर या गांव को एक फिल्म में देखें, तो उन्हें लगना चाहिए कि वे खुद वहां पहुंच गए हैं। उस जगह की खुशबू लोगों तक पहुंचनी चाहिए। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि गांव शहरों से कहीं ज्यादा खूबसूरत होते हैं। गांव में शहरों की तरह भीड़ और प्रदूषण नहीं होता, जो सुकून ग्रामीण भारत में मिलता है वह और कहीं नहीं मिलता।"

चंदेरी एक छोटा सा शहर है, जो हमेशा से अपने ऐताहासिक स्तम्भों के लिए जाना गया है। भव्य जैन मंदिरों के अलावा चंदेरी अपनी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। चंदेरी चारों तरफ से खूबसूरत पहाड़ों से घिरा हुआ है और यह सारी चीजें इस शहर के खूबसूरती में इजाफा लाती हैं। फिल्म में दशार्यी गयी पांचो कहानियां चंदेरी कस्बे में फिल्मायी गयी हैं।

निर्देशक संजोय भार्गव आगे कहते हैं, "फिल्म की पांच अलग-अलग कहानियां से दर्शक चंदेरी के विभिन्न रूपों से रूबरू हो पाएंगे। इस छोटे से शहर में बहुत सारी अनोखी चीजें हैं। जो एक बार चंदेरी आता है वह कभी इसे भूल नहीं पाता। हमारी फिल्म ग्रामीण भारत के अलग-अलग पहलुओं को उजागर करती है। शहर और जिले के प्रशासन ने हमारी बहुत सहायता की और इसके लिए हम उनके आभारी हैं। शूटिंग के दौरान हमें किसी भी तरह की परेशानी या अड़चन का सामना नहीं करना पड़ा।"

## हिप-हॉप से सोलफुल ब्लिस तक-क्यूके ने 'ले जा' पेश किया




"क्यूके" के नाम से मशहूर बहुमुखी प्रतिभा की धनी और खास कलाकार आर्या जाधव सोनी म्यूजिक के सहयोग से अपने नए ट्रैक "ले जा" के साथ धूम मचाने के लिए एक बार फिर से तैयार है। सुंदर लय और भावनाओं से भरे ये गीत दर्शकों का मन जरूर जीत लेंगे। 'ले जा' से वह लोग खास तौर पर जुड़ेंगे जिन्होंने एक नाखुश रिश्ते का दर्द सहा है और इस से उबर कर आगे बढ़ने की ताकत पाई है। प्रतिभाशाली कलाकार "क्यूके", जो एमटीवी हसल 2.0 में अपनी मजबूत उपस्थिति के लिए पहचानी जाती हैं, ने दिल को छू लेने वाली यूफोनी 'ले जा' को बहुत ही खूबसूरती से तैयार किया है, जो आपका दिल पिघला देगी। चट्टान तक को हिला दे ऐसी दमदार आवाज और संगीत की विभिन्न शैलियों में माहिर क्यूके ने इस ताजा ध्वनि को बनाने के लिए अपनी पूरी कला को इसमें झोंक दिया है ताकि यह आज के सभी संगीत श्रोताओं के दिलों तक आसानी से पहुंच सके। 'ले जा' एक दुखद रिश्ते के बाद महसूस की गई आजादी और आगे बढ़ने के सार को बड़ी खूबसूरती से बयां करता है। रिलीज पर टिप्पणी करते हुए, गायक और संगीतकार, क्यूके ने कहा, 'ले जा' के साथ मैंने अपने स्टाइल को उत्साहित पॉप से नाजुक धुन में बदलने की कोशिश की है। यह गाना मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह दिल के दर्द के बाद आगे बढ़ने के दौरान महसूस होने वाली भारी-भरकम भावनाओं को दिखाता है। यह इसे और भी खास बनाता है क्योंकि यह प्रतिभाशाली निमार्ता यशराज मुहाटे के साथ मेरा पहला सहयोग होगा जिन्होंने "ले जा" में अपना अनूठा रूप जोड़ा है। उनके साथ काम करना मेरे लिए एक आनंददायक अनुभव था और मैं उम्मीद करती हूं कि भविष्य में भी मैं उनके साथ मिलकर बेहतरीन संगीत लोगों तक पहुंचाती रहूंगी।"

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।